# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 10 जून 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 24 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1624 : हालैंड और फ्रांस के बीच स्पेन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किये गये।

1931 : नार्वे ने पूर्वी ग्रीनलैंड पर कब्जा किया।

1940 : कनाडा ने इटली के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।

1944 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने यूनान के 218 लोगों की हत्या कर दी।

1994 : चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किया।

1983 : ब्रिटेन में मार्गरेट थैचर पुनः प्रधानमंत्री बनीं।

2003 : नासा का मंगलयान रोवर लॉन्च किया गया।

## झारखंड सरकार की स्पेन के साथ हाई लेवल मीटिंग में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/ नई दिल्ली।** झारखंड सरकार के साथ स्पेन की एक अहम बैठक हुई है। इसमें व्यापार, निवेश, नवोन्मेष और संस्थागत क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सोमवार को देश की राजधानी नयी दिल्ली में हुई हाई लेवल मीटिंग में स्पेन के दूतावास के अधिकारियों के साथ झारखंड सरकार के अधिकारियों की बातचीत हुई। नयी दिल्ली के झारखंड भवन में आयोजित इस बैठक में झारखंड सरकार की अगुवाई उद्योग सचिव अरवा राज कमल ने की। वहीं, स्पेन की ओर से बैठक में मुख्य रूप से स्पेन के दूतावास के प्रमुख आर्थिक और वाणिज्यिक काउंसर मिस लूसिया पैटरनिना शामिल हुईं। हाल ही में



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्पेन यात्रा के बाद हुई इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन की स्पेन यात्रा के दौरान वहां की सरकार ने रणनीतिक परिणामों को ढांचागत साझेदारी में बदलने पर बल दिया था। इसलिए इस बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, आधारभूत संरचना, खनन प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे अहम विषयों पर गहन चर्चा हुई। झारखंड सरकार ने स्पेन के साथ एक औपचारिक समझौता का प्रस्ताव दिया। इसमें स्पेन-झारखंड को-ऑर्डिनेशन सेल की स्थापना और दीर्घकालीन सहयोग की बात कही गयी है। इस बैठक में आगामी दिनों में होने वाले शिखर सम्मेलनों और सम्मेलनों में स्पेन के साथ मिलकर को-ब्रांडिंग के अवसर तलाशने पर विशेष जोर दिया गया। झारखंड सरकार की ओर से यह भी प्रस्ताव दिया गया है कि स्पेन के व्यावसायिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि झारखंड की राजधानी रांची का दौरा करें। दोनों पक्षों ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी संस्थानों के कैपासिटी बिल्डिंग, स्किल डेवलपमेंट और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शुरू करने की बात कही। अधिकारियों ने बताया है कि बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि जल्द ही स्पेन और झारखंड सरकार मिलकर फास्ट ट्रैक इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क बनायेंगे, जिससे निवेश, नवोन्मेष में एक-दूसरे को सहयोग करेंगे। साथ ही स्पेन और झारखंड के लोगों को एक-दूसरे को जानने का मौका मिलेगा।

**बिहार के मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में गंगा नदी पर चल रहे कार्यों का लिया जायजा**

## बरसात से पहले पूरे हों सभी काम : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर प्रखंड के लखनपुरा में गंगा नदी की पुरानी धारा को घनसुरपुर घाट से देदौर घाट तक पुनर्जीवित करने हेतु चल रहे कार्यों का जायजा लिया। जायजा के क्रम में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस काम में तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण कराएं ताकि बरसात से पहले यह काम पूरा हो जाए। सीढ़ी घाट एवं इसके आसपास चल रहे विकास कार्यों के पूर्ण हो जाने से यहां आने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। ज्ञातव्य है कि इस योजना के अंतर्गत पटना जिला के बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम



घनसुरपुर से देदौर तक कुल 4,420 मीटर की लंबाई में गाद सफाई कर गंगा नदी की पुरानी एवं मृतप्राय धार को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 3427.80 लाख रुपये है। इसके अन्तर्गत वासित क्षेत्र यथा घनसुरपुर, करौटा एवं हटिया ग्राम के निकट चैनल में संभावित क्षरण को रोकने के लिए कुल 1520 मीटर की लंबाई में जीयो बैग स्लोप पिचिंग के द्वारा सुरक्षात्मक कार्य कराया जा रहा है। चैनल में जलप्रवाह बनाये रखने हेतु अगले तीन वर्षों तक चैनल का रखरखाव भी इस योजना में प्रावधानित है। इस योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सीढ़ी घाट मंदिर एवं जेएमटी स्कूल के निकट संपर्क पथ हेतु भू-अर्जन भी किया।

## रिश्वत लेती लालगंज बीडीओ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली जिला में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। लालगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी को टीम ने 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बीडीओ नीलम कुमारी ने आवास योजना के नाम पर रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में की थी। इसी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई हुई। इधर, बीडीओ की गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। निगरानी की टीम नीलम कुमारी को लेकर पटना रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि बीडीओ नीलम कुमारी ने आवास योजना का लाभ देने के एवज में रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने रकम देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी में की। निगरानी की टीम ने पहले शिकायत की जांच करवाई।



मामला सही पाया गया। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। सोमवार को निगरानी विभाग की अलग-अलग टीम लालगंज प्रखंड में पहुंची। इसके बाद बीडीओ नीलम कुमारी के आवास और कार्यालय में जाल बिछाया। इसके बाद जैसे ही पीड़ित ने रिश्वत के नाम पर 20 हजार की रकम आरोपी बीडीओ ने अपने ड्राइवर के जरिए लिया, वैसे ही निगरानी के अधिकारियों ने उसे और उसके ड्राइवर दबोच लिया।

## भगवान बिरसा मुंडा को झारखंड सदैव करेगा नमन : हेमंत सोरेन

**धरती आबा की 125वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ने दी श्रद्धांजली**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने समाधि स्थल पर स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी बिरसा मुंडा समाधि स्थल में धरती आबा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी भगवान बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। इसके साथ ही कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी जननायक बिरसा मुंडा की स्मृति में श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद सीएम ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी हम भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित



करने उनके समाधि स्थल पर एकत्र हुए हैं। आज उनकी 125वीं पुण्यतिथि है, जो झारखंड के जनमानस के लिए बहुत मायने रखता है। दुख केवल इस बात का है कि भगवान बिरसा मुंडा हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन इस बात का गर्व है कि उन्होंने झारखंड के जल, जंगल और जमीन के लिए बलिदान दिया है। झारखंड सदैव ऐसे वीरों को नमन करेगा। राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को राज भवन और बिरसा चौक में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को करते हुए उन्हें नमन किया। राज्यपाल



संतोष गंगवार ने कहा कि, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व झारखंड की माटी के वीर सपूत, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। उनका त्याग, साहस और समाज के लिए संघर्ष भावी पीढ़ियों के लिए सदैव पथप्रदर्शक है। बता दें कि वर्ष 1900 में 9 जून के दिन रांची जेल में भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी अंतिम सांस ली थी। बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जननायक थे। इन्होंने देश की आजादी के लिए शहादत दी थी। भगवान बिरसा मुंडा अपने अदम्य शौर्य और साहस के लिए प्रसिद्ध हैं। महज 25 साल की उम्र में बिरसा ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे।

## कार्य प्रगति में सुधार लाएं अधिकारी : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू उपायुक्त समीरा एस0 की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्षमता से समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि काम हो जायेगा, इन कारणों से प्रगति नहीं हुई,





कुछ दिन पहले ही प्रभार लिया हूँ, कार्य में प्रगति लाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार करें और कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने में पारदर्शिता बरतने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने में शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। आवेदकों से प्राप्त आवेदनों की अस्वीकृत के कारणों का उन्हें स्पष्ट जानकारी देना सुनिश्चित करें।

## सड़क दुर्घटना में दादी- पोते की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी प्रखंड में ट्रैक्टर की चपेट में आने से दादी और पोते की मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह तिसरी थाना इलाके के गुमगी की है। मृतकों में कौशल्या देवी और दो वर्षीय पोता शामिल है। सोमवार की सुबह कौशल्या अपने पोते रियांश का इलाज करवाने गई थी। इलाज करवाने के बाद वह वापस लौट रही थी। तभी वापसी के दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने पहले बिजली के पोल में टक्कर मारी और फिर दादी- पोते को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगों ने शव को उठाने नहीं दिया। आक्रोशित लोगों ने गावां- तिसरी सड़क को जाम कर दिया। लोग मुआवजा के अलावा तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। वहीं पदाधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को



समझाने का प्रयास किया। लोगों का कहना था कि जिस वाहन से दुर्घटना हुई है उसका चालक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर जब बेकाबू हो गया तो पहले खम्भे से टकराया फिर दादी और पोते को अपनी चपेट में ले लिया। लोग मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना था कि ट्रैक्टर चालकों के लाइसेंस की भी जांच होनी चाहिए। तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला अपने पोते के साथ गांव में ही जा रही थी। इस बीच रास्ते में ट्रैक्टर ने दोनों को चपेट में ले लिया जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना दुःखद है और इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से दंपति की मौत

**मसौढ़ी(नबिटा संवाददाता)।** पटना-गया फोरलेन पर पुनपुन थाना क्षेत्र के बसुहार गांव के समीप रविवार की देर रात बेलगाम ट्रक ने बाइक पर सवार दंपति को ठोकर मार दी। दोनों की पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक जहानाबाद के रामदेव चक के रहने वाले बताए जाते हैं। इस संदर्भ में केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सूर्य बलवीर भास्कर एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी महुली गांव से अपने घर जहानाबाद बाइक पर सवार होकर जा रहे थे तभी बसुहार गांव के समीप बेलगाम ट्रक ने ठोकर मार दी जिससे वे गंभीर रूप में जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को खबर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के जोकीहाट प्रखंड के डूमरा कुंड-बेरगाछी मार्ग में चैनपुर पश्चिम जामा मस्जिद के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि इस हादसे में तीन अन्य घायल हो गये। बताया गया कि मक्का सुखाने से सिंगल रोड होने और बाइक के फिसलने से यह हादसा हुआ। मृतकों में अकबर चिरह व मो राजू शामिल है। युवक अकबर अपने घर चिरह से तीन लोगों के साथ बाइक से चिलहनिया अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह घटना घटित हुई।

## पर्यटकों को अपनी तरफ लुभाएगा गिरिडीह का बायोडायवर्सिटी पार्क

**वर्ष 2026 की शुरुआत में आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा पार्क | चिड़ियाघर के लिए शुरू कर दिया गया है प्रयास : पर्यटन मंत्री**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** पहाड़ों और जंगलों से घिरा गिरिडीह वैसे तो काफी सुंदर है। अब इस सुंदरता को और भी निखारने का काम किया जा रहा है। यहां प्रकृति की नेमतों को निखारते हुए लोगों के लिए काफी सुंदर और आकर्षक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण वन विभाग के द्वारा गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड के कठवारा में किया जा रहा है। अभी चंद महीने पहले ही पार्क का काम शुरू हुआ है, लेकिन काम काफी रफ्तार से चल रहा है। कई तरह का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है और उम्मीद है 2026 की शुरुआत में यह पार्क आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

### 90 हेक्टेयर में फैला रहेगा पार्क

बराकर नदी के किनारे बन रहा यह पार्क 90 हेक्टेयर में फैला है। यह पार्क जैव विविधता से परिपूर्ण रहेगा। ऐसे में इस पर काम भी इसी बिंदु को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। मंत्री सुदिव्य कुमार स्वयं पार्क के कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं। जबकि डीएफओ मनीष तिवारी के नेतृत्व में रेंजर एसके रवि और उनकी टीम लगातार काम कर रही है।

### कैसे पहुंचें पार्क

यह पार्क गिरिडीह शहर से लगभग 14 किमी दूरी पर गिरिडीह- रांची भाया डुमरी सड़क के किनारे है। यहां से मधुबन की दूरी लगभग 12 किमी है। जबकि नेशनल हाइवे (जीटी रोड) की दूरी लगभग 28 किमी तो पारसनाथ स्टेशन की दूरी 31 किमी है। यहां पहुंचने का सबसे उत्तम साधन चारपहिया वाहन है। लोग यदि पारसनाथ स्टेशन आते हैं तो वहां किराया पर वाहन मिल सकता है। जबकि शहर से आने के लिए टोटो-ऑटो की उपलब्धता है।



बायोडायवर्सिटी पार्क का जायजा लेते मंत्री सुदिव्य कुमार

### हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल में काम परवान पर

इस संबंध में गिरिडीह विधायक सह पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार बताते हैं कि इस जैव विविधता पार्क की परिकल्पना हेमंत सोरेन सरकार के पिछले कार्यकाल में ही की गई थी। हेमंत सोरेन का जब दूसरा कार्यकाल शुरू हुआ तो इसका कार्य आरंभ हुआ। वन विभाग की टीम ने इस मामले में डिटेल काम किया है। पार्क में जैव विविधता की तमाम चीजें रहेगी। पूरे झारखंड में यह पार्क अपनी विशेषता के लिए जाना जाएगा।

### बच्चों को मिलेगी शिक्षा

मंत्री बताते हैं कि जैव विविधता पार्क बनाने की परिकल्पना सिर्फ लोगों को सुकून के पल बिताने के लिए ही नहीं की गई है, बल्कि इसके पीछे की सोच बड़ी है। हम चाहते हैं कि हमारी आनी वाली पीढ़ियों को यह पता रहे कि झारखंड कैसे जंगलों के लिए जाना जाता है। बच्चों को यह पता रहना चाहिए की सखुआ किसे कहते हैं, महुआ किसे कहते हैं। इनका क्या काम है। इसके फल का फूल का उपयोग कैसे हो सकता है। बच्चे जब यह सब जानेंगे तो उनके अंदर भी वन को संरक्षण की भावना जागृत होगी।

### चिड़ियाघर के लिए शुरू कर दिया गया है प्रयास

मंत्री सुदिव्य कुमार बताते हैं कि जैव विविधता से भरा यह पार्क कुछ महीने में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। हालांकि इसके विकास का काम चलता रहेगा। इसके बाद हमारी आगामी परियोजना चिड़ियाघर (जू) है। गिरिडीह-डुमरी पथ के एक तरफ जहां बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है, वहीं इसके ठीक सामने चिड़ियाघर बनाया जाना है। इसे वार्षिक योजना में डाला भी गया है। चूंकि इसमें केंद्र सरकार की अनुमति चाहिए तो इसका प्रयास चल रहा है। यह जू बन जाएगा तो यह क्षेत्र रांची की ओरमांझी की तरफ विकसित कर जाएगा और रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे।

### चल रहा है युद्ध स्तर पर काम : डीएफओ

डीएफओ मनीष तिवारी बताते हैं कि इस पार्क का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। पूरा प्रयास है कि लोगों को यह सौगात जल्द से जल्द मिल सके।

# 20 को पीएम करेंगे भागलपुर एसटीपी का उद्घाटन



**भागलपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 जून को सीवान आने की संभावना है। इस दौरे पर कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। इस दौरे में 14 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का शिलान्यास और आठ के उद्घाटन की योजना है। इसमें भागलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी शामिल है। अभी एसटीपी से भागलपुर के कुल 43 छोटे-बड़े नालों को कनेक्ट भी नहीं किया जा सका है। हालांकि बिजली कनेक्शन की बाधा दूर हो गयी है। वरीय पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बिजली कनेक्शन का कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक बुडको ने एसटीपी का ड्राइ रन ही पूरा किया है, जबकि बिजली कनेक्शन के चक्कर में एसटीपी का ट्रायल अभी बाकी है।


बुडको (बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड) के कार्यपालक अभियंता अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि बिजली कनेक्शन मिलने के बाद निर्मित हिस्सों का ट्रायल शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। जिसके बाद एसटीपी का उद्घाटन हो सकेगा। नालों को एसटीपी से कनेक्ट करने का कार्य भी तेज कर दिया गया है। भागलपुर में 45 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता वाला यह अत्याधुनिक एसटीपी 385 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है।

इसका निर्माण कार्य दिसंबर 2021 में शुरू हुआ था। बुडको ने उम्मीद जताई है कि जून 2025 तक एसटीपी में सभी निर्माण कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। जिसके बाद प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि, परियोजना को लेकर पहले कई बार समय-सीमाएं निर्धारित की गई थीं। जैसे मार्च 2025 और फिर अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह तक इसे चालू करने की बात कही गई थी। लेकिन विभिन्न तकनीकी कारणों और अन्य बाधाओं के चलते परियोजना में लगातार विलंब होता रहा। परियोजना अपने मूल अनुमानित समय से काफी पीछे चल रही है। एसटीपी का मुख्य उद्देश्य भागलपुर शहर में बहने वाले छोटे-बड़े 43 नालों को, जो वर्तमान में बिना किसी उपचार के सीधे गंगा नदी में प्रवाहित हो रहे हैं, को एसटीपी से जोड़ना है। बुडको इन नालों को एसटीपी तक पहुंचाने के लिए एक विस्तृत नेटवर्क भी तैयार कर रहा है। बुडको के कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि दिसंबर 2025 तक भागलपुर एसटीपी अपनी पूरी क्षमता (45 एमएलडी) के साथ काम करना शुरू कर देगा। 43 नालों को प्लांट से जोड़ने की है योजना योजना के अनुसार शहर के नालों का पानी पहुंचाने के लिए 43 नाले का निर्माण किया जाना है। 13.7 किमी राइजिंग मेन पाइप बिछाया जाना है, जबकि 10.1 किमी ट्रंक सीवर लाइन का कार्य होना है। 6.3 किमी के नाले से शहर के 100 से ज्यादा छोटे- बड़े नालों को जोड़ा जाना है। इन सभी को 10 पंपिंग स्टेशन के माध्यम से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेगूसराय के दियारा से 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

■ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत 9 संगीन मामले थाने में दर्ज; 2020 से फरार चल रहा था



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के बलिया में गुप्त सूचना के आधार पर बिहार पुलिस और एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। हत्या मामले में 5 साल से फरार चल रहे टॉप-10 में शामिल 25 हजार के इनामी अपराधी जीवेश कुंवर को दियारा इलाके से गिरफ्तार किया है। एसपी मनीष ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी दियारा स्थित अपने डेरा पर पहुंचा हुआ है। इनपुट के आधार पर बलिया डीएसपी नेहा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम, जिला आसूचना इकाई, एसटीएफ, एसओजी-3और चीता बल ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध मौके से पकड़ा। पूछताछ में अपना नाम जीवेश कुंवर बताया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन वो बार-बार चकमा देकर फरार हो जाता था। अपराधी में हत्या, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट समेत 9 संगीन अपराध के मामले दर्ज है। जिसमें से हत्या समेत 2 मामलों में 2020 से फरार चल रहा था। 6 अगस्त 2020 की देर रात अपने गांव में सच्चिदानंद मिश्र और उसके बेटे को गोलियों से भून दिया था। सच्चिदानंद की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में दूसरे को फंसाने के लिए एक मजदूर की भी हत्या कर दी थी।

### कपरपूरा आरओबी पर शटरिंग का काम पूरा, बांधी जा रही छड़

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 77 के बाईपास में बन रहे कपरपूरा रेल ओवरब्रिज (आरओबी) की ढलाई के पहले रविवार से लोहे की छड़ बांधने का काम शुरू किया गया। इसके पहले निर्माण कंपनी पटना हाईवे प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लोगों ने शुक्रवार को शटरिंग का काम पूरा करा लिया। निर्माण कंपनी के मुख्य परियोजना प्रबंधक दीपक तिवारी ने बताया कि रेलवे से जैसे-जैसे ब्लॉक मिलता जा रहा है, कार्य को तेज गति से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यही कारण है कि महज दस दिनों में शटरिंग का काम पूरा कर रेनफोर्समेंट (छड़ बांधने) का काम भी एक चौथाई पूरा कराया जा चुका है। इसे 15 जून तक पूरा करा लेने का लक्ष्य है। इसके दो या तीन दिन बाद सड़क की ढलाई का काम शुरू किया जाएगा। इसे भी हर हाल में 20 जून के पहले पूरा करा लेने के लिए अधिक मानव संसाधन लगाकर काम कराया जा रहा है। बताया कि हर हाल में आरओबी के निर्माण काम 15 जुलाई तक पूरा कर सड़क को अगस्त के पहले सप्ताह में यातायात के लिए खोलने की तैयारी है। बताया कि दिन व रात दोनों पालियों में काम कराया जा रहा है। जाम से मिलेगी मुक्ति, बचेगा समयः इस आरओबी का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही लोगों की चिरप्रतिक्षित मांग जल्द पूरा होने की संभावना जग गई है। इसके बन जाने से उत्तर बिहार के कई जिलों से राजधानी पटना आना जाना आसान हो जाएगा। पटना जाने वालों को चांदनी चौक से मधौल तक लगनेवाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही पटना जाने के समय में कम से कम एक घंटे की कमी आएगी।

### औरंगाबाद में पड़ोसियों ने बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा

■ जादू-टोना का आरोप लगाकर हाथ तोड़ दिया, बाजार जाते समय घेरकर मारा



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में जादू-टोना का आरोप लगाकर पड़ोसियों ने बुजुर्ग की बेरहमी से पिटाई कर दी। परिजनों ने गंभीर हालत में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की पहचान जनेश्वर पासी(70) के तौर पर हुई है। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के पिपरा बगही गांव की है। पीड़ित ने बताया, रविवार को घर से बाजार जाने के लिए निकला था। थोड़ी दूर आगे बढ़ने पर पड़ोसी शौकीन मिल गया। हॉकी स्टिक से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मारकर मेरा हाथ तोड़ दिया। ग्रामीणों ने मेरी जान बचाई। मारपीट में शौकीन के साथ उसका दादा नरेश, अरविंद और चाची भी शामिल थी। नरेश के घर में कोई भी बीमार पड़ता है तो मुझ पर जादू टोना करने का आरोप लगाते हैं। जादू टोना के डर से ही शौकीन कुछ दिनों से घर से बाहर रह रहा था।



## बिहार के पहले डबल डेकर पुल पर 11 जून से दौड़ेंगी गाड़ियां

### पटना के लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के अशोक राजपथ पर बने डबल डेकर पुल पर 11 जून से गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। बिहार का यह पहला डबल डेकर पुल है। पटना के अत्यधिक व्यस्त अशोक राजपथ पर यातायात को सुगम बनाने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कारगिल चौक से साइंस कॉलेज तक डबल-डेकर पुल का निर्माण किया गया है। डबल डेकर पुल की लंबाई 2.2 किमी और कैरिजवे की चौड़ाई 8.5 मीटर है। इसका पहला तल 1.5 किमी लंबा है, जो पटना कॉलेज से बीएन कॉलेज तक फैला होगा, जबकि दूसरा तल 2.2 किमी लंबा है, जो कारगिल चौक से साइंस कॉलेज तक है। फ्लाईओवर का ऊपरी तल गांधी मैदान से साइंस कॉलेज के तरफ जाने और नीचे का तल पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ आने के लिए बनाया गया है। 422 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया गया है। पुल के पहले तल पर दो और दूसरे पर तीन संपर्क पथ का निर्माण होना है। साइंस कॉलेज के पास मेट्रो की ओर से विवि स्टेशन के लिफ्ट पीट का निर्माण किया जा रहा है।

**यातायात का कम होगा दबाव :** पुल के चालू होने से अशोक राजपथ, पीएमसीएच, पटना विश्वविद्यालय और साइंस कॉलेज के क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा, जिससे छात्रों, मरीजों, व्यवसायियों और आम नागरिकों को सुविधा होगी। पटना के अलावा छपरा में भी डबल डेकर पुल का निर्माण किया जा रहा है।



## आरा में मां-बेटी समेत 4 लोगों की बेरहमी से पिटाई, पड़ोसियों ने बचाई जान


**भोजपुर, एजेंसी।** आरा में पैसों के विवाद में एक युवक ने मां-बेटे समेत परिवार के चार लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी। लाठी-डंडे से जमकर पीटा। पड़ोसियों ने मामले को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना नगर थाना के मनसा पांडेय बाग की है। घायलों की पहचान मां सोना देवी(70), बेटी सुमित्रा देवी(45), नाती अर्जुन कुमार(23) और ब्रजेश कुमार(18) के तौर पर हुई है। घायल अर्जुन ने बताया कि रविवार देर शाम मेरा छोटा भाई घर के बाहर खड़ा था। तभी नशे की हालत में एक लड़का आया। मेरे भाई से कहा कि 20 हजार रुपए दो। हम दोनों मिलकर शराब बेचेंगे। इस पर भाई ने कहा कि मेरे पास इतना पैसा नहीं है।

मना करने पर वो भड़क गया। गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर भाई को पीटने लगा। बीच-बचाव करने पहुंची मेरी मां और नानी को भी बेहरमी से मारा। मां के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मेरा भी सिर फट गया। पड़ोसियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि महिला को सिर में चोट है। सभी को प्राथमिक उचार दिया गया है। पीड़ित परिवार ने मारपीट की लिखित शिकायत स्थानीय थाने में दी है।

### भोजपुर में हथियार के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार, तीसरा फरार

**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ बाइक सवार 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक देसी पिस्टल, 2 मैगजीन और 2 मोबाइल बरामद हुआ है। गिरफ्तारी आरा-बक्सर हाइवे पर स्थित ज्ञानस्थली स्कूल मोड़ के पास से हुई है। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। रविवार शाम को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर थानाध्यक्ष रजनीकांत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने घेराबंदी कर दो अपराधियों लल्लू यादव और शुभम को पकड़ लिया। तीसरा साथी मौके से भागने में कामयाब रहा। जिसकी तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपी के बारे में जानकारी मिली है। इन लोगों का मुख्य काम छिनतई है। तीनों को क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है।

## पटना में कोरोना के 8 नए मरीज मिले, कुल संक्रमितों की संख्या 50 के पार



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में कोरोना के आठ नए मरीज रविवार को मिले हैं। अब कुल संक्रमितों की संख्या 60 हो गई है। इनमें सक्रिय संक्रमितों की संख्या 39 है, जबकि 21 लोग कोरोना से पूरी तरह से ठीक हो गए हैं।सिविल सर्जन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पांच लोग निजी अस्पताल और लैब में जांच कराने के बाद संक्रमित पाए गए हैं। वहीं दो मरीजों की जांच एम्स पटना में और एक की एनएमसीएच में हुई थी। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में परेशानी के लक्षण के बाद पीड़ितों ने कोरोना की जांच कराई थी। नए पीड़ित नेऊरा, दानापुर, दीघा, राजीवनगर, कुम्हरार और कंकड़बाग के हैं। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश ने बताया कि किसी की मौत कोरोना से नहीं हुई है। अबतक मिले कोरोना पीड़ितों में आधे से ज्यादा निजी लैबों में हुई जांच में ही सामने आए हैं। एम्स, एनएमसीएच की जांच में 21-22 लोग ही सक्रमित पाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,133 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण से केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। चिकित्सकों के मुताबिक, अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण दिख रहे हैं, जो घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो रहे हैं। इस साल जनवरी के बाद से देश में कोविड-19 से 65 लोगों की मौत होने की सूचना है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आया नया उत्साह : देविका

**गया, एजेंसी।** लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के गया आगमन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया हैं। खास कर महिला जनसंवाद के बाद महिला कांग्रेस कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। उक्त बातें पूर्व महासचिव डॉ. देविका सरयार मिश्र ने कहीं। उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. गगन मिश्र भी रहे। उन्होंने कहा कि गया आगमन के दौरान वे राहुल गांधी से मुलाकात की। महिला जन संवाद में शामिल भी हुयी और उन्हें सुनने का मौका मिला। उनके साथ संवाद के बाद महिलाएं बहुत उत्साहित दिखीं और उनके अंदर आत्मविश्वास का संचार हुआ। महिला कार्यकर्ताओं को पूरा विश्वास है कि इस बार आधी आबादी को गया जिला में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## राजगीर से 2 विदेशी पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू: रास्ता भटककर जंगली इलाके में पहुंच गए थे

### हेल्प मी की आवाज सुनकर पुलिस टीम पहुंची

**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ के जंगली इलाके में फंसे दो विदेशी पर्यटकों का प्रशासन ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। दोनों बौद्ध पर्यटक हैं। जो बौद्ध सर्किट स्थलों के भ्रमण पर निकले थे। लौटते समय रास्ता भटककर जंगली इलाके में चले गए।



### जंगल से हेल्प मी की आवाज आ रही थी

डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रविवार शाम 8 बजे के करीब थाना प्रभारी को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि जंगली क्षेत्र में 2 पर्यटक फंस गए हैं। हेल्प मी की आवाज आ रही है। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम का गठन किया गया। मौके पर पहुंचकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### राजगीर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं

रेस्क्यू किए गए विदेशी पर्यटकों की पहचान आइरिस के जेम्स पिगोट एवं बेन्जुएला निवासी राफेल रायन के रूप में की गई है।रेस्क्यू टीम में राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह, थानाध्यक्ष रमन कुमार, दरोगा धर्मेश गुप्ता, प्रवीण प्रताप सिंह और बीएसएपी के जवान शामिल थे। विदेशी पर्यटकों की पहचान आइरिस के जेम्स पिगोट और वेनेजुएला निवासी राफेल रायन के तौर पर हुई है। अंधेरे में पहाड़ी क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था। जिसे पुलिस टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। राजगीर एक प्रमुख बौद्ध तीर्थस्थल और पर्यटन केंद्र है। जहां देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं।

## अपराधियों में कानून का डर नहीं है दिनदहाड़े हत्या हो रही : अरुण यादव



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता अरुण यादव ने बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी फादर ऑफ क्राइम बन चुकी है। बिहार में अपराधियों का बोलबाला है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

अपराधियों में प्रशासन का खौफ खत्म हो चुका है। दिनदहाड़े हत्या हो रही है, सरकार के लोग चुप हैं। अपराध पर सत्तापक्ष से जुड़े नेताओं के मुंह में दही क्यों जम जाती है। आरजेडी प्रवक्ता ने कहा, बिहार में 17 और केंद्र में 11 वर्षों से एनडीए की सरकार है। फिर भी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, गरीबी और पलायन चरम पर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक नीतीश-भाजपा शासनकाल में राज्य में अब तक 65 हजार से ज्यादा हत्याएं, 30 हजार से अधिक बलात्कार, 1 लाख से अधिक अपहरण और तीन लाख से ज्यादा चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। बीजेपी को बताना चाहिए कि यह कौन सा सुशासन है। जिसमें अपराधी बेलगाम और आम जनता असुरक्षित है।

### नीति आयोग की रिपोर्ट का भी किया जिक्र

अरुण यादव ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट ने नीतीश-भाजपा सरकार की असलियत उजागर कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास के मामले में बिहार देश में सबसे पीछे है। प्रति व्यक्ति आय और निवेश के मामले में भी बिहार फिसड्डी राज्य बना हुआ है। एनडीए के नेता सच्चाई से डरते हैं। जनता को गुमराह करने के लिए बयानबाजी करते रहते हैं। अब जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली। इस बार विधानसभा चुनाव में जनता वोट की चोट से एनडीए सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में नई सरकार बनाएगी।

### ऑपरेशन सिंदूर के कटआउट के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**भागलपुर, एजेंसी।** रविवार को भागलपुर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े कटआउट के साथ स्वागत किया। महिला मोर्चा की निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्वेता सिंह के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष के काफिले पर फूल वर्षा कर शंख बजाकर स्वागत किया।

## नालंदा में सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना का शिलान्यास



### मंत्री प्रेम कुमार बोले- 534 प्रखंडों में वेजिटेबल मार्केटिंग फेडरेशन का गठन हुआ है, किसानों को होगा फायदा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के तहत आधारभूत संरचना निर्माण कार्य का शिलान्यास सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने किया। गिरियक, वेन और राजगीर के तीन ब्लॉक में 1.14 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास हुआ है।

इसमें 10,000 वर्गफुट भूमि पर निर्माण, 10 टन क्षमता का कोल्ड स्टोरेज, 20 टन क्षमता का गोदाम, सब्जियों की ग्रेडिंग, कार्यालय और पार्किंग शामिल है। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा, पूरे राज्य में 70 स्थानों पर ऐसी सुविधाएं प्रदान की गई है, जिनमें से 25 परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं। अगले महीने तक ये तैयार हो जाएगी। 5 दिन पहले बिहार से 1500 किलो(15 क्विंटल) सब्जी दुबई भेजी गई थी। इसमें बैंगन, अरवी समेत कई सब्जियां शामिल थीं। जर्दालु आम और केला भी निर्यात की गई थी। दुबई से 5 टन सब्जी की डिमांड आई है।

नेपाल से 10 टन की मांग आने की संभावना है। बिहार में बड़े पैमाने पर सब्जी का उत्पादन होता है। लेकिन बाजार भाव न मिलने के कारण किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाता। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लगभग 30त्न सब्जी बर्बाद हो जाती है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए सहकारिता विभाग ने स्टेट वेजिटेबल मार्केटिंग फेडरेशन का गठन किया है। राज्य के 534 प्रखंडों में से 500 में समितियों का गठन कर लिया गया है। 23 जून तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा।

### 4.36 लाख किसानों के खातों में रुपए ट्रांसफर

मंत्री प्रेम कुमार ने आगे कहा, बिहार सरकार पहले से ही धान और गेहूं की खरीद में सफल रही है। हाल ही में खरीफ सीजन में 40 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। इस दौरान 9000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि 48 घंटे के भीतर 4.36 लाख किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### लातेहार में सड़क हादसा : 8 यात्री घायल, बस और ट्रक में हुई टक्कर

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो शिव मंदिर के पास यात्री बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 8 यात्री घायल हुए। घायलों में रविंद्र उरांव, मानती देवी, अनिकेत उरांव, मनीता देवी, सुचिता कुमारी, परमेश्वर उरांव और सरस्वती कुमारी शामिल हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को मनिका उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, भगत नामक यात्री बस मेदिनीनगर से लातेहार जा रही थी। ट्रक रांची से मेदिनीनगर की ओर आ रहा था। दुर्घटना में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क जाम रही। मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम हटवाया।

### मायके में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। पाटन थाना क्षेत्र के करर कला गांव में 30 वर्षीय लक्ष्मी देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपने तीन छोटे बच्चों के साथ दो दिन पहले ही ससुराल बघबर से मायके आई थी। घटना के समय लक्ष्मी देवी अपने पति नारद सिंह से फोन पर बात कर रही थी। नारद बाहर काम करते हैं। परिजनों के मुताबिक, मायके आने के बाद से लक्ष्मी मानसिक रूप से परेशान थी। उनका व्यवहार सामान्य नहीं था। जानकारी के मुताबिक फोन पर पति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद लक्ष्मी ने एक कमरे में फांसी लगा ली। उस वक्त उनका 2 वर्षीय बेटा कमरे में मौजूद था। सूचना मिलते ही किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया। मायके पक्ष ने लिखित सूचना दी है। इसमें किसी पर सीधा आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लक्ष्मी देवी के तीन बच्चे हैं। 9 साल की बेटी, 7 और 2 साल का बेटा।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का नाम बदलने की मांग, ष्टस्र्हेमंत के पास पहुंची बड़े नेता की चिट्ठी

**रांची, एजेंसी।** समाजसेवी और शहीदों को सम्मान में हमेशा तत्पर रहने वाली संस्था नमन – शहीदों के सपनों को संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने झारखंड सरकार से राची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का नाम आधिकारिक रूप से भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रखने हेतु अनुशंसा और प्रयास करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक भावनात्मक पत्र भेजा है। काले ने पत्र में बताया कि झारखंड की सांस्कृतिक चेतना, जनजातीय अस्मिता और जनमानस में भगवान बिरसा मुंडा का स्थान ईश्वर तुल्य है। भगवान शब्द केवल सम्मानसूचक नहीं, बल्कि उनके जीवन के संघर्ष, बलिदान और आध्यात्मिक ओज की मान्यता है। उन्होंने यह भी इंगित किया कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सभी लोग हर मंच से भगवान बिरसा मुंडा कहकर उन्हें नमन किया है। ऐसे में रांची एयरपोर्ट का नाम भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट करना केवल एक नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक न्याय होगा।

### झारखंड के कई जिलों में बदलने वाला है मौसम, बारिश को लेकर जारी हुआ येलो अलर्ट

**रांची, एजेंसी।** मौसम केंद्र ने चेतावनी जारी कर सूचनी दी है। सूचना के अनुसार 11 जून के बाद राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तेज बारिश होगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 10 जून को राज्य के पलामू और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल को छोड़कर शेष क्षेत्र में अच्छी बारिश हो सकती है। 10 से 13 जून तक राज्य के सभी हिस्सों में बारिश हो सकती है। 11 से 13 जून तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। इसके बाद मानसून की बारिश झारखंड में हो सकती है। इस दौरान झारखंड के अलग-अलग हिस्सों का अधिकतम तापमान भी 32 से 35 डिग्री सेसि के आसपास हो सकता है। न्यूनतम तापमान भी 23-24 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रह सकता है।

# प्रदेश में 11 जून से तेज बारिश का अनुमान 13 जून तक गरज के साथ बरसेंगे बादल



**रांची, एजेंसी।** मौसम विज्ञान केंद्र रांची का पूर्वानुमान है कि राज्य में भीषण गर्मी अब नहीं पड़ने वाली है। दरअसल मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। अब एक बार फिर बदलाव होने जा रहा है। झारखंड में 11 जून के बाद मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। मौसम केंद्र ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान होने वाली क्षति को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 10 जून को पलामू और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों को छोड़कर 15 से अधिक जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है।

10 से 13 जून के बीच राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। 11 से 13 जून तक राज्य के कई इलाकों में गरज के साथ बारिश हो सकती है।

**अब लोकल नहीं मानसून वाली होगी बारिश :** मौसम के इस आगामी बदलाव के बाद राज्य में मानसून की बारिश दस्तक दे सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। मौसम के बदलाव वाले दौर में न्यूनतम तापमान की करें तो यह 23 से 24 डिग्री के आसपास रहने वाला है। राजधानी रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया है।

**पश्चिमी हवा रही कमजोर, इसलिए नहीं पड़ी गर्मी**

पूरे प्रदेश में गर्मी नहीं के बराबर पड़ी। जून का दूसरा सप्ताह शुरू हो गया है लेकिन लोगों को गर्मी का एहसास नहीं हुआ है। मौसम में बदलाव और बारिश की वजह से अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास ही रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की माने तो प्रदेश में गर्मी का असर पश्चिम क्षेत्र की ओर से आने वाली हवा की वजह से होता है। दरअसल जब हवा पश्चिम से आती है तो बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवा को कमजोर कर देती है।

इस बार ऐसा नहीं हुआ है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवा एक्टिव रही। इस वजह से प्रदेश में लगातार बारिश होती रही। बारिश होने की वजह से हवा गर्म नहीं हुई और गर्मी का एहसास नहीं हुआ।

**35 डिग्री के आसपास रहा मई महीने में गर्मी :** मौसम विभाग की रिपोर्ट बताती है कि मई का महीना अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास गुजर गया। राजधानी रांची में भी भीषण गर्मी नहीं पड़ी। आंकड़े बताते हैं कि 2023 में राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। एक दो बार ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया था।

## जाल में फंसी अद्भुत मछली, जल के साथ थल पर भी बिना पानी के रह सकती है कई सालों तक जिंदा



**राजमहल (साहिबगंज), एजेंसी।** राजमहल प्रखंड के सिरसी गांव के एक निजी तालाब में जाल में एक अद्भुत मछली फंस गई।

सिरसी निवासी मो. सद्दाम ने बताया कि बुधवार को उसने शौक के तौर पर घर के पास स्थित निजी तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल डाला तो उसमें दूसरी मछलियों के साथ-साथ एक अद्भुत मछली दिखी।

आसपास के लोग उसे खाने के लिए मांगने लगे। लेकिन, उसने उससे पहले कभी उस तरह की मछली नहीं देखी थी। ऐसे में उसने किसी को नहीं दिया और उसे घर ले आया।

फुलवरिया निवासी निजी विद्यालय के शिक्षक मो. सोहराब शेख ने बताया कि गूगल पर इसकी छानबीन की गई तो पाया गया कि यह लंगफिश प्रजाति की मछली है, जो गोंडवाना लैंडस् में पाई जाती थी।

भारत गोंडवाना लैंड का एक हिस्सा था, जो लगभग 300 मिलियन वर्ष पूर्व अस्तित्व में था। भारत के साथ-साथ दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका जैसे महाद्वीपीय ब्लाक इस गोंडवाना लैंड का प्रमुख भाग था।

ज्वालामुखी उद्गार और अन्य प्राकृतिक घटनाओं के उपरांत यह भूमि दब गई और अलग-अलग महाद्वीप में परिवर्तित हो गए। उसने बताया कि यह मछली आस्ट्रेलियन लंगफिश प्रजाति की प्रतीत हो रही है, जिसके पूरे शरीर पर कांटा रूपी शल्क है तथा मुंह नीचे की तरफ है। मूलतः यह मछली दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका या आस्ट्रेलिया में पाई जाती है। इसकी विशेषता है कि यह जल के साथ-साथ थल में बिना पानी के कई सालों तक जिंदा रह सकती है।

इसमें सांस लेने के लिए फेफड़ा भी है, जो इसे स्थल में सांस लेने योग्य बनाती है तथा गलफड़ा यानी गिल्स के माध्यम से पानी में सांस लेने में सक्षम बनाती है।

मछली को लेकर मछली धारक मो. सद्दाम काफी उहापोह में है कि आखिर इस मछली का वह क्या करें। मछली के चलते दिनभर घर में उसे देखने के लिए आने वालों की भीड़ से वह परेशान हो गया है।

## सिरमटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन पर आदिवासी संगठनों का विरोध, हर साल 5 जून को मनायेंगे काला दिवस



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 5 जून को सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन करने से आदिवासी समुदाय में निराशा है। इसे लेकर नगड़ाटोली स्थित सरना भवन में केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा, आदिवासी बचाओ मोर्चा सहित अन्य आदिवासी संगठनों ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया। इसे पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने संबोधित किया।

गीताश्री उरांव ने कहा कि आदिवासी संगठनों के बंद के अगले दिन जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरोमटोली फ्लाइओवर का उदघाटन किया है, उससे आदिवासी समुदाय के लोग निराश और हताश हैं। उन्होंने आगे कहा कि बाबा कार्तिक उरांव के नाम से फ्लाईओवर का नामकरण करने से आदिवासी समुदाय की पीड़ा कम नहीं हो जायेगी। अब हर साल पांच जून को हमलोग काला दिवस मनायेंगे और उस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन करेंगे।

गीताश्री उरांव ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप व आदिवासियों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर मोर्चा का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान मोर्चा की ओर से कहा गया कि पूरे राज्य में आदिवासी समाज के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर जागरूकता अभियाना चलाया जायेगा, जन विरोधी नीतियों का विरोध रहेगा। इस दौरान मोर्चा की ओर से यह भी कहा गया कि आंदोलन को व्यापक रूप देने के लिए विभिन्न आदिवासी संगठनों सहित 32 जनजातियों के प्रतिनिधि के साथ 21 जून को सिरमटोली में महाबैठक का आयोजन किया जायेगा। मालूम हो कि सिरमटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन से ठीक एक दिन पहले विभिन्न आदिवासी संगठनों ने सिरमटोली रैंप विवाद को लेकर झारखंड बंद बुलाया था। इस दौरान पूरे राज्य में आदिवासी समाज के लोग विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे थे। रांची, गुमला, लातेहार सहित कई जिलों में बंद का मिला-जुला असर देखा गया था।

## झारखंड सरकार के दो दर्जन से अधिक पद खाली, 17 आईएएस अफसर कर रहे पोस्टिंग का इंतजार




**रांची, एजेंसी।** झारखंड कैडर के 17 आईएएस अधिकारी पिछले 12 दिनों से पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर झारखंड सरकार के लगभग दो दर्जन महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हुए हैं। जानकारी के अनुसार, 26 मई को उपायुक्तों के ट्रांसफर के बाद खाली पदों की संख्या में इजाफा हो गया है।

नगर विकास विभाग के अंतर्गत एमडी सूडा, एमडी आवास बोर्ड और सीईओ रांची स्मार्ट सिटी का पद खाली है। इसी तरह कृषि निदेशक, बागवानी निदेशक व बाजार समिति के एमडी का पद भी खाली पड़ा है। वहीं, उद्योग, पर्यटन, समाज कल्याण आदि विभागों में भी कई पद खाली हैं।

मालूम हो कि झारखंड के पंचायती राज विभाग में न तो सचिव हैं और न ही निदेशक। शराब घोटाले में विभागीय सचिव विनय चौबे के गिरफ्तार होने के बाद से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। वहीं, निशा उरांव की सेवा उनके पैतृक विभाग आयकर को लौटाने के बाद लगभग दो माह से पंचायती राज निदेशक का पद भी खाली पड़ा है।

इधर, माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद के प्रशिक्षण पर जाने की वजह से विभाग का काम पहले से ही प्रभावित हो रहा था। गैर प्रशासनिक सेवा से आईएएस बने पांच अधिकारी मसूरी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें से दो शिक्षा विभाग में पदस्थापित थे। 26 मई को राज्य सरकार ने प्राथमिक और उच्च शिक्षा निदेशक का भी तबादला कर दिया। तब से दोनों पदों पर किसी को पदस्थापित नहीं किया गया है।

इस दौरान अपनी पोस्टिंग का इंतजार करने वाले आईएएस अधिकारियों में विजया जाधव, माधवी मिश्र, लोकेश मिश्र, विशाल सागर, जिशान कमर, अन्नय मित्तल, कुलदीप चौधरी, अजय कुमार सिंह, रविशंकर शुक्ला, नैंसी सहाय, कृष्ण प्रसाद बघमारे, रमेश घोलप ए डोडे, मेघा भारद्वाज, शशि रंजन, कुमुद सहाय व शेखर जमुआर शामिल हैं।

इधर, राज्य सरकार के दो दर्जन से अधिक पद खाली हैं। खाली पदों में आदिवासी कल्याण आयुक्त, निदेशक बागवानी, निदेशक आइटी, निदेशक उच्च शिक्षा, निदेशक जेसेक, निर्देशक पर्यटन, सीइओ जेएसएलपीएस, निदेशक अकेक्षण निदेशालय, एमडी जियाडा, निदेशक प्राथमिक शिक्षा, निदेशक कृषि, एमडी झारक्राफ्ट, डीडीसी दुमका, डीडीसी कोडरमा, डीडीसी रांची, निदेशक समाज कल्याण, संयुक्त सचिव कार्मिक, निदेशक पंचायती राज, एमडी सूडा, एमडी आवास बोर्ड, सीइओ रांची स्मार्ट सिटी, एमडी बाजार समिति शामिल हैं।

## दक्षिण कोयल नदी से मांडर-चान्हो के 14 गांवों में पाइप से आएगा पानी



**रांची, एजेंसी।** लोहरदगा के लावा पानी झरने से निकलने वाली दक्षिण कोयल नदी का पानी रांची के मांडर और चान्हो प्रखंड के 14 गांवों में पहुंचाया जाएगा। नदी के पानी से 4055 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई होगी। पारंपरिक नहर प्रणाली से पानी पहुंचाना मुश्किल होने के कारण जल संसाधन विभाग ने भूमिगत पाइपलाइन के जरिए कैंबो मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की है। इस पर 236 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पाइपलाइन का काम चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में शुरू होगा। दो साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इस साल 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। शेष राशि अगले वित्तीय वर्ष में खर्च होगी। विभागीय मंत्री हफीजुल हसन ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रशासनिक स्वीकृति के लिए फाइल राज्य योजना प्राधिकृत समिति को भेजने की तैयारी की जा रही।

पानी की कमी के कारण मांडर और चान्हो में खेती प्रभावित है, जिससे आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास बाधित हो रहा है। यह योजना उन्नत खेती को बढ़ावा देगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। योजना पूरी होने से अन्य फसलों के साथ-साथ रबी फसल के लिए भी सिंचाई हो सकेगी।

पाइपलाइन बिछाने से जमीन का स्थायी अधिग्रहण कम होगा। केवल प्लांट और सब स्टेशन के लिए स्थायी अधिग्रहण होगा। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जल संसाधन विभाग ऊर्जा विभाग से समन्वय करेगा।

यह योजना क्षेत्र में कृषि और समग्र विकास को नई दिशा देगी। कैंबो गांव के पास दक्षिण कोयल नदी पर वीयर के रूप में डायवर्सन बनेगा। इसमें एप्रोच चैनल, पंप हाउस, पावर सब स्टेशन, भूमिगत पाइपलाइन, डिलीवरी चैंबर, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम और कंट्रोल मैकेनिज्म शामिल होंगे। पंप मोटर के जरिए नदी का पानी अंडरग्राउंड पाइपलाइन से खेतों तक पहुंचेगा। इससे 4055 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई हो सकेगी।

पाइपलाइन में 40 एमएम (ओडी) तक एचडीपीई पाइप, 1200 एमएम (एनबी) तक डीआई पाइप और 1200 एमएम (आईडी) से अधिक व्यास के एमएस पाइप का उपयोग होगा। पाइपलाइन जमीन से 2 मीटर नीचे बिछाई जाएगी। ऊपरी सतह पर खेती की जा सकेगी।

प्रोजेक्ट को पूरा करने वाली ठेका कंपनी प्रशिक्षित मैनपावर और एनजीओ की मदद से 10 साल तक रखरखाव, परिचालन और प्रबंधन करेगी। इसके बाद योजना राज्य सरकार को हस्तांतरित होगी। इसके बाद संचालन विभाग के जिम्मेवारी होगी।

## कोडरमा में तलाकशुदा युवती ने किया सुसाइड, मां बोली- ब्वॉयफ्रेंड ने मार कर टांग दिया



**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर में आज सुबह एक महिला का शव मिला। मृतका की पहचान आयुषी चावला (26) के रूप में हुई। वह जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। वह तलाकशुदा थी। उसका शव जिस घर से मिला है वह उसके कथित ब्वॉयफ्रेंड हर्ष सोनकर का है। वह झुमरीतिलैया का फल व्यापारी है। वहीं युवती की मां का कहना है कि उसके ब्वॉयफ्रेंड ने ही उसकी हत्या की है।

तलाक होने के बाद आयुषी बीते 2 साल से अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ रह रही थी। घटना को लेकर उसके ब्वॉयफ्रेंड हर्ष ने बताया कि वह रात को आयुषी के साथ था। सुबह छह बजे वह अपनी फल की दुकान चला गया। कुछ देर बाद आयुषी का फोन आया कि वह फांसी लगा रही है। हर्ष तुरंत उसके कमरे की ओर भागा। कमरे में पहुंचने पर उसने देखा कि आयुषी पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रही थी। जब तक वह उसे नीचे उतारता, आयुषी की मृत्यु हो चुकी थी। हर्ष ने इसकी सूचना आयुषी के परिजनों और तिलैया पुलिस को दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुषी की शादी 2018 में झुमरीतिलैया में हुई थी। पांच साल बाद उसका तलाक हो गया। इसके बाद वह झुमरीतिलैया के फल व्यापारी हर्ष सोनकर के साथ रहने लगी। घटना की सूचना मिलने पर तिलैया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि आयुषी के तलाक हो जाने के बाद वह झुमरीतिलैया के अड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में बतौर कोऑर्डिनेटर काम करने लगी थी। जिसके बाद से वह काफी खुश रहने लगी। उसका एक छह साल का लड़का है, जो मेरे ही साथ परसाबाद में रहता था।परिजनों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से जब हमने उससे दूसरी शादी करने की बात की तो वह तैयार हो गई।

# पिकनिक में शराब पीकर झगड़ा, 2 की हत्या, लाठी से पीट कर मारा, फिर गड्ढे में गाड़ दिया

**गुमला, एजेंसी।** गुमला के चैनपुर थाना क्षेत्र के लीगिर पाठ गांव में शुक्रवार को पिकनिक के दौरान हुए झगड़े में दो लोगों की हत्या हो गई। पुलिस ने आरोपी छोटू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों में सुखदेव मुंडा (55) और बुधराम मुंडा(22) शामिल हैं। लीगिर पाठ निवासी जातरी मुंडा ने रविवार को चैनपुर थाना में आवेदन देकर पिता सुखदेव मुंडा की हत्या का मामला दर्ज कराया। जातरी ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव मुंडा, बुधराम मुंडा और छोटू मुंडा जंगल की ओर पिकनिक मनाने गए थे। वहां तीनों ने शराब पी। इसी दौरान किसी बात पर कहा सुनी हुई। झगड़ा बढ़ा तो छोटू मुंडा ने लाठी से हमला कर दिया। सुखदेव और बुधराम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**घटना के दो दिन बाद बॉडी उठाया गया :** घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस लीगिर पाठ पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला भेजा गया। आरोपी छोटू मुंडा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में छोटू ने बताया कि गाली देने पर उसने दोनों को मारा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में फुटबॉल मैच हुआ था। इसके बाद तीनों जंगल की ओर पिकनिक मनाने गए। वहां पहले हल्की हाथापाई हुई। फिर तीनों ने देर रात साथ में शराब पी। ग्रामीणों के अनुसार इसके बाद छोटू और बुधराम ने मिलकर सुखदेव को गांव से दूर ले जाकर लाठी से पीटकर हत्या कर दी। शव को गड्ढे में गाड़ दिया। सुखदेव के परिजन देर रात तक उसे खोजते रहे। कुछ लोगों ने बताया कि सुखदेव को आखिरी बार बुधराम और छोटू के साथ देखा गया था।

**गुस्से में आए परिजनों ने की दूसरे की हत्या :** परिजनों ने दोनों से पूछताछ की, पर उन्होंने कुछ नहीं बताया। शनिवार को दबाव बढ़ने पर दोनों ने हत्या की बात कबूल की और शव की जानकारी दी। शव मिलने के बाद गुस्से में आकर परिजनों ने बुधराम और छोटू की पिटाई कर दी। प्रतिशोध में जातरी मुंडा ने बुधराम के सिर पर लाठी मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छोटू किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। इस दोहरे हत्याकांड की जानकारी पुलिस को दो दिन बाद मिली। इससे चैनपुर थाना की सूचना व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि हत्या की असली वजह क्या थी।

**शराब के नशे में हो रही हत्याएं :** चैनपुर क्षेत्र में शराब के नशे में हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। गांवों में धड़ल्ले से शराब बिक रही है। युवा नशे की गिरफ्त में हैं। छोटी-छोटी बातों पर हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। एसपी हारिश बिन जमां से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आपसी विवाद के बाद प्रतिशोध में दो लोगो की हत्या हुई है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर ली है। इसमें संलिप्त जो भी और दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जामताड़ा में दिनदहाड़े 60 हजार रुपए की लूट

**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा थाना क्षेत्र के बुधुडीह गांव में एक युवक से दिनदहाड़े 60 हजार रुपए की लूट की गई। अफसर अंसारी नाम का युवक अपनी चार पहिया वाहन से जामताड़ा से बुधुडीह की ओर जा रहा था। रास्ते में हमलावरों ने उसकी गाड़ी रोक ली। हमलावरों ने लोहे की रॉड और पत्थरों से युवक पर हमला किया। इस हमले में अफसर के सिर पर गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की और 60 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

घायल के पिता इस्लाम अंसारी ने बताया कि उनके बेटे के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए। इसके बाद हमलावर भाग गए। स्थानीय लोगों ने घायल को जामताड़ा के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार ने जामताड़ा थाने में पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों में फिरोज अंसारी, मंटू अंसारी, इमरान अंसारी, तैयब अंसारी और अनवर अंसारी शामिल हैं। सभी आरोपी बुधुडीह के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## गोड्डा में कलियुगी बेटे ने पिता पर धारदार हथियार से किया वार, अस्पताल ले जाते मौत



**गोड्डा, एजेंसी।**

गोड्डा जिले में एक पारिवारिक विवाद ने भयानक रूप ले लिया। बसंतराय थाना क्षेत्र के मांजर खुर्द गांव में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। घटना कैथपुरा पंचायत के मांजर खुर्द गांव की है। मृतक की पहचान उडीस रविदास के रूप में हुई है। उनके बेटे राजू रविदास ने पारिवारिक विवाद के चलते पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

जानकारी के मुताबिक हमले के बाद ग्रामीणों ने घायल उडीस को गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मायागंज रेफर किया गया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। आरोपी बेटा घटना के बाद से फरार है। बसंतराय थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विवाद का कारण पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर प्रशासनिक हस्तक्षेप की जरूरत है, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 09-06-2025 21:31 Page 1



# उलिहातू पहुंचे आयुक्त, बिरसा मुंडा को अर्पित की श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर आज खूंटी जिला के उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा जन्मस्थली में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें शत-शत नमन किया।

उल्लेखनीय है कि भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर 1875 को उलिहातू (खूंटी) में हुआ था और उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध जनजातीय समाज को संगठित कर संघर्ष का बिगुल फूंका। वे महज 25 वर्ष की आयु में 9 जून 1900 को रांची के केंद्रीय कारा (जेल) में शहीद हो गए। उनकी शहादत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और आज भी वे जन-जन के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात कर उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही क्षेत्र के पात्र लाभुकों के बीच पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र एवं ग्रीन राशन कार्ड का वितरण सांकेतिक रूप से किया।

इस अवसर पर ओएनजीसी के सीएसआर मद से उलिहातू से किताहतु तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने स्वयं पौधा लगाकर इस अभियान की शुरूआत की और आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, असिस्टेंट कमांडेंट एसएसबी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नेताओं-कार्यकर्ताओं ने याद किया भगवान बिरसा मुंडा को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्थानीय डालटनगंज स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी की देन है कि आज झारखंड एक खुशहाल राज्य है। यहां के जल जंगल व जमीन की रक्षा के लिए इन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन कर आदिवासियों की स्मिता की रक्षा की। जब तक जिंदा रहे अंग्रेजों के पैर नहीं जमने दिया। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया। इससे वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं। धरती आबा नाम से भी जाना जाता है। आज इनसे उन सभी झारखंडियों को प्रेरणा व जुल्म के खिलाफ बोलने की ताकत मिलती है। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, सन्नु सिद्दीकी, संजीव तिवारी, जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष विशाल सिन्हा, संगठन सचिव अनुराग सिंह, रमेश सिंह, विवेकानंद सिंह, राकेश सिन्हा देवानंद भारद्वाज, बबलू सिंह कौशल, फैजल, मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, रविन्द्र राम, विकास चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सीएचसी,मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, एम्बुलेंस की स्थिति,ममता वाहन,ओपीडी रिपोर्ट,आधारभूत संरचना,एएनएम,स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निमाणाधीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली।एम्बुलेंस की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी से उनके क्षेत्र अंतर्गत एम्बुलेंस व एम्बुलेंस चालक,कितने क्रियाशील है कितने नहीं है,कितने की आवश्यकता है इससे संबंधित विस्तृत रिपोर्ट बनाने की बात कही।

आयुषमान कार्ड की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में धीमी गति से आयुषमान कार्ड बनाये जाने के कारणों से अवगत हुईं।इस दौरान बताया गया कि आमजनों का आधार से मोबाइल नंबर का लिंक नहीं होना व आधार व राशन कार्ड में नाम मिसमैच रहा इस कार्य में बाधा बन रहा है।इस पर उपायुक्त ने प्रखंडों में विशेष कैम्प लगाने की बात कही।वहीं पीवीटीजी बहुल इलाकों में आयुषमान कार्ड की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 14,153 पीवीटीजी लाभुकों का राशन कार्ड हैं उसके अनुरूप अभी भी 7 हजार 444 लाभुकों का आयुषमान कार्ड नहीं बनाया गया है। उपायुक्त ने इन सभी लाभुकों का आयुषमान कार्ड बनवाने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि ब्लड बैंक परिसर में कुछ मिडलमैन के सक्रीय रहने की शिकायतें आ रहीं हैं। वहीं पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधितों को अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर औचक रूप से छापेमारी करने की बात कही।इसके अलावे कहाँ कितने डॉक्टरों का पद रिक्त है से संबंधित जानकारी भी उपायुक्त द्वारा ली गयी।सिविल सर्जन ने मैन पावर की कमी से उपायुक्त को अवगत कराया।इस अलावे उपायुक्त ने उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण,सभी प्रकार के जांच, ससमय आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीवी, वीएचएनडी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।मौके पर डीसी के अलावे उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,एमएमसीएच अधीक्षक, सिविल सर्जन, सभी एमओआईसी,ब्लॉक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा

## कर्मियों को दिये कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पारिवारिक हित लाभ, मईया सम्मान योजना एवं अन्य योजनाओं की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को इन योजनाओं से आच्छादित किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने श्रमिकों को सेफ्टी किट, लेबर कार्ड एवं अन्य सरकारी लाभों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाए एवं लाभ का त्वरित वितरण सुनिश्चित किया जाए।

नियोजन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार कैंप (एम्प्लॉयमेंट कैंप) के आयोजन हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध जाए, इससे जिले में बेरोजगारी दर में कमी लाने में सहायता मिलेगी। अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सतत मॉनिटरिंग एवं क्षेत्रीय निरीक्षण किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। बैठक में श्रम अधीक्षक एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा उपस्थित थे।

# डायन बिसाही को ले कराई गई थी महिला की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर में पिछले 16 मई की रात में महिला हत्याकांड का पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रेस के सामने दो अभियुक्तों को प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले दिनों छतरपुर व नौडीहा बाजार में हुए दो हाईवा के आगजनी कांड के अभियुक्त इस हत्याकांड में भी शामिल थे। दोनों अभियुक्त फिलहाल आगजनी कांड में जेल में बंद हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान हत्या का सडयंत्र रचने वाला गौतम से पूछताछ की गई। उसने पुलिस को बताया कि विमला देवी की लड़ाई उसके घर से जमीन को लेकर चल रहा था। इसी क्रम में विमला देवी डायन भूत वाला काम जानती थी। उसके कारण उसके घर के सभी लोगों का तबीयत खराब रहता था। इससे परेशान होकर विमला देवी को मारने की योजना बनाई थी। पुलिस अधीक्षक नेबताया कि योजना में उसने अपने दूर के भाई विनोद भुईयां से विमला देवी को मरवाने के लिए मदद मांगी थी। विनोद भुईयां अपने गांव के ही सकेंद्र उरांव से गौतम की जान पहचान कराई। सकेंद्र घटना को करने के लिए 80 हजार रुपए की मांग की। घटना के पहले 50 हजार व घटना होने के बाद 30 हजार रुपए देने पर बात तय हुई। घटना करने के लिए सकेंद्र उरांव अपने दो दोस्त याद अली उर्फ सोनू अली व एक अन्य अपराधी को शामिल किया। सकेद्र उरांव अपने दो दोस्तों व गौतम के साथ मिलकर विमला देवी के घर की रेकी की। साथ ही एक दिन बाजार में विमला देवी की पहचान कराई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल से सकेंद्र उरांव विमला देवी के घर गया व घर के बाहर अपने पति के साथ सो रही विमला देवी का मर्डर कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्याकांड में शामिल सकेंद्र उरांव व याद अली उर्फ सोनू अली को छतरपुर - नौडीहा बाजार में दो हाइवा डंपर आगजनी कांड में पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य अपराधी के विरुद्ध छापेमारी जारी है। कहा कि गौतम कुमार व विनोद भुईयां को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से दो मोबाइल बरामद किया गया है। छापेमारी दल में छतरपुर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक प्रशांत प्रसाद, अनुसंधान कर्ता पुलिस अवर निरीक्षक इंद्रजीत राणा, छतरपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुशील उरांव व छतरपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीवान।** जिले के लकड़ी नवीगंज प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई कर राजस्व कर्मचारी गिरीश तिवारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी सोमवार को तब हुई जब गिरीश तिवारी एक जमीन के दाखिल-खारिज कराने के एवज में 35,000 रुपये नकद रिश्वत की मांग पूरी कर रहे थे। विजिलेंस की टीम ने पहले से शिकायत मिलने के बाद जाल बिछाया और मौके पर ही तिवारी को पकड़ लिया। विजिलेंस की इस कार्रवाई की शुरूआत गोपालपुर निवासी अजीत कुमार सिंह की शिकायत से हुई। दरअसल, अजीत एक साइबर कैफे चलाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि गिरीश तिवारी ने जमीन से संबंधित दाखिल-खारिज प्रक्रिया में मदद करने के लिए 35 हजार रुपये की मांग की थी। परेशान होकर अजीत ने पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से इसकी शिकायत की, जिसके बाद एक टीम ने पूरी योजना के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया।

# कार्यशाला में जैविक खेती और पशुपालन पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटकमदाग, हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम सलगांवा में कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी घनश्याम महतो द्वारा अतिथियों के स्वागत और विषय प्रवेश से हुई। कार्यशाला का संचालन जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा इंद्र नारायण कुशवाहा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोरिया करमा, हजारीबाग से पधारे कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने किसानों को बेहतर फसल उत्पादन के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने रासायनिक खादों के सीमित उपयोग और जैविक खेती को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी केर-केट्टा ने गाय, बकरी, मुर्गी, सूअर आदि पशुओं के रोगों जैसे खुरहा, गलघोटू, पीपीआर के लक्षण, बचाव और इलाज की जानकारी दी। उन्होंने समय पर टीकाकरण की महत्ता को रेखांकित करते हुए पशुधन के समुचित रखरखाव पर जोर दिया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक खेती और पशुपालन के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे न केवल बेहतर उत्पादन कर सकें, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को भी अपनाएं। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ किसान, समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा।

इस अवसर पर ऑल इंडिया रेडियो से संतोष कुमार दास, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, पंचायत समिति प्रतिनिधि गंगा साहू, बीटीएम विजय कुमार, एटीएम निहारिका सिन्हा, गणेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, सुषमा देवी, अनीता देवी, पंचम प्रसाद, ईश्वर महतो, महादेव महतो सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने जैविक खेती और पशुपालन को अपनाने का संकल्प लिया और अधिकारियों ने उन्हें आवश्यक तकनीकी सहयोग का आश्वासन भी दिया।

# द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी में बालिकाओं को दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय जीएलए कॉलेज रेड़मा, पांकी रोड़ स्थित द कराटे एकेडमी में पलामू जिला तीरंदाजी संघ की बैठक हुई। इसमें सभी सदस्यों की सहमति से पलामू जिला तीरंदाजी संघ ने तीरंदाज खेल में बालिकाओं की संख्या अधिक बढ़ाने के लिए बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाने का निर्णय लिया। प्रशिक्षण जीएलए कॉलेज स्टेडियम में प्रतिदिन सांध्य 4 बजे से 6 बजे तक दिया जाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष सुमित वर्मन ने कहा कि झारखंड आदिवासियों का गढ़ है। यहां का लोकप्रिय खेल तीरंदाजी है। लेकिन पलामू जिला तीरंदाजी खेल से बहुत पीछे है। इस वजह से खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निर्णय लिया गया। कहा कि उनकी इच्छा है कि दीपिका कुमारी जैसी तीरंदाज पलामू से भी निकले। उन्हें विश्वास है कि ऐसा होकर रहेगा। इसके लिए अभिभावक भी अपने बेटियों को इस लायक बनाने के लिए पहल करें। मौके पर जिला सचिव दीपक तिवारी ने कहा कि झारखंड तीरंदाजी संघ ने 2023 में पलामू जिला तीरंदाजी संघ को मान्यता दी। उसके पश्चात जिले से कई खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पलामू जिला के लिए खेला है। पलामू जिला तीरंदाजी संघ ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कई निशुल्क कैंप का आयोजन किया है। साथ ही गांव के आदिवासियों से इस खेल को जोड़ने का पूरा प्रयास किया है। अब एक और कदम बेटियों को इस खेल को आगे में बढ़ाने के के लिए संघ कृतसंकल्पित है। मौके पर कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा कि मेदिनीनगर शहर के जीएलए कॉलेज स्टेडियम में प्रतिदिन बालक व बालिकाओं का अभ्यास करवाया जाता है। तीरंदाजी खेल से जुड़ने को इच्छुक खिलाडी द कराटे एकेडमी में द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी का निशुल्क फॉर्म भरें। इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राएं 9798696237 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक दीपेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, जगदीश ठाकुर, मोहन चौधरी, राजेश सिंह, सुदेश पाठक मौजूद थे।

# गांव गांव जा कर देंगे प्रधानमंत्री के कार्यों की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर वन स्थित सांसद कार्यालय में भाजपा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान 11 वर्षों में किए गए देश के कार्यों पर चर्चा की गई और देश में अमृत काल में हुए आम लोगों के लिए काम की भी चर्चा की गई।

भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों तक प्रतिदिन 18 घंटे कार्य कर लोगों की सेवा करने का काम किया है। उनके लिए बहुत सी ऐसी योजनाएं हैं। जिन्हें लागू किया गया है। हम इन बातों को लेकर गांव-गांव तक जाएंगे और इसके लिए 5 जून से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है। इसके साथ ही हम सभी कार्यों को लेकर जनता के बीच जाकर उन्हें योजनाओं से और प्रधानमंत्री के किए गए कार्यों से अवगत कराने का काम करेंगे।

# त्रिवेणी सैनिक ट्रेनिंग अकादमी का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव, हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड स्थित पकरी बरवाडीह खनन परियोजना क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल की गई। चमगढ़ा में त्रिवेणी सैनिक इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग अकादमी का उद्घाटन पूरे उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में टीएसएमपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर हिम्मत सिंह बेदला और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बी. कार्तिकेयन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरूआत वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारकेश्वर शाही और सीईओ कोल माइनिंग संजय कुमार खटोड़ द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुई।

हिम्मत सिंह बेदला और बी. कार्तिकेयन ने परेड की सलामी ली और अपने भाषण में मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज की कार्यकुशलता की खुलकर सराहना की। बेदला ने कहा, इस अकादमी का इतने कम समय में तैयार होना सुरक्षा टीम की मेहनत और लगन का प्रमाण है। यह परियोजना सुरक्षा और सेफ्टी के मजबूत आधार पर टिकी है, और इस दिशा में यह एक बड़ा कदम है।




बी. कार्तिकेयन ने अकादमी के निर्माण को अपने सपनों की पूर्ति बताया और कहा कि मैंने 15 वर्ष पूर्व ओडिशा में ऐसी अकादमी शुरू की थी, अब यहां यह पहल देखना गर्व का क्षण है। यह अकादमी न सिर्फ इस परियोजना के लिए बल्कि देश की रक्षा के लिए भी भविष्य के सिपाही तैयार करेगी।

कार्यक्रम में सीईओ संजय खटोड़ ने कहा कि यह संस्थान भविष्य में अग्निवीर, बीएसएफ और सेना जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में भर्ती के लिए युवाओं को तैयार करेगा। उन्होंने नए सुरक्षा प्रहरियों को उनकी निष्ठा और ईमानदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि यह अकादमी क्षेत्रीय युवाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान की गई। साथ ही, मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज और सुरक्षा अधिकारी नवीन सिंह के नेतृत्व और प्रयासों की विशेष प्रशंसा की गई।

एक उल्लेखनीय पहल के रूप में, अकादमी के सभी क्लासरूम, ट्रेनिंग हॉल और कॉन्फ्रेंस रूम का नाम परियोजना से प्रभावित गांवों के नाम पर रखा गया है, जिससे स्थानीय सहभागिता को बल मिला है। कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

बी. कार्तिकेयन ने अंत में कहा कि त्रिवेणी सैनिक परियोजना प्रभावित युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और एक उत्कृष्ट ट्रेनिंग सेंटर के रूप में इस अकादमी का विकास निरंतर जारी रहेगा।

उन्होंने सभी जवानों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि कंपनी हर स्तर पर सहयोग करती रहेगी।

# विधायक ने नवनियुक्त आयुक्त से की मुलाकात, जनहित मुद्दे पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को जिले के नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच विकास, प्रशासनिक समन्वय और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई।

विधायक ने उपायुक्त को हजारीबाग जैसे महत्वपूर्ण जिले की कमान संभालने पर शुभकामनाएं दीं और उनके प्रशासनिक अनुभव की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री सिंह के नेतृत्व में हजारीबाग प्रशासन और अधिक पारदर्शी, जन उत्तरदायी और प्रभावशाली बनेगा।

विधायक ने बैठक के दौरान जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और कानून-व्यवस्था जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ठोस पहल की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल से जिले में विकास कार्यों को नई गति दी जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन और जन शिकायतों के त्वरित समाधान पर बल दिया।

साथ ही, उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता जताई और हाल में घटित एक निंदनीय घटना की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने विधायक के सुझावों और सहयोग की भावना की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे जनहित में एक पारदर्शी, संवेदनशील और उत्तरदायी प्रशासन देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत समन्वय के साथ जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जाएगा। यह मुलाकात प्रशासन और जनप्रतिनिधित्व के बीच सकारात्मक संवाद की मिसाल बनकर उभरी है, जिससे हजारीबाग की जनता को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं मिलने की उम्मीद जागी है।

# बिरहोर समुदाय की बेटियों चानवा और किरण को अम्बेडकर विचारधारा मंच ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के चोरदाहा पंचायत अंतर्गत जमुनिया तरी गांव में इन दिनों गौरव और खुशी का माहौल है। इसका कारण हैं बिरहोर समाज की दो बेटियां – चानवा कुमारी और किरण कुमारी, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर न सिर्फ अपने समुदाय बल्कि पूरे झारखंड में शैक्षिक सफलता की मिसाल पेश की है।

इन दोनों होनहार छात्राओं की उपलब्धि को सम्मानित करते हुए अम्बेडकर विचारधारा मंच ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। मंच के अध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, सचिव बिराज रविदास, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र रजक, सहित कई गणमान्य लोग और समाजसेवी गांव पहुंचे और दोनों बेटियों को सम्मान पत्र, शॉल और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी बिराज रविदास ने कहा, आज ऐसा प्रतीत होता है जैसे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का सपना हकीकत बन रहा हो। बिरहोर जैसी वंचित और आदिवासी जाति की बेटियों का शिक्षा में यह मुकाम पाना पूरे समाज के लिए प्रेरणास्पद है।

रामस्वरूप पासवान ने बेटियों की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, बेटियां इतिहास रचती हैं, और चानवा व किरण इसका जीवंत उदाहरण हैं। वहीं बीरेंद्र रजक ने इसे चौपारण प्रखंड के लिए गौरव का क्षण बताया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से यह भी उल्लेख किया गया कि इन दोनों छात्राओं को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तक लाने में सहायक अध्यापक जग्गू यादव की अहम भूमिका रही। मंच के पदाधिकारियों ने उन्हें भी धन्यवाद और प्रशंसा पत्र प्रदान किया। इस सम्मान समारोह में जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, पंसस विकास रजक, पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान, शिक्षाविद विजय कुमार सिंह, ब्रजभूषण पाण्डेय, नरेश पासवान, महेन्द्र पासवान, प्रभारी कृष्णा पासवान, और कई अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

आसनसोल मंडल के तहत पार्किंग संविदा की सुपुर्दगी

सं.: सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/पार्किंग/25-4 दिनांक: 06.06.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा **संविदा की सुपुर्दगी** के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **नीलामी का प्रकार:** पार्किंग। **ई-नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-पीएआरके-030625; **ई-नीलामी शुरू होने की तारीख:** 19.06.2025 को 12.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम:** (1) मानकड़ रेलवे स्टेशन में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 92 के निकट उत्तर की ओर दो पहिया वाहनों की पार्किंग, (2) उखरा रेलवे स्टेशन में आरपीएफ बैरक के निकट सर्कुलेटिंग एरिया में दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन तथा (3) दुबराजपुर रेलवे स्टेशन में वे ब्रिज बरगद के पेड़ के निकट दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उल्लेखित अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-73/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-आरपीएच-25, दिनांक 06.06.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के एएसटीई-रामपुरहाट के क्षेत्राधिकार में आयु सह दशा के आधार पर सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन। विज्ञापित मूल्य: रु. 8,90,68,014.12; बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 5,95,400; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0.00; बोली शुरू होने की तारीख: 16.06.2025; समापन अवधि: 12 महीने। प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 30.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय: 06.06.2025 को 17.06 बजे।

(HWH-131/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उप्र व बिहार की एकजुटता बदल सकती है देश की अर्थव्यवस्था : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी सारी सभ्यता कृषि पर निर्भर करती है। होली हो या दीवाली, त्योहारों की परंपरा के अनुसार हमारे घरों में पकवान भी अलग- अलग बनते हैं। उन्होंने कृषि को चमत्कारीय शक्ति का दर्ज़ा देते हुए कहा कि किसान खेतों में एक बीज डालता है तो उससे कई पौधे निकलते हैं। वर्तमान समय में किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने व सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है। हमें किसानों की आय को दोगुणी करने का प्रयास करना होगा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट सभागार में सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार की निकटता देश की अर्थव्यवस्था को बदल सकता है। बिहार में मक्का, गेहूं और धान के क्षेत्र में दोगुणा उत्पादन हुआ है। हम बिहार को उत्पादक के रूप में ही नहीं निर्यातक के रूप में विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि मिट्टी की सेहत में सुधार और जलसंचय को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमारी सांस्कृतिक विरासत कृषि पर आधारित है। उन्होंने राजा जनक का उदाहरण देते हुए बताया कि अकाल में उन्होंने स्वयं खेत जोता था। बिहार में सीमांत किसानों की अधिक संख्या के बावजूद कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में 2170 वैज्ञानिक, 113 अनुसंधान संस्थान और 731 कृषि विज्ञान केंद्र भाग ले रहे हैं। अभियान का मुख्य लक्ष्य वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से किसानों को जोड़कर उत्पादकता बढ़ाना है। इस पहल के तहत 65,000 से अधिक गांवों में किसानों से संवाद किया जाएगा तो विकसित भारत 2047 के संकल्प के सपने को यह सरकार आसानी के साथ पूरा कर लेगी। इस कार्यक्रम में आठ जनपदों के किसानों ने हिस्सा लिया। कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार प्रगतिशील किसानों मंशाराम, राजबहादुर वर्मा, सुरेंद्र सिंह, रमाशंकर को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने हाथों सम्मानित किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, आठ जनपद के किसान, अयोध्या के कृषि अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जीतनराम मांझी की पार्टी ने ठोंका 40 सीटों पर दावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के दावेदारी को लेकर माहौल गरमा रहा है। लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान के बाद बाद अब केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हम ने ऐलान कर दिया है कि वो 40 सीटों पर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उससे कम सीट पर समझौता नहीं करेंगे। हम पार्टी के इस ऐलान से एनडीए में सियासी हड़कंप मच सकता है। दरअसल, सोमवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) की ओर से बिहार विधानसभा प्रभारी कार्यशाला शिविर का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में हम पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारी तैयारी पूरी है 40 नहीं तो 243। यदि हमें 40 सीट नहीं मिलती है तो हम 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन सीट बंटवारे या फिर सीटों को लेकर अपनी इच्छा जाहिर करने से बचते रहे। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी दल एक जुट हैं और एक होकर चुनाव लड़ेंगे। हम सभी 243 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं। संतोष सुमन ने कहा कि 243 सीटों में से 225 सीट हम लोग जीतेंगे और एक बार फिर सरकार बनाएंगे। वहीं चिराग पासवान के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि चिराग पासवान बिहार से चुनाव लड़े हम उनका स्वागत करते हैं उनके आगमन से एनडीए को मजबूती मिलेगी। उनके चुनाव लड़ने से एनडीए के साथ साथ हमारी पार्टी को भी मजबूती मिलेगी।

# किसान, दलित, मजदूर, महिला व ग़रीब विरोधी है केन्द्र सरकार : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं। मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में कदम रखते ही इस बात का आभास करा दिया था कि यह सरकार किसान, दलित, मजदूर, महिला और ग़रीब विरोधी है। यह बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कही। श्री राम ने कहा कि अच्छे दिन आने वाले हैं, हम मोदी जी को लाने वाले हैं–यह गाना शायद नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या जैसे बैंकों के लुटेरों और मोदी जी के दोस्तों अडानी-अंबानी ने लिखा था, क्योंकि यह सिर्फ इन्हीं लोगों के लिए ही चरितार्थ हुआ। श्री राम ने कहा कि बिहार को चुनावी वादों में विकास के पथ पर अग्रसर करने की बात कहने वाले प्रधानमंत्री ने भर भरकर यहां से सांसद जिताएं लेकिन एक उद्योग तक नहीं स्थापित कर सकें। बीते 11 साल महंगाई और बेरोज़गारी की भेंट चढ़ गए, और हमारे प्रधानमंत्री बड़बोले भाषण और झूठ की भरमार गढ़ते रहे। न्होंने कहा कि बिहार को लगातार छलने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर्मों से देश के सबसे निकम्मे और कामचोर प्रधानमंत्री बन चुके हैं।

# वैज्ञानिक तकनीकों से जुड़ें, आत्मनिर्भर बनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में अभियान के बारहवें दिन भी बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में विविध कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अभियान वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संस्थागत समन्वय एवं किसानों की सक्रिय भागीदारी के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है। कार्यक्रमों के दौरान वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों और संबंधित अधिकारियों की टीमों ने गांवों का दौरा किया तथा किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया। किसानों को वैज्ञानिक, आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही, किसानों ने भी अपनी स्थानीय समस्याएँ और चुनौतियाँ खुले मन से साझा कीं, जिनके व्यावहारिक समाधान मौके पर ही सुझाए गए। इस अभियान के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन आज कृषि विज्ञान केंद्र, बाढ रिसर में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही, डॉ. डी. आर. सिंह, माननीय कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, अन्य गणमान्य अतिथियों, विभागीय अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से उल्लेखनीय बनाया। कार्यक्रम में 600 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, जलवायु अनुकूल खेती, प्राकृतिक कृषि, उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती, और कृषि यंत्रीकरण से जुड़ी नवीनतम जानकारियाँ प्रदान की गईं। मंत्री श्री ठाकुर ने अपने संबोधन में किसानों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने का आह्वान करते हुए उन्हें तकनीकी संस्थानों से जुड़ने की सलाह दी।

# बिहार की राजनीति में अभी सुर्खियों में हैं चिराग पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोजपा (रा) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अभी बिहार की राजनीति में सुर्खियों में बने हुए हैं। उनके हालिया बयानों से राजनीतिक हलकों में हलचल मची हुई है। सूबे के सियासी गलियारे में यह सवाल भी उठ रहा है कि चिराग पासवान कहीं एनडीए में 'डबल गेम' तो नहीं खेल रहे हैं? दरअसल, रविवार को आरा की जनसभा में चिराग पासवान ने यह घोषणा कर सनसनी फैला दी है कि वह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे और सभी 243 सीटों पर लड़ेंगे। चिराग पासवान के इस ऐलान के बाद सियासी गलियारे में हलचल बढ़ गई है। चिराग पासवान के बयान के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। सियासी गलियारे में यह कयास लगाए जाने लगे हैं कि क्या चिराग पासवान 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के जैसा खेला इसबार भी खेलेंगे क्या? कहीं इसके पीछे भाजपा का तो हांथ नही? कई सवाल उठाए जाने लगे हैं। इधर, चिराग पासवान के बयान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नींद उड़ा दी है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चिराग का यह बयान न केवल उनकी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है बल्कि एनडीए के भीतर और बाहर के समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता भी रखता है। चिराग का यह दावा कि उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और एनडीए को जिताएगी। पहली नजर में एक अतिशयोक्तिपूर्ण बयान लग सकता है, लेकिन यह उनकी रणनीति का हिस्सा है। बता दें कि 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग ने जदयू के खिलाफ बगावत कर कई सीटों पर नीतीश के उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचाया था, जिसके कारण जदयू को केवल 43 सीटें मिली थी। उसवक्त जदयू ने भाजपा पर यह आरोप लगाया था कि भाजपा के कहने पर चिराग पासवान ने यह खेला किया था, जिससे जदयू को कमजोर किया जा सके। हालांकि इसबार चिराग ने नीतीश कुमार को एनडीए का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है, लेकिन उनका सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का बयान नीतीश कुमार के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। वैसे यह बयान जदयू और भाजपा पर दबाव बनाने का भी प्रयास हो सकता है, ताकि उनकी पार्टी को अधिक सीटें मिले। सूत्रों के अनुसार, जदयू और भाजपा 100-100 सीटों पर दावा कर रहे हैं, जबकि बाकी सीटें चिराग, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टियों के बीच बंटेंगी। वहीं, चिराग का 40 सीटों का दावा और फिर सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की बात के मायने निकाले जा रहे हैं। चिराग का बयान बिहार की सियासत में एक नया मोड़ ला सकता है।

# दो दिवसीय श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय का भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 12 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा पटना के प्रथम दिगम्बर जैन मंदिर का जीर्णोद्धार जैन महामुनि समाधिस्त आचार्य विराग सागर एवं समाधिस्त विद्यासागर तथा पट्टाचार्य विशुद्ध सागर मुनिराज के मंगल आशीर्वाद एवं मुनि प्रमाणसागर की प्रेरणा से किया गया है। इस जिनालय का भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 12 एवं 13 जून को प्रतिष्ठाचार्य डॉ अभिषेक जैन, शिक्षाचार्य द्वारा जैन मुनि विशल्य सागर जी के सानिध्य में किया जाएगा। जैन समाज के मुकेश जैन ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार स्व. शांतिलाल जैन एवं अन्य के सहयोग से किया गया है। पूरे कार्यक्रम के संयोजक शांतिलाल महेश कुमार सेठी परिवार है। महेश जैन ने बताया कि 12 जून को गुरारा जैन मंदिर से प्रातः सात बजे घटयात्रा तथा जिन बिम्ब आगमन आदिनाथ जिनालय में होगा। प्रतिष्ठाचार्य डॉ अभिषेक जैन ने बताया कि 13 जून को अभिषेक, शांतिधारा, के बाद विश्व शांति महायज्ञ किये जायेंगे। वेदी प्रतिष्ठा के बाद वेदी पर श्रीआदिनाथ सहित अन्य जिनबिम्ब स्थापित किये जायेंगे। एमपी जैन ने बताया कि वेदी पर स्थापित होनेवाली श्रीशान्तिनाथ भगवान की नव प्रतिष्ठित प्रतिमा पटना निवासी ईशान जैन-अर्चना जैन द्वारा विराजमान की गई है।

# बगीचों व फसलों में कीट प्रबंधन योजना से बढ़ेगी उत्पादकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा किसानों की आय में वृद्धि तथा उद्यानिक फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बगीचों एवं फसलों में कीट प्रबंधन योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत राज्य के किसानों को उनके उद्यानिक फलों एवं फसलों में कीट-व्याधियों के नियंत्रण हेतु अनुदानित दर पर छिड़काव की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। छिड़काव का कार्य सरकार द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाताओं के माध्यम से अनुशंसित कीटनाशकों के प्रयोग से कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना में आम, लीची, अमरूद, केला और पपीता जैसे फलों की फसलों को शामिल किया गया है। आम के वृक्षों में कीट और फ्रूट ड्रॉप की समस्या के समाधान हेतु किसानों को प्रथम छिड़काव पर 57 रुपये प्रति वृक्ष तथा द्वितीय छिड़काव पर 72 रुपये प्रति वृक्ष की दर से 75% अनुदान दिया जाएगा। एक किसान अधिकतम 112 वृक्षों (प्रति छिड़काव) तक इस योजना का लाभ ले सकता है। लीची में प्रथम छिड़काव के लिए 162 रुपये प्रति वृक्ष तथा द्वितीय छिड़काव के लिए 114 रुपये प्रति वृक्ष का अनुदान मिलेगा, जिसमें एक किसान अधिकतम 84 वृक्षों तक की सुविधा प्राप्त कर सकेगा। अमरूद की फसल हेतु प्रथम छिड़काव पर 33 रुपये तथा द्वितीय पर 45 रुपये प्रति वृक्ष की दर से 75% अनुदान दिया जाएगा और एक किसान को प्रति छिड़काव अधिकतम 56 वृक्षों पर यह लाभ प्राप्त होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि केला और पपीता के पौधों के लिए योजना के तहत प्रथम छिड़काव (कीटनाशी सहित) पर 50% अथवा 2150 रुपये प्रति एकड़ तथा द्वितीय छिड़काव पर 50% अथवा 2000 रुपये प्रति एकड़ का अनुदान निर्धारित किया गया है। इससे रोगों के प्रभावी नियंत्रण में सहायता मिलेगी तथा फल उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषकों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए डीबीटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# एनडीए सरकार के 11 वर्ष अतुलनीय : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 11 वर्ष और मोदी सरकार 0.3 के एक वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि आज बदले हुए सशक्त व समर्थ भारत हर भारतवासियों को गौरवान्वित कर रहा है। इन गुजरे 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीतियों का नतीजा है कि आज भारत न आंख झुकाकर, न आंख उठाकर बल्कि दुनिया की बड़ी ताकतों से भी आंख मिलाकर बातें करता है। आतंकवाद को लेकर भारत की बदली हुई नीति 'न्यू नार्मल' भारत की आज पहचान है। श्री पाण्डेय ने कहा कि एनडीए सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। पिछले 11 वर्षों में आत्मनिर्भर होते भारत ने हर भारतीयों को आत्मविश्वास से भर दिया है। एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के तहत आज 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न मिल रहा है, 15 करोड़ से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन पहुंचा है। गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए हैं, 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। 68 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण मिले हैं। छोटे उद्यमियों को 52.5 करोड़ ऋण दिए गए हैं और 20 करोड़ महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान नकद सहायता दी गई थी। श्री पांडेय ने कहा कि युवा, महिलाएं, किसान और सभी तबके के गरीब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। पिछड़े, दलित व आदिवासियों के उत्थान के प्रति भी यह सरकार समर्पित रही है।

# गया और भागलपुर मेडिकल कॉलेज का हुआ कायाकल्प, पीएमसीएच का अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार के सबसे पुराने अस्पतालों में एक पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल) के कायाकल्प का कार्य तकरीबन पूरा हो गया है। इसका सिविल या आधारभूत संरचना से संबंधित कार्य 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। शेष कार्य आने वाले कुछ महीनों में पूरे हो जाएंगे। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाय) के अंतर्गत पीएमसीएच के कायाकल्प की प्रक्रिया चल रही है। इस योजना में दो अन्य भागलपुर और गया मेडिकल कॉलेज के कायाकल्प की प्रक्रिया पूरी हो गई है। तीनों अस्पतालों को अपग्रेड करने से संबंधित यह कवायद प्रधानमंत्री के स्तर से बिहार को दिए गए विशेष पैकेज का ही हिस्सा है। इसे लेकर हाल में मुख्य सचिव और विकास आयुक्त के स्तर पर हुई समीक्षा बैठक में पीएम पैकेज के क्रियान्वयन से संबंधित स्थिति सामने आई।

## दो मेडिकल कॉलेजों की बदली सूरत

भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और गया स्थित अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को 200-200 करोड़ रुपये खर्च करके अपग्रेड कर लिया गया है। इन दोनों मेडिकल कॉलेज नए कलेवर में दिखने लगे हैं। इनका उद्घाटन भी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने पिछले वर्ष सितंबर में कर दिया है। वहीं, पीएमसीएच को अपग्रेड करने की कवायद अंतिम चरण में है। इस पर भी 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। हालांकि इसके भवन समेत अन्य जरूरी चीजों का उद्घाटन होने के साथ ही इसे चालू कर दिया गया है।

## लक्ष्य से अधिक बनी ग्रामीण सड़कें

बिहार की ग्रामीण अंचलों में सड़कों को सुदृढ़ करने के लिए पीएमजीएसवाय (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना) में 22 हजार 500 किमी सड़कों का नेटवर्क तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था परंतु इससे कहीं ज्यादा 2 हजार 864 किमी लंबी सड़क तैयार हो गई है। इस पर 18 हजार 909 करोड़ रुपये का खर्च आया है, जिसमें केंद्रीय हिस्सेदारी 11 हजार 474 करोड़ रुपये तथा राज्य की हिस्सेदारी 8 हजार 706 करोड़ रुपये है।

## पेट्रोलियम एवं गैस के प्रोजेक्ट-बदल रहे बिहार की सूरत

पीएम पैकेज में पेट्रोलियम एवं गैस से जुड़े प्रोजेक्ट को भी शामिल कर पूरा किया गया है, जिससे बिहार की सूरत बदलने में काफी मदद मिली है। इसमें आईओसीएल, एचपीसीएल और गेल से जुड़े अधिकांश प्रोजेक्ट पूरे हो गए हैं। जबकि, कुछ प्रोजेक्ट अंतिम चरण में है। आईओसीएल के अंतर्गत बरौनी रिफाइनरी की क्षमता का विस्तार कार्य तेजी से चल रहा है। 14 हजार 810 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के अगस्त 2026 तक पूरा होने की संभावना है। अब तक आईओसीएल के अंतर्गत तीन प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं, जिनकी लागत 4 हजार 369 करोड़ रुपये है। इसमें बरौनी रिफाइनरी में 1500 करोड़ रुपये की लागत से बीएस-4 एवं बीएस-6 स्तर के ईंधन का शोधन संयंत्र का निर्माण। मोतिहारी से अमलेखगंज के बीच 324 करोड़ रुपये की लागत से पाइपलाइन निर्माण। पारादीप हल्दिया से दुर्गापुर के बीच 2 हजार 545 करोड़ रुपये की लागत से एलपीजी पाइपलाइन का एक्सटेंशन कार्य संपन्न। इसी तरह एचपीसीएल के चार प्रोजेक्ट भी पूरे हुए हैं, जिनकी लागत 176 करोड़ रुपये है। पटना स्थित एलपीजी प्लांट पर 45 करोड़ रुपये खर्च करके इसकी की क्षमता दोगुणी की गई। इसी प्लांट में 15 करोड़ रुपये खर्च करके 1.5 टन का अतिरिक्त भंडारण क्षमता विकसित किया गया है। पूर्णिया के एलपीजी प्लांट को भी अपग्रेड करते हुए क्षमता को दोगुणी कर दी गई है। मुजफ्फरपुर के सगौली में 110 करोड़ की लागत से नया एलपीजी संयंत्र बनाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन 12 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम द्वारा 12 जून को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में एकदिवसीय प्रदर्शन का आयोजन करने ाा निर्णय लिया है। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं की हताशा के विरुद्ध आवाज बनकर कांग्रेस पार्टी प्रत्येक जिला रोजगार केंद्रों पर यह प्रदर्शन आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने इस बाबत निर्देश जारी करते हुए सभी कांग्रेसजन को जिला मुख्यालय पर इस एक दिवसीय प्रदर्शन के आयोजन को पत्र जारी किया है। सरकार की उदासीनता के खिलाफ यह प्रदर्शन सामूहिक चेतना का भी काम करेगी। मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने इस आशय का पत्र जारी किया है जिसमें जिलाध्यक्षों को बेरोजगारी के विरुद्ध रोजगार केंद्र पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश जारी किया गया है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देश में प्रत्येक जिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे, जिसकी सूचना संबंधित जिला को दे दी जाएगी।

### यूजी ऑनलाइन बीबीए कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर (आईआईएमबी) ने बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन डिजिटल बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप (बीबीऐ दीबीई) कार्यक्रम के दूसरे बैच के दाखिले शुरू किए। यह देश का पहला आईआईएमबी अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है। इच्छुक छात्र संस्थान के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि - 17 जून 2025, प्रवेश परीक्षा की तिथि - 20 जुलाई 2025 है। इस कार्यक्रम में 29 राज्यों और 359 शहरों से 1,000 से अधिक छात्रों ने इसमें नामांकन किया। सुरेश भगवतुला, चेयरपर्सन प्रोफ़ेसर ने बताया, व्यवसाय में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे किया जाए इस बारे में जानकारी होना सभी के लिए आवश्यक है। यह तीन वर्ष का ऑनलाइन पाठ्यक्रम है, जिसे तीन चरणों सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री में विभाजित किया गया है। इच्छुक छात्र अपनी शैक्षणिक रुचियों के आधार पर किसी भी स्तर पर प्रवेश ले सकते हैं और यह किसी अन्य पाठ्यक्रम के साथ डबल डिग्री के रूप में भी किया जा सकता है। इस कोर्स में मुख्य बिजनेस शिक्षा को डिजिटल और एंटरप्रेन्योरियल दक्षताओं के साथ जोड़ा गया है और स्कॉलरशिप का दायरा बढ़ाकर इसे अधिक सुलभ व किफायती बनाया है।

### घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों को मारी गोली, मां-बेटी की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र स्थित न्यू आरफाबाद कॉलोनी में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब जटाही मंदिर के पास तीन लोगों को गोली मार दी गई। हमले में मां-बेटी की मौत हो गई है जबकि पिता गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। यह फायरिंग रिटायर्ड नर्स महालक्ष्मी, उनके पति धनंजय मेहता और 19 वर्षीय बेटी पर हुई है। तीनों को आनन-फानन में इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस को सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की गई। मौके पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है ताकि तकनीकी जांच के जरिए हमलावरों की पहचान की जा सके। पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अतुलेश झा ने बताया कि घटना के पीछे की वजहों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मोहल्ले में चल रहे आपसी विवाद की बात सामने आई है लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता चल सके। स्थानीय लोगों के अनुसार पीड़ित परिवार का कुछ समय से मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ विवाद चल रहा था। यह वारदात उसी रंजिश का नतीजा हो सकती है। हालांकि पुलिस अभी किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। फिलहाल पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और संभावित आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है। पटना पुलिस का दावा है कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जातीय जनगणना के नाम पर सिर्फ दिखावा कर रही भाजपा : मनोज झा


**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने सोमवार को केंद्र सरकार और विशेष रूप से भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जातीय जनगणना, आरक्षण और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर केन्द्र सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़े किए हैं। मनोज झा ने राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार की मंशा जातीय आंकड़ों को दबाने और पिछड़े वर्गों को गुमराह करने की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की नीतियां सिर्फ आरक्षण विरोधी नहीं, बल्कि राजनीतिक अवसरवाद से प्रेरित हैं। मनोज झा ने कहा कि भाजपा पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों को भ्रमित करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुई एक दुखद घटना के बाद अचानक प्रधानमंत्री को जातीय जनगणना की याद आई और उन्होंने इसकी सहमति दे दी। मनोज झा ने सवाल उठाया कि क्या इस तरह की संवेदनशील प्रक्रिया राजनीतिक अवसरवादिता के तहत चलाई जाएगी? साथ ही उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जातीय जनगणना के नाम पर सिर्फ दिखावा कर रही है और इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है। सरकार केवल पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों की गिनती करेगी, लेकिन उप-जातियों की गणना नहीं की जाएगी। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि जातीय आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

### भाजपा का मोहरा हैं चिराग : उदित राज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा है। इसी क्रम में बिहार दौरे पर आए कांग्रेस नेता और दलित चिंतक उदित राज ने भाजपा, चिराग पासवान और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर ही चलते हैं। उन्होंने चिराग को सीधे-सीधे भाजपा का 'मोहरा' बताया। उदित राज ने नीतीश कुमार की मौजूदा स्थिति पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि अब वे भाजपा के छोटे पार्टनर हो गए हैं। जो पहले कभी बड़े हुआ करते थे, अब उन्हें लाले पड़ जाएंगे कि उनका बेटा पंचायत चुनाव भी जीत पाए या नहीं। उनका आरोप है कि पिछली बार चुनावों में भाजपा ने चिराग पासवान को नीतीश कुमार के खिलाफ खड़ा किया, जिससे नीतीश की सीटें कम हो गईं। उदित राज ने कहा कि चिराग की पार्टी से आरएसएस के कैडर उम्मीदवारों को चुनाव में उतारकर नीतीश को कमजोर किया गया। इस बार भाजपा उन्हें और नीचे गिरा देगी। सीटें चाहे बराबर दे दे, लेकिन असली गेम स्ट्राइक रेट में होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद को 80-90 फीसदी स्ट्राइक रेट तक ले जाकर नीतीश को घर बैठा देगी।

### शंकर मोटर्स ने लांच किया टाटा की नई कार ऑल न्यू अलट्रोज 2025

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के टाटा मोटर्स के अधिकृत डीलर शंकर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टाटा की नई कार ऑल न्यू अलट्रोज 2025 की धूमधाम से लांचिंग की गई। इस मौके पर यूनियन बैंक के मैनेजर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अलट्रोज फील स्पेशल मैं आकर्षक फ़ीचर जैसे फलश डोर हैंडल, इन्फिनिटी एल डी टेल लैंप हरमन का इंफोटेनमेंट सिस्टम, सिक्स एयर बैग वाईस अस्सिटेंट इलेक्ट्रिक सनरूफ इत्यादि मौजूद हैं। इस मौके पर शंकर मोटर्स के सीइओ अरविन्द कुमार पांडेय, जनरल मैनेजर प्रवीण कुमार झा एवं शंकर मोटर्स के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।



## संपादकीय

# संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज को शुचिता और पारदर्शी बनाना प्राथमिक शर्त

लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज में शुचिता और पारदर्शिता प्राथमिक शर्त है। मगर राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित में सरकारों ने सबसे अधिक कमजोर इन्हीं संस्थाओं को किया है। शायद ही कोई संवैधानिक संस्था बची है, जो भ्रष्टाचार और कदाचार की जकड़बंदी से मुक्त हो। फिर भी जब इन संस्थाओं के भीतर से ही शुचिता लाने के संकल्प उभरते हैं, तो स्वाभाविक रूप से बेहतरी की उम्मीद बनती है। देश की न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। निचली अदालतों पर तो ऐसे आरोप आम रहे हैं, पर ऊपरी अदालतों में भी पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामले सामने आए हैं, जिससे न्यायपालिका की साख पर सवाल उठने लगे हैं।ऐसे में प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने इस समस्या को साफगोई से स्वीकार किया और इसे दूर करने का संकल्प दोहराया है, तो सकारात्मक नतीजों का भरोसा बना है। ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता का भरोसा टूटता है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। यह बात उन्होंने दिल्ली में न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से बरामद जली नगदी नोटों के संदर्भ में कही।प्रधान न्यायाधीश ने भारतीय न्यायपालिका के भीतर जड़ें जमा रही या जमा चुकी उन सभी समस्याओं को बड़े साफ शब्दों में स्वीकार किया, जिन्हें लेकर अंगुलियां उठती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उच्चतम न्यायालय और कुछ उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के राजनीतिक दबाव में या निजी स्वार्थ साधने के मकसद से फैसले सुनाने को लेकर काफी असंतोष जाहिर किया जाता रहा है। कुछ न्यायाधीशों ने सेवामुक्त होने के तुरंत बाद सरकारी पद स्वीकार कर लिया, तो कुछ चुनावी मैदान में उतर गए। इसे किसी भी रूप में नैतिक नहीं माना गया।हालांकि अब उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया है कि वे सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे, न इस्तीफा देकर चुनाव लड़ेंगे। इससे यह उम्मीद तो बनी है कि शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश सत्ता के किसी दबाव में आकर कोई फैसला सुनाने से बच सकेंगे। राजनीतिक लोभ और दबाव से मुक्त हुए बिना न्यायपालिका सही अर्थों में अपने दायित्व का निर्वाह नहीं कर सकती। इसलिए प्रधान न्यायाधीश का इस दिशा में प्रयास सराहनीय है।लोकतंत्र में न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा इसलिए भी बने रहना बहुत जरूरी है कि यही एक स्तंभ है, जिस पर संविधान की रक्षा का दायित्व और राजनीतिक तथा व्यवस्थागत कदाचार पर नकेल कसने का अकूत अधिकार है। यह भी अनुभव जगजाहिर है कि जब भी न्यायपालिका कमजोर दिखती है, तो सत्ता पक्ष की मनमानियां बढ़ती जाती हैं।

# भारत में बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज, पाकिस्तान-चीन क्यों परेशान

**20वीं सदी की शुरुआत में कश्मीर के राजा प्रताप सिंह ने जम्मू और श्रीनगर के बीच एक रेल लिंक की नींव रखी, लेकिन राजा की मौत के बाद 1925 में इसका काम बंद कर दिया गया।हालांकि, 1890 तक वजीराबाद (अब पाकिस्तान में) से जम्मू के बीच रेल लाइनें बन चुकी थीं। 1947 में बंटवारे के बाद देश की 40 प्रतिशत रेल लाइनें और संसाधन पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। साथ ही पाकिस्तान ने वजीराबाद-जम्मू रेलवे लाइन को बंद कर दी। आजादी के बाद 1952 में पहली बार कश्मीर तक रेल पहुंचाने का काम शुरू हुआ। इसके लिए एक छोटी सी कोशिश की गई। दरअसल, पंजाब के जालंधर तक ट्रेन जाती थी। वहीं जालंधर के आगे मुकरियां से पठान कोट के बीच पटरी थी, लेकिन मुकरियां और जालंधर के बीच रेलवे लाइन नहीं थी। ऐसे में यहां 72.6 किमी. रेलवे लाइन बिछाई गई। 7 अप्रैल 1952 को जांलधर से पठान कोट तक ट्रेन चलना शुरू हुई, लेकिन अब भी कश्मीर 227 किमी. दूर था।**

(जाहिद अहमद)

6 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे ऊंचे 'चिनाब रेलवे ब्रिज' का उद्घाटन किया। कश्मीर घाटी में चिनाब नदी पर बना ये ब्रिज इंजीनियरिंग का बेमिसाल नमूना है, जो पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह ब्रिज 40 किलो तक विस्फोटक और 8 तीव्रता तक का भूकंप भी झेल सकता है। इसके बनने से पाकिस्तान और चीन परेशानियां बढ़ गई हैं, लेकिन कश्मीर में इतना बड़ा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में 133 साल लग गए।

आखिर चिनाब ब्रिज के बनने की पूरी कहानी क्या है, भारत के लिए ये इतना अहम और खास क्यों है और इससे पाकिस्तान और चीन को क्या दिक्कतें हैं; जानेंगे आज के एक्सप्लेनर में अंग्रेजों के समय घाटी तक रेल पहुंचाने की कोशिश हुई।1892 में अंग्रेजों ने जम्मू से कश्मीर तक रेल लाइन बिछाने की कोशिश की। चीन से व्यापार को बेहतर करने के लिए इस पूरे इलाके में रेल लाइन बिछाई जा रही थी, लेकिन कुछ खास हासिल नहीं हुआ।

20वीं सदी की शुरुआत में कश्मीर के राजा प्रताप सिंह ने जम्मू और श्रीनगर के बीच एक रेल लिंक की नींव रखी, लेकिन राजा की मौत के बाद 1925 में इसका काम बंद कर दिया गया।हालांकि, 1890 तक वजीराबाद (अब पाकिस्तान में) से जम्मू के बीच रेल लाइनें बन चुकी थीं। 1947 में बंटवारे के बाद देश की 40 प्रतिशत रेल लाइनें और संसाधन पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। साथ ही पाकिस्तान ने वजीराबाद-जम्मू रेलवे लाइन को बंद कर दी।

आजादी के बाद 1952 में पहली बार कश्मीर तक रेल पहुंचाने का काम शुरू हुआ। इसके लिए एक छोटी सी कोशिश की गई।

दरअसल, पंजाब के जालंधर तक ट्रेन जाती थी। वहीं जालंधर के आगे मुकरियां से पठान कोट के बीच पटरी थी, लेकिन मुकरियां और जालंधर के बीच रेलवे लाइन नहीं थी।

ऐसे में यहां 72.6 किमी. रेलवे लाइन बिछाई गई। 7 अप्रैल 1952 को जांलधर से पठान कोट तक ट्रेन चलना शुरू हुई, लेकिन अब भी कश्मीर 227 किमी. दूर था।

1966 में पठानकोट से माधोपुर और माधोपुर से कठुआ तक ट्रैक बिछाया गया। ट्रेन भी चलाई गई।

कठुआ पहुंचते ही जम्मू-कश्मीर शुरू हो जाता है। इस रास्ते पर ट्रैक बिछाना बहुत मुश्किल काम था, जिसकी वजह थी रावी नदी। इस नदी पर छोटे-बड़े पुल बनाए गए।

**1972 में जम्मू पहुंची पहली यात्री ट्रेन 'झेलम एक्सप्रेस'**- 1965 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान भारतीय सेना को बॉर्डर के इलाकों में पहुंचने में काफी मुश्किलें आईं। तब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लगा कि घाटी में रेल नेटवर्क को बढ़ाना पड़ेगा, जिससे सेना और लोगों को फायदा हो।

अर्ली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 1969 में कठुआ से जम्मू तक पहुंचने के लिए रेलवे लाइन की नींव रखी गई। इसका जिम्मा नॉर्दर्न रेलवे को मिला। कठुआ से जम्मू के बीच 76 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई गई, जो पठानकोट-कठुआ ब्लॉक से शुरू होकर जम्मूतवी तक जाती थी। ये प्रोजेक्ट इतना अहम था कि 1971 की जंग के दौरान भी इसका काम नहीं रुका।

1972 में इस रेलवे लाइन का काम पूरा हुआ। 2 अक्टूबर 1972 को पहली मालगाड़ी चलाई गई। इसके बाद 2 दिसंबर 1972 को नई दिल्ली से जम्मू तक एक यात्री ट्रेन चलाई गई। तब इस ट्रेन को दुल्हन की तरह सजाया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. कर्ण सिंह और ओम मेहता इस ट्रेन से जम्मू पहुंचे। पहले इसे 'श्रीनगर एक्सप्रेस' कहा जाता था, लेकिन अब 'झेलम एक्सप्रेस' कहा जाता है। झेलम एक्सप्रेस को पहले 'श्रीनगर एक्सप्रेस' कहा जाता था और अब ये पुणे से जम्मूतवी तक जाती है। जम्मू तक रेल पहुंचने पर यह दिल्ली से जुड़ गया था, लेकिन अब भी कश्मीर तक पहुंचना बाकी था। उस वक्त कश्मीर केवल एनएच-44 हाईवे से ही पहुंचा जा सकता था, जो उधमपुर से होकर जाता था। उधमपुर को कश्मीर का गेटवे माना जाता है। ऐसे में कश्मीर तक रेल पहुंचाने की शुरुआत यहीं से हुई।



**1994 में शुरू हुआ चिनाब ब्रिज का रेल प्रोजेक्ट यूएसबीआरएल** - अर्ली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 1983 में इंदिरा गांधी ने जम्मू-उधमपुर रेलवे लाइन की नींव रखी। 5 साल में 50 करोड़ की लागत से 53 किमी. ये रेलवे लाइन तैयार होनी थी, लेकिन इसे बनाने में 21 साल लग गए और 515 करोड़ खर्च हुए। शिवालिक की पहाड़ियों को काटकर 20 टनल और 158 पुल बनाए गए।

1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक यानी एसबीआरएल प्रोजेक्ट शुरू किया। शुरुआत में इसका बजट 2.5 हजार करोड़ रुपए था, जो 2025 तक बढ़कर 42.93 हजार करोड़ रुपए हो गया।

**2003 में चिनाब ब्रिज पर मुहर लगी, 22 साल में तैयार हुआ**- कारगिल युद्ध के बाद 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यूएसबीआरएल को सेंट्रल प्रोजेक्ट घोषित किया। यानी इस प्रोजेक्ट का खर्च केंद्र सरकार ने उठाया और निगरानी रखी।

2003 में सरकार ने हर मौसम में कश्मीर घाटी को देश के दूसरे हिस्सों से जोड़ने के लिए चिनाब ब्रिज बनाने का फैसला किया। 2009 तक इस ब्रिज को बनकर तैयार होना था। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया।

डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान उधमपुर से कश्मीर तक दोनों छोर पर रेल लाइनें बिछाई गईं, लेकिन इनके बीच में रेलवे लाइन नहीं बनी।

2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने एसबीआरएल प्रोजेक्ट के लिए प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लिमेन्टेशन यानी प्रगति पहल शुरू की। इसके तहत पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज के निर्माण की खुद निगरानी की और जरूरी फंड मंजूर किया। अब करीब 2 दशक के बाद 1,486 करोड़ रुपए की लागत से चिनाब नदी पर ये ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ कश्मीर को भारत से सीधे जोड़ने का सपना भी पूरा हुआ।

**120 साल तक भूकंप, बाढ़ और बर्फबारी को झेल सकता है चिनाब ब्रिज**- दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज 'चिनाब ब्रिज' को भूकंप, बाढ़, बर्फबारी और विस्फोटकों से बचाने के लिए खास तरीके से तैयार किया गया है। ब्रिज का इलाका भूकंप के जोन चार में आता है, लेकिन इसे भूकंप क्षेत्र पांच के लिए डिजाइन किया गया है। यानी यह भूकंप के लिहाज से काफी सुरक्षित है और रिक्टर स्केल पर 8 की तीव्रता वाले भूकंप को भी आसानी से झेल लेगा। इस ब्रिज को अगले 120 साल के लिए बनाया गया है।

चिनाब रेलवे ब्रिज को तैयार करने में कुल 17 खंभे बनाए गए हैं। इसका सबसे ऊंचा कॉन्क्रीट का बना खंभा 49.343 मीटर का है और इसका सबसे ऊंचा स्टील का खंभा करीब 130 मीटर का है। स्टील के इस खंभे को बनाने के लिए 29 हजार टन से भी ज्यादा स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन यानी छ्रत्रछ्ह की मदद से इस ब्रिज को ब्लास्ट लोड के लिए भी डिजाइन किया गया है। यानी 40 किलोग्राम या इससे ज्यादा विस्फोटक होने पर भी इस ब्रिज पर ब्लास्ट का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**चिनाब ब्रिज भारत से कश्मीर को अलग होने से 4 बड़े तरीकों से रोकेगा**- अलगाववादी भावना पर लगाम लगेगी- बेहतर कनेक्टिविटी और विकास से कश्मीर के लोगों में भारत के साथ एकता की भावना बढ़ेगी। इससे अलगाव यानी कश्मीर को भारत से अलग करने की सोच खत्म होगी। कश्मीर का सबसे बड़ा मुद्दा अलगाववाद है। इस ब्रिज से कश्मीर को भारत से अलग करने की मांग खत्म हो जाएगी।

हर मौसम में रास्ता चालू रहेगा- यह ब्रिज कश्मीर को जम्मू और देश के बाकी हिस्सों से हमेशा जोड़े रखेगा। अभी तक सर्दियों के मौसम में कश्मीर जाने में परेशानी होती थी क्योंकि बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हो जाती थीं, लेकिन अब चिनाब ब्रिज के जरिए हर मौसम में कश्मीर पहुंचा जा सकेगा।

आर्थिक विकास बढ़ेगा- कश्मीर के सेब, शॉल, केसर समेत अन्य उत्पाद देश के बड़े बाजारों में आसानी से पहुंचेंगे। इससे कश्मीर की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी और विकास तेजी से बढ़ेगा। वहीं सस्ती रेल यात्रा से कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय रोजगार बढ़ेगा।

सेना की आवाजाही तेजी से होगी- इस ब्रिज के जरिए सेना और अर्धसैनिक बलों की तेजी से आवाजाही होगी। संघर्ष या बिगड़ते हालात के दौरान जल्दी डिप्लॉयमेंट हो सकेगा। इससे सीमावर्ती इलाकों में सेना की पहुंच मजबूत होगी और सुरक्षा बढ़ेगी।

**चिनाब ब्रिज से पाकिस्तान और चीन की चिंता क्यों बढ़ी है?**

डिफेंस एक्सपर्ट रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल जेएस सोढ़ी के मुताबिक, चिनाब ब्रिज कश्मीर के अखनूर इलाके में बना है। जैसे नॉर्थ ईस्ट में सिलीगुड़ी कॉरिडोर को चिकन नेक कहा जाता है, जहां अगर चीन का कब्जा हो जाए तो देश दो हिस्सों में टूट सकता है। इसी तरह अखनूर इलाका कश्मीर का चिकन नेक है। ऐसे में यहां चिनाब ब्रिज का बनना भारत के लिए सामरिक तौर पर बेहद अहम है। इससे कश्मीर पर भारत की पकड़ ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

कश्मीर में लंबे समय तक तैनात रहे रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी बताते हैं, 'चिनाब रेलवे ब्रिज कनेक्ट होने के साथ ही दिल्ली की कश्मीर में सीधी पहुंच हो जाएगी। इससे हमारी सामरिक और सैन्य क्षमताओं में जबरदस्त इजाफा होगा। कश्मीर में तैनात सेना तक आर्म्स, एम्युनिशन, टैंक सीधे घाटी में पहुंच सकेंगे। बारामूला तक रेल कनेक्ट होने से बॉर्डर तक रसद की पहुंच भी आसान होगी।'

जंग की स्थिति में इस ब्रिज की वजह से पाकिस्तान पर भारत भारी पड़ेगा। यह लाइन ऑफ कंट्रोल यानी एलओसी से महज 64 किमी. दूर बना है, जिससे सेना और रसद बॉर्डर पर जल्दी पहुंच सकेगा। इसके अलावा घाटी में विकास होगा और ये इलाका हर मौसम में देश के दूसरे हिस्सों से जुड़ा रहेगा, जो पाकिस्तान और चीन के लिए चिंता का सबब है।


# धर्मशाला और मैक्लोडगंज पर्यटन-तिब्बती संस्कृति और हिमालयी सौंदर्य का अद्भुत संगम

(प्रीटी)

धर्मशाला से लगभग 10 किमी दूर स्थित मैक्लोडगंज तिब्बती संस्कृति और बौद्ध दर्शन का प्रमुख केंद्र है। यह छोटा सा कस्बा विदेशी पर्यटकों, ध्यान-साधकों, योगाभ्यासियों और पर्वतारोहण प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित धर्मशाला और मैक्लोडगंज उत्तर भारत के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में गिने जाते हैं। ये स्थान न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और बर्फ से ढकी पहाड़ियों के लिए जाने जाते हैं, बल्कि तिब्बती संस्कृति, बौद्ध धर्म और अध्यात्मिकता के प्रमुख केंद्र भी हैं। धर्मशाला को 'छोटा ल्हासा' भी कहा जाता है क्योंकि यह तिब्बती शरणार्थियों का प्रमुख निवास स्थान है।





**धर्मशाला–शांत वादियों में बसा आध्यात्मिक केंद्र**– धर्मशाला दो भागों में बँटा हुआ है – अपर धर्मशाला (मैक्लोडगंज) और लोअर धर्मशाला। यहाँ का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है और यहाँ की हरियाली, ऊँची पहाड़ियाँ, देवदार और चीड़ के वृक्ष इसे स्वर्ग जैसा अनुभव देते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**– एचपीसीएल क्रिकेट स्टेडियम- समुद्र तल से लगभग 1457 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह स्टेडियम दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट स्टेडियमों में से एक है।

कांगड़ा आर्ट म्यूज़ियमः यहाँ आप पहाड़ी चित्रकला, तिब्बती और बौद्ध वस्तुओं का संग्रह देख सकते हैं।

त्सुगलाखांग कॉम्प्लेक्सः यह दलाई लामा का निवास और आधिकारिक मठ है, जहाँ लोग बौद्ध धर्म और ध्यान की गहराइयों को अनुभव कर सकते हैं।

**मैक्लोडगंजः तिब्बती जीवनशैली और प्रकृति का संगम**– धर्मशाला से लगभग 10 किमी दूर स्थित मैक्लोडगंज तिब्बती संस्कृति और बौद्ध दर्शन का प्रमुख केंद्र है। यह छोटा सा कस्बा विदेशी पर्यटकों, ध्यान-साधकों, योगाभ्यासियों और पर्वतारोहण प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

**प्रमुख आकर्षण**– नामग्याल मठ- यह दलाई लामा का निजी मठ है और ध्यान-प्रेमियों के लिए विशेष स्थान है।

भागसूनाग मंदिर और झरना- यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और पास ही स्थित झरना एक सुंदर प्राकृतिक स्थल है।

त्रियुंड ट्रेक- यह एक मध्यम स्तर का ट्रेक है जहाँ से धौलाधार की पर्वतमालाएँ बेहद निकट से दिखती हैं। यह ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान है।

तिब्बतन मार्केट- यहाँ से आप तिब्बती हस्तशिल्प, थंका पेंटिंग, ऊनी कपड़े और बुद्ध प्रतिमाएँ खरीद सकते हैं।

क्या करें धर्मशाला और मैक्लोडगंज में?

ध्यान और योग शिविरों में भाग लें

बौद्ध धर्म पर आधारित वर्कशॉप

स्थानीय तिब्बती भोजन का आनंद लें (मोमो, थुकपा आदि)

ट्रेकिंग, कैम्पिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियाँ

स्थानीय भिक्षुओं से बातचीत और बौद्ध संस्कृति को समझना

**यात्रा का उत्तम समय**– मार्च से जून और सितंबर से नवंबर के बीच का समय यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त है। सर्दियों में बर्फबारी देखने के लिए दिसंबर-जनवरी का समय भी लोकप्रिय है।

**कैसे पहुँचे?**

हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा गग्गल (धर्मशाला) है, जो शहर से लगभग 13 किमी दूर है।

रेल मार्ग- सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहाँ से टैक्सी या बस द्वारा धर्मशाला पहुँचा जा सकता है।

सड़क मार्ग- दिल्ली, चंडीगढ़ और अमृतसर से नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं।

धर्मशाला और मैक्लोडगंज केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक सुंदरता के संगम स्थल हैं। यदि आप जीवन की दौड़-भाग से कुछ समय निकालकर प्रकृति और आत्मा के साथ एक रिश्ता बनाना चाहते हैं, तो यह स्थल आपके लिए एक आदर्श गंतव्य है।

# संकल्प से सिद्धि-मोदी युग ने गढ़ी नए भारत की सशक्त, सुरक्षित और विकसित तस्वीर

पीयूष गोयल

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा था। एक ऐसा देश, जहां आकांक्षाएं तो थीं लेकिन उनके पूरे होने की दिशा स्पष्ट नहीं थी। लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस दिशा और गति से विकास की यात्रा तय की है, वह आज 'न्यू इंडिया' के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर और वैश्विक मंच पर अपनी स्पष्ट आवाज रखने वाला राष्ट्र है।

इस बदलाव की शुरुआत गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों बाद भी भारतवासी घर, शौचालय, जल और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बनाकर दिए गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से निशुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई जबकि आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाओं ने गरीबों को ?5 लाख तक की बीमा सुरक्षा देकर उन्हें आर्थिक आपदा से बचाया। हर घर जल अभियान के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया। ये योजनाएं सिर्फ कागजों की नीतियां नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में तब्दील होकर आम जनजीवन को बदल चुकी हैं। जन धन योजना के माध्यम से आजादी के बाद पहली बार करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे देश में आर्थिक समावेशन को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। जिन गांवों में कभी बिजली और पक्की सड़कें एक सपना हुआ करती थीं, वहाँ अब सोलर लाइटें जलती हैं। दूर-दराज गांवों की राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन और मेट्रो परियोजनाओं ने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआई ने आज भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जनधन की 'त्रिमूर्ति' ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लगभग समाप्त कर दिया। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँच रहा है। महिला सशक्तिकरण नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर मातृत्व अवकाश में वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं और बेटियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया है। एनडीए और भारतीय सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन जैसी पहलों ने यह साबित किया कि सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण केवल स्लोगन नहीं, बल्कि नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बन चुका है।

कृषि प्रधान देश होने के बावजूद देश का कृषि क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा, सरकारों के तमाम कागजी दावों के उलट स्थिति ये थी कि किसान खेती छोड़कर नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर थे। बीते एक दशक में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आए। आज पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर छोटे किसान को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना, ई-नाम पोर्टल, माइक्रो सिंचाई योजनाएं, और ड्रोन टेक्नोलॉजी के प्रयोग ने कृषि को सिर्फ उपज की दृष्टि से नहीं, बल्कि आय के स्रोत के रूप में मजबूत किया गया है। इसी तरह शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक पहल की गईं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में गुणात्मक परिवर्तन आए। मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा, कौशल आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा, स्वयम, और पीएम ई-विद्या ने शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाया है। स्किल इंडिया के अंतर्गत लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बन रहे हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो साहसिक और तेज़ निर्णय लिए, वे पूरी दुनिया में सराहे गए। स्वदेशी वैक्सीन निर्माण और कोविन पोर्टल का सफल संचालन यह दर्शाता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीक और विज्ञान का निर्माता भी है। साथ ही फिट इंडिया, योग दिवस और आयुष मंत्रालय की सक्रियता ने भारतीय जीवनशैली को फिर से प्रासंगिक बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी की 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की दूरदर्शी सोच ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू उद्योगों और नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उतारने की शक्ति दी है। भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, और पीएलआई स्कीम जैसे प्रोत्साहनों मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और रक्षा विनिर्माण में भी भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

दशकों तक बुनियादी ढांचा निर्माण के क्षेत्र में उस प्रगति से कार्य नहीं हुए जिसकी देश को जरूरत थी। बीते एक दशक में भारत माला, सागर माला, और उड़ान जैसी योजनाओं ने देश के दूरस्त इलाकों को सड़क, रेल, जल और वायु मार्गों से जोड़ने में नई ऊंचाई दी है। वंदे भारत ट्रेनें, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और रेलवे के विद्युतीकरण से न केवल यात्रा की गति बढ़ी है, बल्कि यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल भी बनाया गया है। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व आत्मनिर्भरता दिखाई है। दशकों से लंबित वन रैंक, वन पेंशन लागू हुआ, ब्रह्मोस, आकाश जैसे रक्षा उपकरणों से सेनाओं की न सिर्फ़ ताकत बढ़ी बल्कि भारत दुनिया में हथियार निर्यात भी कर रहा है। विक्रांत का निर्माण, अग्नि मिसाइलों की श्रृंखला और सीमा पर तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

एक ओर जहां आर्थिक और तकनीकी विकास हुआ, वहीं सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण ने भी समाज में नई चेतना पैदा की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ पुनर्निर्माण जैसे प्रकल्पों ने सांस्कृतिक आस्था को सम्मान और भव्यता दोनों दिए है। योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाकर भारत ने पूरी दुनिया को भारतीय दर्शन से जोड़ने का भी कार्य किया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन ने समाज में जागरूकता की नई क्रांति लाई। भारत अब नेट जीरो 2070 के लक्ष्य की ओर कार्यरत है, और सौर ऊर्जा व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी भारत ने पहली बार 'फॉलोवर' से 'लीडर' की भूमिका निभाई है। त्र20 की अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, वॉइस ऑफ़ ग्लोबल साउथ जैसे प्रयासों ने भारत को विकासशील देशों का नेतृत्वकर्ता बना दिया है। भारत अब संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता की दिशा में गंभीर दावेदारी कर रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी विशेषता उसकी राजनीतिक इच्छाशक्ति रही है, चाहे वह धारा 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हो, तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना हो, या एक देश-एक कर जैसी जटिल लेकिन आवश्यक व्यवस्था को लागू करना हो। पारदर्शी शासन और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर देश में 'अंत्योदय' को व्यवहारिक रूप दिया गया है।

आज जब बीते 11 वर्षों की ओर पीछे देखें, तो यह स्पष्ट दिखता है कि यह केवल योजनाओं की सूची नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रीय पुनर्जागरण की जीवंत तस्वीर है। यह कालखंड केवल आर्थिक या भौतिक उपलब्धियों का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राजनीतिक जागरूकता का युग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का संकल्प लिया था वह अब सिर्फ एक नारा नहीं, भारत की पहचान बन चुका है। यह सिद्धि केवल सरकार की नहीं, हर उस नागरिक की है जिसने इस संकल्प में आस्था रखी और यही 21वीं सदी के भारत का असली परिचय है।

# पीएम मोदी के दौरे से तेज होगी विकास की गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सीवान।** आगामी 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव में आयोजित होने वाली जनसभा में पीएम मोदी बिहारवासियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनडीए के सभी नेता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। जनसभा की तैयारियों को लेकर आज सीवान के एक निजी होटल में एनडीए सारण प्रमंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, लोजपा (आर), रालोमो और हम के नेताओं सहित सांसद और विधायक शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि पीएम मोदी का आगमन बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम के दौरे से सीवान और बिहार में विकास की गति तेज होगी और हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ होगा। सीवान, सारण और गोपालगंज सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग जनसभा में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी पीएम का गर्मजोशी से स्वागत करने को तैयार हैं। स्थानीय लोग भी इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर उत्साहित हैं। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद 52वीं बार बिहार आ रहे हैं। 20 जून को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है। उस दिन सीवान, छपरा और गोपालगंज जिले के लोग प्रधानमंत्री को सुनने आएंगे। उस दिन जितन राम मांझी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल होंगे।

# सिपाहियों ने कोर्ट में आरोपित को पहचानने से किया इंकार, निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बेतिया एसपी डा. शौर्य सुमन ने जिला बल में तैनात सिपाही परमानंद रजक एवं रंजीत कुमार को अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता एवं संदिग्ध आचरण के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। आरोप है कि उन दोनो ने कोर्ट में एक आरोपी को पहचानने से इंकार कर दिया। कोर्ट में होस्टाईल होने पर पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनो को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2024 में 12 अप्रैल को सिकटा थाना क्षेत्र के झुमका में पुलिस छापामारी करने गयी थी जिसमें उक्त दोनो सिपाही भी छापामारी टीम में शामिल थे। छापामारी के दौरान सिकटा थाना कांड संख्या 151/23 के आरोपी शमीम आलम की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम पर हमला भी बोला गया था। इसमें दोनो सिपाही भी चोटिल हुए थे और शमीम आलम को हमलावर जबरन छुड़ाकर भाग गये थे। इस मामले में दोनो सिपाहियों के चश्मदीद गवाह होने के बावजूद न्यायालय में पहचानने से इंकार कर देना एसपी ने गंभीरता से लिया है। एसपी ने इस मामले में दोनो सिपाहियों की आरोपी के साथ संलिप्तता प्रतीत होना बताया है। इसे एसपी ने अपने कर्तव्य से विमुख होने, अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता एवं संदिग्ध आचरण बताते हुए तत्काल प्रभाव से दोनो को निलंबित कर दिया है।

# लायंस क्लब ने स्थापित किया तीसरा वाटर चिलर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज शहर के पोस्ट ऑफिस रोड स्थित काली मंदिर के समीप लायंस क्लब द्वारा शहरवासियों की सेवा में तीसरा वाटर चिलर स्थापित किया गया है। क्लब के अध्यक्ष लायन जय कुमार अग्रवाल ने अपने दिवंगत माता-पिता स्व. श्रीराम अग्रवाल व गीता देवी की पुण्य स्मृति में क्लब को यह वाटर चिलर भेंट किया जो राहगीरों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएगा। इस वाटर चिलर की क्षमता प्रतिदिन 3 हजार लीटर शुद्ध और स्वच्छ पेयजल की है। इस वाटर चिलर का उद्घाटन नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर लायन डॉ. अजय कुमार सिंह, जय कुमार अग्रवाल, लक्ष्मण शर्मा, सीए निशांत गोयल, सीए दीपक अग्रवाल, अमित शर्मा, गौरव जैन, हरीश गोयल, आलोक अग्रवाल, कौशिक राज, सीए अंकित अग्रवाल, अरुण सिंह, डॉ. हरी किशोर सिंह, संजीव मल्लिक, मोती लाल शर्मा, लायंस क्लब फ़ेमिना की सदस्य सुलोचना अग्रवाल, डॉ. नेहा राज, लायन गुंजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने लिया पीएम के कार्यक्रम स्थल का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 20 जून को सिवान जिला के पचरुखी प्रखंड स्थित जसौली खर्ग गांव में आगमन प्रस्तावित है। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रोशन खुद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने साफ निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, मंच निर्माण, आम जनता के बैठने की व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, पेयजल, शौचालय तथा वीआईपी मूवमेंट के मद्देनजर सभी पहलुओं पर बारीकी से निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। आयुक्त ने हर विभाग को उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि आगामी कुछ दिनों में होने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग रोजाना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का है, इसलिए हर पहलू में सौ फीसदी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री के आगमन की खबर से जसौली खर्ग गांव और आसपास के इलाकों में उत्साह का माहौल है। गांव के लोगों ने बताया कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री जैसे नेता का स्वागत करने का अवसर मिलेगा। आयुक्त ने पुलिस प्रशासन को विशेष चौकसी बरतने और हर आने-जाने वाले रास्ते पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाएगी ताकि सुरक्षा व्यवस्था की व्यवहारिकता की परख की जा सके।

# मोदी के दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 20 जून को सीवान जिले के पचरुखी प्रखंड अंतर्गत जसौली खर्ग में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में आज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तय समयसीमा के भीतर सभी जरूरी तैयारियां पूरी करें। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंच निर्माण, मीडिया कवरेज, आपात सेवाएँ और अन्य लॉजिस्टिक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने संबंधित कोषांगों को उनके कर्तव्यों की समीक्षा करते हुए त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी जिला और अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि कार्यक्रम की गरिमा और महत्व को ध्यान में रखते हुए समन्वय और तत्परता के साथ कार्य किया जाए। मालूम हो कि प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक यात्रा को लेकर सिवान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है और अब मैदान स्तर पर कामों को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

# दलित बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**छपरा।** मुजफ्फरपुर की दलित नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या के विरोध में मढ़ौरा विधानसभा की जनसुराज की नेत्री डॉ. नूतन कुमारी ने रविवार की शाम मढ़ौरा प्रखंड के ग्रामीणों व जन सुराज के साथियों के साथ मिलकर कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च माधवपुर से दयालपुर नहर तक निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने हिस्सा लिया। कैंडल मार्च के दौरान मुजफ्फरपुर की दलित नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया गया। मार्च के दौरान बच्चों व युवाओं ने वर्तमान बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था व स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर गहरी नाराजगी जताई। इस अवसर पय डॉ. नूतन कुमारी ने कहा कि यह मार्च केवल एक बच्ची के लिए नहीं है, बल्कि बिहार की तमाम बेटियों के सम्मान व सुरक्षा की आवाज है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब तक गरीब, पिछड़े व दलित वर्ग की महिलाएं व बच्चियाँ भ्रष्ट तंत्र का शिकार बनती रहेंगी? बिहार सरकार कब जागेगी? डॉ. नूतन ने यह भी कहा कि इस मामले में चुप्पी साधे रहना भी अपराध है और हम चुप नहीं बैठेंगे, जब तक मुजफ्फरपुर की बेटी को न्याय नहीं मिल जाता।

# अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं अधिकारी व कर्मचारी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** नवपदस्थापित जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में विभिन्न अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में संबंधित विभागों के कार्य योजनाओं की समीक्षा सहित विभाग के द्वारा तय किए गए प्राथमिकताओं एवं उसके क्रियान्वयन हेतु तैयार की गयी कार्य योजना की समीक्षा भी की गयी।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए ससमय लक्ष्य की प्राप्ति करना उद्देश्य है। आपसी समन्वय बनाने और निर्धारित समयावधि में योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूर्ण कराने के उद्देश्य से अब प्रत्येक सोमवार को बैठक की जायेगी। डीएम ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए परिचय पत्र की अनिवार्यतता पर जोर देते हुए एक सप्ताह के भीतर इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय में भी सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए टेबुल के सामने नेमप्लेट भी अनिवार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। पदाधिकारी स्वयं समय पर कार्यालय आएं और अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों की भी ससमय उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही सैलरी का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यालय की साफ सफाई, अभिलेखों को व्यवस्थित, करने के साथ हीं साथ संचिका निष्पादन में निर्धारित समय सीमा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन एवं संभावित बाढ़ के मद्देनजर इलेक्शन एवं फ्लड पर विशेष फोकस तो रहेगा ही सभी बिन्दुओं की समीक्षा नियमित रूप से की जायेगी। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित विभिन्न समितियों की बैठक अब प्रत्येक महीने होगी। इसके साथ ही जिला समन्वय समिति की बैठक भी अब नियमित रूप से प्रत्येक माह होगी। जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया को निर्देश दिया कि रेनी सिजन को देखते हुए सभी प्रकार की तैयारियां प्रारंभ कर दें। नाला सफाई आदि कार्य अच्छे तरीके से कराएं ताकि बरसात के मौसम में शहर में जलजमाव की स्थिति नहीं रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, राजस्व, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम, लक्ष्मण तिवारी सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# बीएलओ मूल्यांकन परीक्षा का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नरकटियागंज।** निर्वाचन विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में प्रशिक्षण प्राप्त सभी बीएलओ को ऑनलाइन मूल्यांकन परीक्षा मोबाइल एप्प के माध्यम से ली गई। इस परीक्षा लेकर प्लस टू हाई स्कूल के अलग-अलग कमरों में 50-50 बीएलओ की टीम शामिल हुई। परीक्षा के दौरान एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता एवं बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी बीएलओ की मूल्यांकन परीक्षा ली गईं ताकि वे सशक्त और सक्षमता के साथ निर्वाचन से संबंधित कार्यों को करने में अपनी तत्परता और पूरी जानकारी के साथ त्रुटि रहित सभी कार्यों को कर सकेंगे। वहीं बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा परीक्षा को लेकर 30 मिंट का समय निर्धारित किया गया था। निर्धारित समय में मोबाइल एप्प के माध्यम से 30 प्रश्न का उत्तर देना था। उन्होंने बताया कि एक प्रश्न के लिए एक मिनट का समय निर्धारित है। बीडीओ ने बताया कि मूल्यांकन परीक्षा में 224 बीएलओ उपस्थित हुए है। हालांकि 263 बीएलओ को इस परीक्षा में भाग लेना था। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। परीक्षा के दौरान मास्टर ट्रेनर सह शिक्षक सुनील कुमार चौबे, वीरेन्द्र कुमार सिंह, कुमार वतन, अमित कुमार, कार्यपालक मनीष कुमार, लेखपाल हैदर अंसारी, पंचायत सचिव राकेश कुमार आदि ने मॉनिटरिंग की।

# आभूषण दुकान में लूटपाट की योजना बना रहे चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** शहर के कालीबाग थाना क्षेत्र के बुलाकी सिंह चौक के समीप छापामारी कर लूटपाट की योजना बना रहे चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस छापामारी की भनक मिलते हीं वहां मौजूद एक अपराधी भागने में सफल रहा। उसकी पहचान कर पुलिस संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। एसडीपीओ सदर वन विवेक कुमार दीप ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक दो नाली लोडेड कट्टा, दो कारतूस, एक डाइगर चाकू, लोहा का कट्टर, लोहे का खंती, दो छेनी बरामद की है। सभी अपराधी नगर के एक आभूषण दुकान में लूट के इरादे से एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार बदमाशों का आपराधिक इतिहास रहा है। जिले के विभिन्न थानों में उनके खिलाफ गंभीर अपराध में कई मामले दर्ज है। गिरफ्तार अपराधियों में पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के कोरिया पट्टी निवासी प्रदीप श्रीवास्तव, कालीबाग थाना क्षेत्र के किला मोहल्ला वार्ड 15 निवासी मोहम्मद सकीर उर्फ पंडित, बैरिया थाना क्षेत्र के सरेयामन निवासी दारा चौधरी व गामा चौधरी शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि रविवार की रात कालीबाग थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु रात्रि गश्ती पर थे। तभी उनको सूचना मिली कि बुलाकी सिंह चौक के मोहम्मद इरफान के घर कुछ अपराधी हथियार से लैस होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के नीयत से एकत्रित हुए हैं। उन्होंने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी। सूचना पर एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में कालीबाग व तकनीकी शाखा की पुलिस की एक टीम गठित किया। पुलिस टीम मोहम्मद इरफान के घर पर छापेमारी की। पुलिस की आहट सुनकर मोहम्मद इरफान घर के सीढी के रास्ते छलांग लगाकर भाग गया। वहां से भागने का प्रयास कर रहे अन्य चार बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में अपराधियों ने पुलिस से बताया कि वे बुलाकी सिंह चौक स्थित एक आभूषण के दुकान व घर में लूटने के इरादे से इरफान के घर आए थे। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के अलावा तकनीकी शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ज्वाला सिंह, तकनीकी शाखा के दारोगा नरेश कुमार, कालीबाग थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु, कालीबाग थाना के दारोगा पवन कुमार पासवान, तकनीकी शाखा के सिपाही बबलू कुमार, विजय कुमार, अंकित कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस ने पचरौता से शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरी फरार हो गई। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि 15 लीटर शराब के साथ पचरौता के फूलवंती देवी को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी फरार महिला को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला को जेल भेज दिया गया है।

### ट्रक की चपेट में आने से पूर्व सैनिक की मौत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रक की चपेट में आने से सेना के सेवानिवृत जवान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के झिलिया निवासी रामकुमार राय के रुप में हुयी है। पूर्व सैनिक के मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित लोग घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिसकर्मियों से उलझ गए और उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि आक्रोशितों ने पुलिस को खदेड़ खदेड़ कर पीटने का प्रयास किया तो थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा का सरकारी पिस्टल छीनने का भी प्रयास किया। साथ ही उनके साथ मारपीट करते हुए उनका उंगली भी मरोड़ दिया। आक्रोशितों का आरोप है कि जिस ट्रक ने पूर्व सैनिक को कुचलकर मारा था उसे पुलिस ने पैसा लेकर भगा दिया था। पुलिस उन्हें बार-बार समझा रही थी कि चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया है। सुरक्षा की दृष्टि से ट्रक और बाइक को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है लेकिन परिजन पुलिस को पैसा लेकर भगाने का आरोप लगा उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे।

### देशहित में काम करती है एनडीए सरकार : समृद्ध

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में 2025 में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। बिहार के लोग एनडीए के साथ हैं। यह बाते पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व भाजपा नेता समृद्ध वर्मा ने जब्दी मंदिर परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। भाजपा नेता समृद्ध वर्मा ने कहा कि बिहार प्रतिदिन विकास की एक नई कहानी लिख रहा है। देश के विकास में बिहार का अहम योगदान है, इसीलिए बिहार मे एनडीए के प्रति लोगो का विश्वास और भरोसा है। भाजपा नेता ने उपस्थित लोगों से कहा कि बिहार में जिस तरह पुल, पुलिया, सड़क, नाला आदि का निर्माण हुआ है वह काबिले तारीफ है। सुशासन की सरकार मे विकास को एक नई दिशा और दिशा मिली है। एनडीए की सरकार गरीबों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिससे बिहार के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### 83 बूथों पर वोटरों की संख्या अधिक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि मतदान के समय बूथों पर पर्याप्त सुविधाओ को पहुंचाया जाय। इसके साथ ही इस बार जिस बूथ पर वोटरों की संख्या 1200 सौ से अधिक होगी वहां पर अलग से एक अतिरिक्त बूथ बनाया जाएगा। यह जानकारी बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने दी। वे 03 विधानसभा के तहत बूथों पर पर्याप्त सुविधाओ का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने परोरहा, मलदहिया पोखरिया, नंदपुर, नोनियाटोला, समेत आधा दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बूथों पर वोटरों के लिए मूलभूत सुविधा जैसे पानी, बिजली, रैम्प, शौचालय, शेड आदि की उपलब्धता को भी देखा। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ले बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि सुविधाओं का एक रिपोर्ट तैयार किया जाय और समय रहते पर्याप्त व्यवस्था किया जा सके। उन्होंने बताया कि नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र में 83 मतदान केंद्र ऐसे है जहां वोटरों की संख्या 1200 से अधिक है। विभाग द्वारा 1200 से अधिक वोटर पर अतिरिक्त बूथ बनाने का गाईड लाइन प्राप्त है। जिसके तहत इन 83 मतदान केंद्रों अतिरिक्त बूथ बनाये जाएंगे। हालांकि सात जगहों पर अतिरिक्त बूथ बनाने की जगह नहीं है वहां अलग बिल्डिंग में अतिरिक्त बूथ बनेगा। निरीक्षण के दौरान शिक्षक वीरेंद्र सिंह समेत अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

### बगहा को मिला 10 क्विंटल ढैंचा का बीज

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड को 10 क्विंटल ढैचा बीज का आवंटन हुआ है। ऐसे में कृषि कर्मी दो दिनों के अंदर ढैचा बीच का शत प्रतिशत उठाव पूरा कर ले। इसके अलावा मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना के तहत भी प्रखंड को धान बीज का आवंटन प्राप्त हो चुका है। कृषि कर्मी अपने-अपने पंचायत के प्रत्येक राजस्व गांव से से दो-दो किसानों का आवेदन इस योजना के तहत प्राप्त करें ताकि इस योजना के तहत शत-प्रतिशत बीज का उठाव किया जा सके। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही या लाप्रवाही नहीं बरते अन्यथा संबंधित कर्मी को चिन्हित करते हुए उनके विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उक्त बातें प्रखंड बगहा दो के प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार ने कहीं। वह सोमवार को ई किसान भवन बगहा दो में कृषि कर्मियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चलाई जा रही कि किसान चौपाल योजना की पंचायतवार समीक्षा की एवं जिन पंचायत में चौपाल अभी शेष है उन पंचायत के कर्मियों को निर्देशित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को चौपाल में शामिल करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रखंड के कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार आदि मौजूद थे।

### बंदर के हमले से महिला घायल

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के शामपुर गांव में एक बंदर ने हरिहर महतो की पत्नी गीता देवी को काटकर घायल कर दिया। घटना उस समय हुई जब गीता देवी घर के भीतर खाना बना रही थीं। घायलावस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर लाया गया, जहां बंदर के काटने का इंजेक्शन लगाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और आए दिन लोग इनके हमले का शिकार हो रहे हैं।

### सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। इस दौरान प्यारेपुर की गायत्री देवी, उसुरी हरायपुर की बबीता कुमारी, चांदपुरा की बेबी खातून, नेथुआ की मुस्कान खातून और महुली की मनीषा देवी समेत कई महिलाओं की शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, एचआईवी व एफएचआर की जांच की गई। आवश्यकतानुसार उन्हें आयरन, कैल्शियम व विटामिन की दवाएं दी गईं और उचित सलाह भी दी गई। जांच टीम में डॉक्टर मधुमिता रानी, स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी, प्रशिक्षक अनिल कुमार, सीएचओ तबरेज आलम, कौशर अली अंसारी, राहुल बेनीवाल, एएनएम प्रियंबदा कुमारी, रामझरी कुमारी, प्रमिला कुमारी, सुशमा कुमारी सहित अन्य चिकित्सा कर्मी शामिल थे।

### इंटर पास अल्पसंख्यक छात्राओं को मिलेंगे 15-15 हजार रुपये

**छपरा/नबिटा ब्यूरो ।** इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण सारण जिले की कुल 1,346 मुस्लिम छात्राओं को मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना के तहत 15-15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसकी जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार ने वर्ष 2025 के लिए जिले को आवश्यक राशि उपलब्ध करा दी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं की सूची जिला को भेज दी गई है। संबंधित शिक्षण संस्थानों को पत्र लिखकर छात्राओं के अभिभावकों का घोषणा प्रमाण पत्र मंगवाया गया है। छात्राओं को अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक या व्यक्तिगत रूप से इंटरमीडिएट का अंक पत्र, प्रवेश पत्र, प्रमाण पत्र, आधार से जुड़ा बैंक पासबुक और अद्यतन निवास प्रमाण पत्र की प्रति जमा करनी होगी। प्रोत्साहन राशि सीधे छात्रा के खाते में सीएमएफ के माध्यम से भेजी जाएगी। डीएमडब्लूओ श्री प्रकाश ने कहा कि छात्राओं के लिए कार्यालय में अलग काउंटर खोला गया है, जहां वे या उनके अभिभावक कागजात जमा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है।

# घर के बेसमेंट में सिर्फ 5,000 रुपये से शुरू किया ये काम, अब 5 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मथुरा की मालविका सक्सेना ने हाथ से पेंट किए हुए स्नीकर्स के शौक को 5 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले ब्रांड में बदल दिया है। वह द क्र्की नारी की संस्थापक हैं। 2018 में मालविका सक्सेना का सपना उनके घर के एक छोटे से बेसमेंट में शुरू हुआ था। शौक-शौक में हुई शुरुआत अब एक फलता-फूलता व्यवसाय बन चुका है। यह बिजनेस सिर्फ 5,000 रुपये की पूंजी से शुरू हुआ था। 2022 में शार्क टैंक इंडिया के निवेशकों विनीता सिंह और अनुपम मित्तल ने कंपनी में निवेश किया। कंपनी में अब 17 कर्मचारियों की एक मजबूत टीम है। टीक्यूएन ने अपना बेस मथुरा से बदलकर दक्षिण दिल्ली के पॉश इलाके घीटोरनी में कर लिया है। यह पूरी तरह से ऑनलाइन ब्रांड के रूप में काम करता है। लगभग 80 प्रतिशत व्यवसाय उसकी वेबसाइट से आता है। बाकी अमेजन और मिंत्रा जैसे प्लेटफॉर्म से आता है। आइए, यहां मालविका सक्सेना की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### शार्क टैंक से मिली फंडिंग

ऑर्डर दो या तीन प्रति सप्ताह से बढ़कर कम से कम एक रोजाना हो गए और उनका शौक एक छोटे व्यवसाय में विकसित हो गया। मालविका ने अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए इंस्ट्राग्राम पर सेलिब्रिटी पेजों और उनके प्रबंधकों को ष्वरूके माध्यम से संपर्क करना शुरू कर दिया। यह काम कर गया। टीक्यूएन का पहला वर्ष धीमा था, लेकिन दूसरे वर्ष तक इसने लगभग 1.5 लाख रुपये कमाए। इससे मालविका अपनी पहली इंटर्न डिजाइनर को नियुक्त करने में सक्षम हो गईं। तीसरे वर्ष में टीक्यूएन का रेवेन्यू बढ़कर 2.5 लाख रुपये हो गया। 2021 में वह अपनी टीम के दो सदस्यों के साथ शार्क टैंक इंडिया में दिखाई दीं। उनकी मां रिकॉर्डिंग के लिए उनके साथ मुंबई गईं। शार्क टैंक में आने तक मालविका के पिता को उनके व्यवसाय की पूरी जानकारी नहीं थी। लेकिन, जब उन्होंने उन्हें शो में देखा तो उन्हें गर्व महसूस हुआ। जून 2022 में टीक्यूएन को शार्क टैंक के निवेशकों विनीता सिंह और अनुपम मित्तल से फंडिंग मिली।

**संपन्न परिवार में हुआ जन्म** – मालविका का जन्म 1990 में मथुरा में एक संपन्न परिवार में हुआ था। उनके पिता तंबाकू के व्यवसाय में हैं। मां गृहिणी हैं। मालविका की छोटी बहन अम्बिका कंटेंट राइटर हैं। मालविका के माता-पिता ने उन्हें और उनकी बहन को हमेशा पूरी स्वतंत्रता दी। उनके पिता का दृष्टिकोण प्रगतिशील था और उन्होंने उनकी शिक्षा को प्राथमिकता दी। मालविका ने त्रू विश्वविद्यालय, मथुरा से एमबीए किया। मथुरा में अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान मालविका ने अपने पिता की व्यावसायिक सफलता से प्रेरणा ली। 2006 में 12वीं करने के बाद उन्होंने बीएसए कॉलेज से बीसीएस. किया। 2009 में स्नातक की उपाधि हासिल की।

**शादी को लेकर माता-पिता से तनाव** – स्नातक के बाद मालविका ने शुरू में बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी की। हालांकि, उन्हें सफलता नहीं मिली। फिर उन्होंने एमबीए पूरा करने का फैसला किया। 2013 में उनका एमबीए पूरा हो गया। एमबीए के बाद वह जानती थीं कि उनके माता-पिता उन्हें काम के लिए बाहर जाने का समर्थन नहीं करेंगे। इसलिए उन्होंने कैंपस प्लेसमेंट छोड़ दिया।




### इंस्टाग्राम पेज बनाया

मालविका ने अम्बिका की दोस्तों के लिए जूते पेंट करना शुरू कर दिया। प्रोत्साहित होकर उन्होंने 2018 में अपने काम को साझा करने के लिए एक इंस्ट्राग्राम पेज बनाया। उनके पास न तो कोई उत्पाद कैटलॉग था और न ही निवेश करने के लिए पैसा। इसलिए उन्होंने पिंटरेस्ट से तस्वीरें अपलोड करके शुरुआत की। इसमें कैप्शन जोड़ा संदर्भ के लिए बनाया जा सकता है। इस तरह वह अपनी पहली ग्राहक श्रेया से मिलीं, जिन्होंने सफेद स्नीकर्स पर मुगल-प्रेरित डिजाइन का अनुरोध किया। आधा भुगतान अग्रिम करने के लिए सहमत हुईं। मालविका ने अमेजन से सादे स्नीकर्स खरीदे और डिजाइन बनाने के लिए अपने पेंट का इस्तेमाल किया।

### ऐसे हुई शुरुआत

एमबीए पूरा करने के बाद मालविका ने शादी की योजनाओं को टालने के लिए मथुरा के एक छोटे से फैशन डिजाइन संस्थान में दाखिला लिया। बाद में उन्होंने उसी संस्थान में शिक्षण पद स्वीकार कर लिया, जहां उन्होंने 2014 से 2016 के बीच मामूली 5,000 रुपये प्रति माह कमाए। लेकिन, एक घटना ने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। एक दिन दोनों बहनें अपनी अलमारी साफ कर रही थीं। मालविका की छोटी बहन अम्बिका ने कुछ जोड़ी जूते उठाए जिन्हें वह फेंकना चाहती थी। लेकिन, मालविका ने सुझाव दिया कि वह उन्हें उसके लिए फिर से बनाएगी। मालविका ने पुराने पहने हुए जोड़ी पर एक सुंदर पैटर्न बनाया। यह एक स्मार्ट क्र्की डिजाइन बनकर उभरा और बिल्कुल नया जैसा लग रहा था। जब अम्बिका ने उन्हें कॉलेज में पहना तो उनकी दोस्तों ने इसे देखा और जल्द ही पूछने लगीं कि क्या मालविका उनके लिए भी इसी तरह के डिजाइन बना सकती हैं।

## 5 साल में 1600 प्रतिशत का रिटर्न

- अब प्रमोटर बेच सकते हैं 20 करोड़ शेयर, कीमत 100 रुपये से कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी के प्रमोटर ब्लॉक डील के जरिए 20 करोड़ शेयर बेच सकते हैं। इस बिक्री के जरिए प्रमोटर्स 1300 करोड़ रुपये जुटाना चाह रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बिक्री मार्केट प्राइस से 2 प्रतिशत सस्ते दर पर की जा सकती है। इस खबर का असर आज सुजलॉन एनर्जी के शेयरों पर साफ देखने को मिल रहा है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में सुबह तेजी दर्ज की गई है। बीएसई में सुजलॉन एनर्जी के शेयर बढ़त के साथ सोमवार को 67.30 रुपये के लेवल पर खुले। जिसके बाद स्टॉक 2 प्रतिशत से अधिक की उछाल के साथ 68.20 रुपये के इंट्रा-डे हाई (9.29 बजे तक का डाटा) पहुंच गए।



**लॉक इन पीरियड होगा**– इस डील के तहत बेचे जाने वाले शेयरों का लॉक इन पीरियड 180 दिनों का होगा। यानी इस दौरान उन शेयरों को बेचा और खरीदा नहीं जा सकता है। सुजलॉन एनर्जी की तरफ से मोतीलाल ओसवाल को ब्रोकर नियुक्त किया है। मौजूदा समय में सुजलॉन एनर्जी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 13.25 प्रतिशत है। बता दें, शेयरों की बिक्री से जुटाए पैसे का उपयोग कंपनी के विस्तार में किया जाएगा। जिससे उनकी योजनाओं को रफ्तार दिया जा सके।

**शेयर बाजार में दहाड़ रहे हैं सुजलॉन एनर्जी के शेयर**– बीते एक महीने के दौरान इस रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 22 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में सुजलॉन एनर्जी ने 35 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। कंपनी का 52 वीक हाई 86.04 रुपये और 52 वीक लो लेवल 46 रुपये है। बता दें, 5 साल में सुजलॉन एनर्जी ने 1600 प्रतिशत का रिटर्न अपने पोजीशनल निवेशकों को दिया है।

**चौथी तिमाही में शानदार रहा कंपनी का प्रदर्शन**– सुजलॉन एनर्जी का नेट प्रॉफिट मार्च तिमाही में 1181 करोड़ रुपये रहा था। इसके पहले के वित्त वर्ष में इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 254 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, रेवन्यू में भी जोरदार इजाफा मार्च क्वार्टर में देखने को मिला था।

## 1 लाख रुपये के बना दिए 55 लाख रुपये से ज्यादा

### नई ऊंचाई पर पहुंचा अनिल अंबानी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में रॉकेट सी तेजी बनी हुई है। कंपनी के शेयर एक महीने में 65 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर



सोमवार को एनएसई में 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 64.37 रुपये पर पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर 52 हफ्ते की नई ऊंचाई पर जा पहुंचे हैं। पिछले 5 साल से कुछ अधिक समय में रिलायंस पावर के शेयरों में 5400 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। पांच साल से कुछ ज्यादा समय में कंपनी के शेयरों ने 1 लाख रुपये के निवेश को 55 लाख रुपये से ज्यादा बना दिया है।

**1 लाख रुपये के ऐसे बना दिए 55 लाख से ज्यादा**– अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.15 रुपये पर थे।



# एनटीपीसी के शेयरों में बढ़ने वाली है हलचल

### आई है राजस्थान से बड़ी खुशखबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी नेशनल पावर थर्मल कॉरपोरेशन ने राजस्थान के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट के 245 मेगावाट की क्षमता में से 193 मेगावाट की क्षमता को चालू कर दिया है। एनटीपीसी की अब कॉमर्शियल क्षमता 59,606 मेगावाट हो गई है। वहीं, ग्रुप की क्षमता 80,708 मेगावाट की हो गई है। बता दें, एनटीपीसी ने इसकी जानकारी 8 जून को एक्सचेंज के साथ साझा किया है।

**एनटीपीसी के शेयरों का प्रदर्शन**– शुक्रवार को एनटीपीसी के शेयर 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ बीएसई में 332.85 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीता एक साल एनटीपीसी के पोजीशनल निवेशकों के लिए कठिन रहा है। 3 महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 1.45 प्रतिशत गिरा है। वहीं, 6 महीने में एनटीपीसी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। बात दें, एक साल से एनटीपीसी के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 4.90 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। भले ही एक साल से एनटीपीसी के शेयर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी 2 साल में इस स्टॉक ने पोजीशनल निवेशकों को 89 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, 5 साल में सरकारी कंपनी के शेयरों का भाव 239 प्रतिशत बढ़ा है।

**लगातार डिविडेंड देती है कंपनी**– एनटीपीसी उन कुछ सरकारी कंपनियों में से एक है जो निवेशकों को लगातार डिविडेंड देती आई रही हैं। कंपनी ने आखिरी बार डिविडेंड इसी साल जनवरी के महीने में दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड दिया था। इसके बाद अक्टूबर 2024 में कंपनी ने एक शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड दिया था।

एनटीपीसी लिमिटेड ने 2019 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी की तरफ से 5 शेयर पर 1 शेयर बोनस के तौर पर बांटा गया था।

# जी5 ने नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया

### एक अत्यधिक व्यक्तिगत, भाषा-प्रधान कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म बनने की दिशा में कदम बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी।** जी5 ने आज एक नए और सशक्त ब्रांड पहचान एवं रणनीतिक बदलाव की घोषणा की, जो इसे भारत के प्रमुख स्वदेशी प्लेटफ़ॉर्म के रूप में और मज़बूती से स्थापित कर रहा है। यह पुनः लॉन्च जी5 के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपनी भाषा, अपनी कहानियां (अनेक भाषाएं, अनगिनत कहानियां) के वादे पर आधारित है और इसमें सांस्कृतिक रूप से प्रामाणिक कहानियों, भाषा आधारित वैयक्तिकरण और अत्याधुनिक तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है।

नई विज़ुअल पहचान, एक नए अंदाज़ में तैयार किया गया प्रोडक्ट एक्सपीरियंस, और भारत की मुख्य भाषाओं के आधार पर बनाई गई भाषा योजनाओं के साथ, जी5 अपने दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करता है। यह रणनीतिक बदलाव तीन महत्वपूर्ण आधारों - कंटेंट, अनुभव और वहनीयता पर तैयार किया गया है, जो भारत की डिजिटल दुनिया की अगली बड़ी मांग को पूरा करने के लिए है। जी5 की भाषा कंटेंट रणनीति लोककथाओं, असली जीवन के नायकों और क्षेत्रीय कहानियों से प्रेरित, बेहद स्थानीय और भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानियां पेश करेगी। हर भाषा की योजना को एक अलग सेक्शन के रूप में बनाया जाएगा ताकि प्रामाणिकता और व्यापक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

जहाँ भाषा पैक 120 रुपए प्रति माह से शुरू होंगे, वहीं हिंदी पैक (जिसमें पंजाबी और भोजपुरी कंटेंट शामिल है) 220 रुपए प्रति माह में उपलब्ध होगा। ऑल एक्सेस पैक 320 रुपए प्रति माह की कीमत पर मिलेगा, और सभी पैकों के वार्षिक वेरिएंट भी उपलब्ध होंगे।

आगामी भाषा शीर्षकों में शामिल हैं - डिटेक्टिव शेरदिल (हिंदी), छल कपट~ द डीसप्शन (हिंदी), सत्तमुम नीतियुम (तमिल), मोथुबारु लव स्टोरी (तेलुगु), इंस्पेक्शन बंगला (मलयालम), मारिगल्लू (कन्नड़), आटा थांभया नाय (मराठी) और बिभीषण (बंगाली) और अन्य। अपने जुड़ाव को और गहरा करने के उद्देश्य से, इस प्लेटफ़ॉर्म की नई दिशा सहज डिज़ाइन और एआइ-संचालित वैयक्तिकरण पर केंद्रित है, जो भारत के हर पिनकोड के उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़ने वाली विशेष रूप से तैयार की गई अनुशंसाएँ प्रदान करती है। डेटा-आधारित अंतर्दृष्टियों का उपयोग करते हुए, जी5 एक अधिक आकर्षक और सहज उपयोगकर्ता अनुभव सुनिश्चित करता है, जिससे दर्शक तेज़ी से अपनी पसंद के अनुरूप अनुशंसाओं प्राप्त कर सकते हैं और सभी उपकरणों पर प्रीमियम गुणवत्ता वाली स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं।

# फ्लिपकार्ट ने अपने फ्लैगशिप इवेंट ग्लैम अप फेस्ट 2025 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने 6 और 7 जून को नेस्को, गोरेगांव, मुंबई में अपने फ्लैगशिप इवेंट ग्लैम अप फेस्ट 2025 केतीसरे संस्करण का आयोजन किया।भारत




के सबसे बड़े ब्यूटी एक्सपीरियंस में शुमार इस दो दिवसीय आयोजन में 6,000 से ज्यादा इन्फ्लूएंसर्स एवं क्रिएटर्स, 100 से ज्यादा टॉप ब्यूटी एवं ग्रूमिंग ब्रांड्स और देश के लोकप्रिय सेलेब्रिटी साथ आए। इससे ई-कॉमर्स ब्यूटी स्पेस को गति देने की फ्लिपकार्ट की भूमिका और मजबूत हुई है।

फ्लिपकार्ट की एफएमसीजी एवं जनरल मर्चेंडाइज हेड ऑफ बिजनेस मंजरी सिंघल ने कहा, 'भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स का परिदृश्य एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है और इस बदलाव की बागडोर जेन जेड के हाथों में है। हमारा फ्लैगशिप ग्लैम अप फेस्ट 2025 इसी बदलाव का उत्सव है, जहां एक इमर्सिव डिजिटल-फर्स्ट एक्सपीरियंस के माध्यम से ब्यूटी-फॉरवर्ड कंज्यूमर्स, ट्रेंडसेटिंग क्रिएटर्स और टॉप ब्रांड्स को साथ लाया गया है। इस फेस्ट के तहत 6 से 10 जून तक ग्लैम अप सेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्यूरेटेड कलेक्शन, एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट ड्रॉप्स और मेकअप, स्किनकेयर, फ्रेगरेंस व अन्य कैटेगरी मेंलिमिटेड टाइम डील का मौका मिल रहा है। इसी के साथ फ्लिपकार्ट ने आधुनिक भारतीय शॉपर्स के लिए इन्क्लूसिवऔर हाई एंगेजमेंट ब्यूटी इकोसिस्टम तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है।

कोरियन ब्यूटी (के-ब्यूटी) ट्रेंड्स, एक्सक्लूसिव ब्रांड लॉन्च और सेलेब्रिटी-लेड ब्यूटी मूमेंट्स पर फोकस के साथ फ्लैगशिप ग्लैम अप फेस्ट 2025खास बनकर सामने आया। ग्लैम अप फेस्ट 2025 के दौरान तमन्ना भाटिया, तारा सुतारिया,वामिका गब्बी जैसी सेलेब्रिटी और अंकुश बहुगुणा जैसे अग्रणी ब्यूटी इन्फ्लूएंसर्स विशेष रूप से तैयार (क्यूरेटेड) सेशंस, प्रोडक्ट लॉन्च और प्रशंसकों व क्रिएटर्स के साथ ऑन-ग्राउंड इंटरेक्शन के माध्यम से इस ब्यूटी सेलिब्रेशन का हिस्सा बने।

ग्लैम अप फेस्ट 2025 के दौरान फ्लिपकार्ट ने पहली ग्लैम अप एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट भी जारी की। इस रिपोर्ट से भारतीय उपभोक्ताओं के तेजी से बदलते ब्यूटी प्रिफरेंस को लेकर महत्वपूर्ण बातें सामने आईं।

एचयूएल, पीएनजी,मिनिमलिस्ट, होनासा, हिमालया, मैककैफीन और बेला विटा जैसे आइकॉनिक वैश्विक एवं घरेलू ब्रांड्स ने क्यूरेटेड बूथ, प्रोडक्ट ट्रायल और एक्सक्लूसिव प्रीव्यू के माध्यम सेअपने लोकप्रिय कलेक्शन और नए प्रोडक्ट्स प्रदर्शित किए। एआई-पावर्ड स्किन डायग्नॉस्टिक्स से लेकर वर्चुअल ट्राई ऑन और लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस तक, फ्लिपकार्ट नेविभिन्न इनोवेशन व इंटरैक्टिविटी को पेश करते हुए भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स की डिस्कवरी एवं शॉपिंग को नए सिरे से परिभाषित किया है।

### हुंडई के शेयरों ने पकड़ी रफ्तार

# ऑल-टाइम हाई पर पहुंचे, 11 हफ्ते में सबसे बड़ा उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर सोमवार को करीब 7 पर्सेंट के उछाल के साथ 1986.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। हुंडई मोटर इंडिया के शेयर अपने ऑल-टाइम हाई पर जा पहुंचे हैं। करीब 11 हफ्तों में हुंडई मोटर इंडिया के शेयरों में सोमवार को एक दिन का सबसे बड़ा उछाल आया है। हुंडई मोटर इंडिया के शेयरों में लगातार चौथे दिन तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी मैनेजमेंट एक्सपोर्ट प्लान्स पर बुलिश है और भारत से ओवरसीज शिपमेंट के लिए 7-8 पर्सेंट का ग्रोथ अनुमान साझा किया है।

**बड़ा एक्सपोर्ट हब बनाने की योजना**– हुंडई मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर उन्सू किम ने एक एनालिस्ट कॉल के दौरान कहा कि हुंडई की अपनी भारतीय इकाई को दक्षिण कोरिया के बाहर सबसे बड़ा एक्सपोर्ट हब बनाने की योजना है। उन्होंने कहा, हम आने वाले सालों में एक्सपोर्ट में अपनी ग्रोथ को रफ्तार देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में एक्सपोर्ट




में अच्छी बढ़ोतरी हुई है और कंपनी इस ग्रोथ को बनाए रखना चाहती है। किम ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में एक्सपोर्ट वॉल्यूम में करीब 7-8 पर्सेंट की ग्रोथ का हमारा अनुमान है। इसके अलावा, हुंडई नए इंजन के साथ भारतीय बाजार में बेयोन कॉम्पैक्ट एसयूवी उतारने पर काम कर रही है। यह बात ऑटोकार की एक हालिया रिपोर्ट में कही गई है।

**आईपीओ में 1960 रुपये था शेयर का दाम**– हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ दांव लगाने के लिए 15 अक्टूबर 2024 को खुला था और यह 17 अक्टूबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 1960 रुपये था। कंपनी के शेयर 22 अक्टूबर 2024 को बीएसई में 1931 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर गिरकर 1820.40 रुपये पर बंद हुए। हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ टोटल 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 0.5 गुना सब्सक्राइब हुआ।


# उत्तर प्रदेश की पुलिस अफसरों से प्रेरणा लेकर श्रिया पिलगांवकर ने छल कपट में निभाया इंस्पेक्टर का किरदार



एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर इन दिनों वेब सीरीज छल कपट- द डिसेप्शन को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज में वह पुलिस अफसर देविका राठौड़ की भूमिका में हैं। अपने किरदार को प्रभावशाली बनाने के लिए श्रिया ने उत्तर प्रदेश की महिला पुलिस अफसरों से मुलाकात की। इस कड़ी में उन्होंने एडीजी पद्मजा चौहान से भी बातचीत की। इसके दौरान उन्हें 1090 के बारे में भी बताया गया। यह उत्तर प्रदेश में महिलाओं की मदद के लिए शुरू की गई एक हेल्पलाइन सेवा है, जहां महिलाएं किसी भी परेशानी या उत्पीड़न की शिकायत कर सकती हैं।

श्रिया ने लखनऊ में बिताए पलों के बारे में कहा, लखनऊ की खूबसूरती हमेशा बनी रहती है। मैं पहले भी शूटिंग के लिए कई बार लखनऊ आ चुकी हूं। मुझे इस शहर की संस्कृति, यहां के लोग और लजीज खाना बेहद पसंद है। उन्होंने महिला पुलिस अधिकारियों से हुई अपनी बातचीत के बारे में कहा, जो बात मेरे दिल को सबसे ज्यादा छू गई, वह इन बहादुर महिला अफसरों से मिलना और 1090 हेल्पलाइन के बारे में जानना था। यह सिर्फ एक कॉल सेंटर नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए एक जीवन रेखा है। मैं इस बात से काफी प्रभावित हुई कि यह सिस्टम कितने बड़े पैमाने पर काम करता है, और कैसे ये महिला अधिकारी कई मुश्किल हालात में फंसी महिलाओं की कॉल्स को बहुत संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से संभालती हैं।

श्रिया ने बताया कि लखनऊ का अनुभव और महिला पुलिस अफसरों से मुलाकात ने उन्हें अपने किरदार देविका को और गहराई से समझने में मदद की। उन्होंने कहा, इस अनुभव ने मुझे अपने किरदार से और ज्यादा जुड़ाव महसूस करवाया। देविका सिर्फ एक पुलिस अफसर नहीं हैं, बल्कि वह एक ऐसी महिला हैं जो अपने दुख और अतीत का बोझ भी उठाए हुए है, फिर भी न्याय के लिए मजबूती से खड़ी है। मुझे उम्मीद है कि जब लोग यह सीरीज देखेंगे, तो देविका की भावनाओं को महसूस कर सकेंगे। छल कपट- द डिसेप्शन की कहानी बुरहानपुर के पास एक गांव की है। यह एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर लड़की की मौत हो जाती है। शुरू में सब इसे आत्महत्या मानते हैं। लेकिन पुलिस जांच में कई बड़े राज खुलते हैं, जिससे कहानी और भी पेचीदा हो जाती है। इस सीरीज में काम्या अहलावत, रागिनी द्विवेदी, तुहिना दास, याहवे शर्मा, प्रणय पचौरी, स्मरण साहू और अनुज सचदेवा जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। इसे जगर्नॉट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। यह सीरीज जी5 पर उपलब्ध है।



## अदिति राव हैदरी के साथ पहली बार दिखेंगे पंकज त्रिपाठी

सिनेमाई पर्दे के दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी अब अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ पहली बार ऑन स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में हंसी, प्यार और नोंकझोंक का शानदार मिश्रण दिखने वाला है, जिसमें लखनऊ की तहजीब और संस्कृति की महक भी दिखेगी। आइए जानते हैं किस फिल्म में साथ दिखेंगे पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी।

क्या है अपकमिंग फिल्म का नाम?

पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी अभिनीत इस आगामी फिल्म का नाम पारिवारिक मनुरंजन है, जिसे भानुशाली स्टूडियो लिमिटेड और ॅ फिल्म्स के सहयोग से तैयार किया जाएगा। आज गुरुवार के दिन इस फिल्म की आधिकारिक रुप से लखनऊ में शूटिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म रोमांस, संस्कृति, भाषा और खान-पान के शहर लखनऊ की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें कॉमेडी का शानदार मिश्रण दिखेगा। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए पंकज त्रिपाठी ने कहा, 'स्क्रिप्ट में कुछ ऐसा था जो बेहद आकर्षक और सरल था, इसलिए मैं मना नहीं कर सका। यह एक ऐसी कहानी है जो अपनी गर्मजोशी के साथ आपके अंदर समा जाती है। अदिति के साथ काम करने का यह मेरा पहला मौका है और मैंने हमेशा से ही उनके अभिनय कौशल की प्रशंसा की है।' इसके अलावा अदिति राव हैदरी ने कहा, 'जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं मुस्कुराती रही। मेरे लिए इस ब्रह्मांड में ऐसी कहानी मिलना दुर्लभ है। पंकज सर के साथ काम करना एक शानदार अनुभव होन वाला है।' पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी अभिनीत फिल्म पारिवारिक मनुरंजन का निर्देशन वरुण वी. शर्मा द्वारा किया जाएगा। वहीं इस फिल्म को विनोद भानुशाली और हिमांशु मेहरा द्वारा निर्मित किया जा रहा है।



## डेब्यू फिल्म की शानदार ओपनिंग का सोनम ने मनाया जश्न, टाइगर श्रॉफ ने दी बधाई



बॉलीवुड में हाल ही में कदम रखने वाली पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों अपनी पहली हिंदी फिल्म हाउसफुल 5 की सफलता का जश्न मना रही हैं। हालांकि फिल्म तो मिले-जुले रिएक्शन्स मिल रहे हैं लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छे आकंड़े लेकर आ रही है। बस इसी खुशी का जश्न को सोनम बाजवा ने अपनी आने वाली फिल्म के सेट पर मनाया। बागी 4 के सेट से सामने आए वीडियो में सोनम बाजवा बेहद खुश नजर आ रही हैं। फिल्म की ओपनिंग डे पर कमाई 24.35 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई, जिसे लेकर सभी बेहद उत्साहित थे। सोनम के साथ मौजूद टाइगर श्रॉफ ने भी इस मौके पर खास मैसेज दिया और कहा, 'हाउसफुल 5' की टीम को इतने जबरदस्त रिस्पॉन्स के लिए बधाई। सजिद सर, संजय सर और खूबसूरत सोनम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।' सोनम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'हाउसफुल 5' हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। ये मेरा पहला बॉलीवुड प्रोजेक्ट है और इससे बेहतर स्वागत मैं सोच भी नहीं सकती थी। सजिद सर और पूरी टीम का तहेदिल से शुक्रिया।'



## दीपिका पादुकोण के वर्किंग ऑवर्स विवाद पर बोले राणा दग्गुबाती

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के बीच काम के घंटों को लेकर विवाद सामने आया। इसी मुद्दे पर अब एक्टर राणा दग्गुबाती ने अपनी राय रखी है। द लल्लनटॉप से बात करते हुए राणा दग्गुबाती ने कहा, 卐हमें यह समझना चाहिए कि भारत एक विकासशील देश है। हम अभी विकसित देश नहीं हैं। अगर आप प्रति व्यक्ति आय देखें, तो हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में शायद 186वें नंबर पर है। 卐 राणा दग्गुबाती ने आगे ये भी कहा, मैं तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री से आता हूं, जो पहले मद्रास (चेन्नई) में थी। उस समय कई परिवारों और सैकड़ों लोगों ने अपना सामान समेटा और एक शहर से दूसरे शहर जाकर काम शुरू किया। इसलिए मेरे लिए यह सिर्फ काम नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली है। यह हर प्रोजेक्ट और हर इंसान पर भी निर्भर करता है और हर राज्य के अपने नियम-कानून होते हैं।

राणा दग्गुबाती ने यह भी बताया कि अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री में काम के घंटे अलग होते हैं। उन्होंने कहा, जैसे महाराष्ट्र में 12 घंटे की शिफ्ट होती है, जबकि तेलुगु इंडस्ट्री में 8 घंटे की। लेकिन महाराष्ट्र में काम सुबह 9 बजे शुरू होता है, तेलुगु में सुबह 7 बजे। लोकेशन कौन सी है, किस शहर में शूट हो रहा है, सेट पर हो रहा है या स्टूडियो में ये सब चीजें भी फर्क डालती हैं। राणा ने आगे ये भी कहा, यह कोई एक जैसा नियम नहीं है। सेट पर शूट करने के लिए ज्यादा तैयारी चाहिए, जबकि स्टूडियो में थोड़ा आराम मिलता है। इसलिए यह हर प्रोजेक्ट के हिसाब से अलग होता है। आप इसे एक जैसा समझ रहे हैं, लेकिन यह ऐसा नहीं है। हम एक ऐसे देश में रहते हैं जहां 1.8 अरब लोग हैं। इनमें से 70-80% लोग रोजाना सिर्फ 100 रुपए कमाते हैं। जब हम इन बातों को इस नजरिए से देखेंगे, तो समझ आएगा कि हमें अभी बहुत आगे जाना है।

हर एक्टर अपनी मर्जी से काम करता है जब ये सवाल पूछा गया कि क्या एक्टर्स को जबरदस्ती लंबे समय तक सेट पर रोका जाता है, तो राणा ने कहा, किसी को भी मजबूर नहीं किया जा रहा। यह एक नौकरी है। जैसे कोई आपको यह शो करने के लिए जबरदस्ती नहीं कह सकता, वैसे ही यहां भी कोई मजबूरी नहीं है। यह हर किसी की अपनी पसंद है। हर इंसान तय करता है कि उसकी जिंदगी में क्या सबसे अहम है। कुछ एक्टर्स ऐसे हैं जो सिर्फ 4 घंटे काम करते हैं, यह उनका तरीका है काम करने का। बता दें कि दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खूब चर्चा में हैं। उन्हें फिल्म स्पिरिट से बाहर कर दिया गया था। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस को कल्कि 2 से भी हटाया जा सकता है। हालांकि, कुछ लोगों ने इन खबरों को फर्जी करार दिया है। इस बीच अल्लू अर्जुन और एटली कुमार की आने वाली फिल्म में दीपिका को कास्ट कर लिया गया है। खास बात यह है कि अब इस फिल्म में उनकी फीस को लेकर कई तरह के दावे सामने आ रहे हैं, जिन्हें कुछ लोग एक सोची-समझी रणनीति भी बता रहे हैं।

## कहानियों को क्रिएटिव ढंग से बयां करेंगी एकता कपूर, नेटफ्लिक्स से मिलाया हाथ

मनोरंजन जगत की दिग्गज निर्माता एकता कपूर, जिन्होंने टेलीविजन और फिल्मों में अहम योगदान दिया है। अब निर्माता की बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स कहानियों को अलग-अलग जॉनर में क्रिएटिव ढंग से पेश करेंगे। निर्माता ने कहा इस सहयोग से एंटरटेनमेंट की दुनिया में एक अलग सफर की शुरुआत होगी।

इस रचनात्मक सहयोग पर एकता कपूर ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'बालाजी टेलीफिल्म्स में, कहानी सुनाना हमेशा से ही हमारे हर काम के केंद्र में रहा है, चाहे वह सिनेमा, टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हो।' आगे उन्होंने कहा कि नेटफ्लिक्स के साथ आना उनके लिए एक बड़ा क्षण है और यह एक रोमांचक नए अध्याय का प्रतीक है। इसके जरिए वो क्रिएटिव कंटेंट पेश करेंगी, जो मनोरंजन करे, प्रेरित करे और हर जगह से लोगों को जोड़े।


### मोनिका शेरगिल ने कही ये बात

इस सहयोग के बारे में बात करते हुए नेटफ्लिक्स इंडिया के कंटेट टीम की उपाध्यक्ष मोनिका शेरगिल ने कहा कि एकता कपूर मनोरंजन की दुनिया में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं। जिन्होंने दो दशकों से अधिक समय से भारत द्वारा देखे जाने और पसंद किए जाने वाले शो को एक अलग पहचान दिलाई। साथ ही उन्होंने कहा कि नेटफ्लिक्स के जरिए उन्होंने अलग-अलग उम्र के दर्शकों का मनोरंजन किया है। अब इस सहयोग से अनूठी कहानियों को शानदार तरीकों से पेश किया जाएगा, जो एक क्रिएटिव सफर की शुरुआत होगी।

### एकता कपूर के बारे में

एकता कपूर फिल्म और सीरियल की दुनिया का जाना माना नाम हैं। अभी हाल ही में एकता कपूर ने कुल्ल वेब सीरीज का निर्माण किया था। वहीं इस समय निर्माता अपने आगामी प्रोजक्ट नागिन 7 में भी व्यस्त हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि बालाजी और नेटफ्लिक्स ने पहले भी कई शीर्षकों पर साथ में काम किया है, जिनमें 'कथल', 'पगलैट', 'जाने जां' और 'डॉली किट्टी' और 'वो चमकते सितारे' शामिल हैं।





## गौरी मेरी जिंदगी में सुकून लाती है

**मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहलाने वाले आमिर खान हमेशा किसी न किसी कारण सुर्खियां जगाते रहते हैं। कुछ अरसे से अपनी जिंदगी की नई मोहब्बत गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा जगाने वाले आमिर इन दिनों अपनी फिल्म सितारे जमीन पर के लिए भी चर्चा में बने हुए हैं। डाउन सिंड्रोम का सामना कर रहे लोगों की कहानी कहने वाली ये फिल्म आमिर की तारे जमीन पर का सीक्वल है।**

हाल ही में आप जब तीसरी बार गौरी स्प्रैट के प्रेम में पड़े, तो क्या वो प्यार की ताकत थी, जिसे छुपाने के बजाय आपने डंके की चोट पर उसका ऐलान किया? आम तौर पर ऐसे हालात में लोग झिझकते हैं, छुपाते हैं।

आमिर खान बोले- मुझे प्यार को छुपाना अच्छा नहीं लगता, अगर मैं किसी का हाथ थाम कर आगे बढ़ रहा हूं और लोगों को ये बात नहीं बता रहा हूं, तो फिर इसका मतलब ये है कि मैं उन्हें पब्लिकली इज्जत नहीं दे रहा हूं। मेरे हिसाब से ये सही नहीं है। मेरा मानना है कि मेरी इज्जत और उसकी इज्जत में कोई फर्क नहीं है। मैं अगर ऐसा कोई कदम उठाऊं, जहां मैं अपने पार्टनर के बारे में न बोलूं, तो जाहिर है, उसका दिल दुखेगा, तो मेरी कोशिश यही रहती है कि मैं ऐसा कोई काम न करूं। मेरी अम्मी ने सिखाया है कि किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए।

**साठ साल की उम्र में आपने एक तरह से प्यार को रीडिफाइन ही नहीं किया बल्कि उस टैबू को भी तोड़ा, जहां पर माना जाता है कि प्यार एक खास उम्र के लोगों को ही हो सकता है, तो आपकी पार्टनर गौरी आपको कैसे परिपूर्ण करती हैं?**

-ये बहुत ही खूबसूरत सवाल है। दिल तो बच्चा है जी, (मुस्कुरा देते हैं) गौरी स्प्रैट जो हैं, वो स्वभाव की बहुत ही शांत हैं और बेहद अच्छे नेचर की हैं। वह हर चीज को संतुलित ढंग से करती हैं। मैं उनके एकदम उलट हूं। मैं एक तरह से एक्सट्रीमिस्ट हूं। मैं 36 घंटे एक साथ काम करता हूं, फिर मैं 36 घंटे सोता रहता हूं। मेरी जिंदगी भी ऐसी है कि मैं गायब दिमाग हूं। अपने ख्यालों में खोया रहता हूं, तो मैं और गौरी एक-दूसरे के बिलकुल विपरीत हैं, मगर इसी को कहा जाता है, ऑपोजिट्स अट्रैक्ट। वह मेरी जिंदगी में स्थायित्व लाती हैं, मुझे संतुलित करती हैं। वह मेरी जिंदगी में सुकून और शांति लाती है और मैं ऐसा मानता हूं कि मैं उनकी जिंदगी में एक्साइटमेंट लाता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे कारण उनके जीवन में उत्तेजना बनी रहे।

**इन दिनों इंडस्ट्री में 8 घंटे की शिफ्ट को लेकर बहस चल पड़ी है। कुछ लोग इसे वाजिब मानते हैं, मगर कुछ लोगों का कहना है कि फिल्म मेकिंग जैसे सृजनात्मक क्षेत्र में ये संभव नहीं है। आप क्या मानते हैं?**

-देखिए, 8 घंटे तो हर इंसान को काम करना चाहिए। चाहे आप न्यूरो डायवर्जेंट(ऐसा दिमाग जो अलग तरह से काम करता हो) हों या न हों। मैं एक आदर्श स्थिति की बात कर रहा हूं। मगर जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। आप 8 घंटे सोते हैं, 8 घंटे काम करते हैं और फिर 8 घंटे बाकी के काम करने के लिए होते हैं, तो आइडली दिन के 24 घंटों को तीन भागों में विभाजित किया जाना चाहिए, लेकिन आज समाज इतना तेज चलता है कि हम लोग अपनी जिंदगी में हर चीज तेज चाहते हैं, तो हम लोग तेज भागते हैं। इस चक्कर में 8 घंटे 10 से बारह हो जाते हैं। एक समय ऐसा भी था, जब मैं 16-16 घंटे काम किया करता था। मगर अब पिछले 3-4 सालों में मैंने खुद को बदलने की कोशिश की है। मैं कोशिश करता हूं कि मैं 8 घंटे काम करूं, 8 घंटे सोऊं और 8 घंटे अपने परिवार संग बिताऊं, तो ये मुझमें काफी बड़ा बदलाव आया है बीते कुछ समय से।

**अपनी ताजातरीन फिल्म सितारे जमीन पर डाउन सिंड्रोम से जूझने वाले लोगों पर आधारित है और आपने इस फिल्म के लिए वास्तविक लोगों को ही कास्ट किया, तो आपके लिए चुनौतियां क्या थीं?**

-मुझे इंडस्ट्री में 30-35 साल हो गए हैं और मैं तकरीबन 45 फिल्मों में काम कर चुका हूं। मैंने अपने करियर में देखा है कि अक्सर सेट पर आपके झगड़े या क्रिएटिव मतभेद जरूर होते हैं। कई बार ईगो प्रॉब्लम भी सामने आती है, मगर इस फिल्म (सितारे जमीन पर) के दौरान ऐसा एक बार भी नहीं हुआ क्योंकि जब ये दस न्यूरो डायवर्जेंट लोग सेट पर आते तो इतना सारा प्यार बांटते और काम को लेकर इतने एक्साइटेड होते कि सभी कुछ सहज और सरल हो जाता था। ये सभी लोग दूसरे आर्टिस्ट की तरह अपनी लाइंस भी याद करके आते थे, तो किसी तरह की कोई चुनौती नहीं थी।



## अफ्रीका- आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर



**लंदन (एजेंसी)।** वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी।

टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी।

ऑस्ट्रेलिया के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद है। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई। उन्होंने ढ्ढक्कमें 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज के तौर पर वॉर्नर की जगह लेने वाले का फैसला अब भी नहीं हुआ है।

19 साल के सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर से प्रभावित किया लेकिन फरवरी में श्रीलंका में ट्रेविस हेड ने इस भूमिका को निभाया। माना जा रहा कि हेड एक बार भी इस भूमिका में दिखेंगे। टीम के लिए मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन की फॉर्म चिंता की विषय है लेकिन हरफनमौला कैमरून ग्रीन ने सर्जरी से वापसी करते हुए काउंटी क्रिकेट में ग्लूस्टरशर का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन शतक जड़ कर शानदार वापसी की है।

ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में अनुभव की कोई कमी नहीं है। टीम में ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक शीर्ष 10 विकेट लेने वालों में से चार गेंदबाज शामिल है। इसमें नाथन लियोन (553, तीसरे), मिशेल स्टार्क (382, चौथे), कप्तान पैट कमिंस (294, आठवें) और हेजलवुड (279, 10वें) का नाम हैं। स्मिथ 36 साल के हो जाएंगे और उन्होंने मार्च के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। यही हाल कोनस्टास, सलामी बल्लेबाज ख्वाजा, लियोन, बोलैंड और विकेटकीपर एलेक्स कैरी का भी है।

स्मिथ ने हालांकि पिछले पांच टेस्ट मैचों में चार शतक जड़े है और उन्होंने 10,000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम के रनों के लगभग बराबर है। लॉर्ड्स उनका औसत 58 के आसपास का है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कैगिसो रबाडा से निपटने की होगी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों के लिए भी रबाडा मुश्किलें खड़ा करेंगे। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में ख्वाजा को पांच बार चलता किया है। रबाडा के नाम 327 टेस्ट विकेट है। उन्हें मार्को यानसेन से बेहतर मदद की उम्मीद होगी।

वामहस्त तेज गेंदबाज यानसेन ने डब्ल्यूटीसी चक्र में छह मैचों में 29 विकेट चटकाए हैं। टीम में लुंगी एनगिडी और डेन पैटरसन तेज गेंदबाजी के तीसरे विकल्प होंगे। एनगिडी आईपीएल खेल कर वहां पहुंच है तो वही पेटरसन ने हाल में काउंटी क्रिकेट खेला है। एडेम मारक्रम और रयान रिकेल्टन दक्षिण अफ्रीका के लिए पारी का आगाज करेंगे जबकि कप्तान बावुमा चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे।

मौजूदा डल्यूटीसी चक्र में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले डेविड बेडिंघम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभ्यास मैच में साबित कर दिया कि वह अप्रैल में अंगुली के फ्रैक्चर से उबर चुके हैं। लॉर्ड्स के मैदान पर हालांकि दोनों टीमों का रिकॉर्ड शानदार रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने सात मैचों में सिर्फ एक हार का सामना किया है जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैदान पर पिछले 10 साल में एक भी मैच नहीं गंवाया है।

## इंग्लैंड में अच्छे प्रदर्शन के लिए भारत को हालात के अनुकूल ढलना होगा – पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी जबकि माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरूआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा, 'भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स से कहा, 'हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा।

पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा, 'इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है।

पूर्व हरफनमौला इरफान पठान ने कहा, 'भारत की नई टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, 'शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है । इंग्लैंड श्रृंखला के लिए उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उप-कप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिए बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।

## रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय बनीं 10 साल की अतीका



**ट्रिनेच (चेक गणराज्य)(एजेंसी)।** भारत की 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं। भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गयी थी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया। अतीका ने कहा, 'मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था। मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे मौसम में मेरी गति बहुत अच्छी थी और मैंने बारिश के बाद मुश्किल स्थिति में भी अच्छी प्रगति की।

## बुमराह ने सर्जरी से पहले बढ़ाया था कैमरून ग्रीन का हौसला, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने किया जिक्र



**लंदन (एजेंसी)।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि 9 से 12 महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन उन्होंने अक्टूबर में सर्जरी करवाने का फैसला किया।

ग्रीन ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह ने सर्जरी करवाने से एक रात पहले मुझसे संपर्क किया था। वह उस समय भारतीय टीम के लिए एक टेस्ट मैच खेल रहे थे। ऐसी कुछ चीजें वाकई बहुत खास होती हैं और आपको इससे बहुत अच्छा महसूस होता है। उनके जैसे किसी व्यक्ति का साथ मिलना और फिर उन्हें ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करते देख कर मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है।

ग्रीन 2023 आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उस समय बुमराह सर्जरी से उबरने के लिए टीम से बाहर थे। वह इस सर्जरी के कारण 2022 टी20 विश्व कप खेलने से भी चूक गए थे। उन्होंने हालांकि सर्जरी के बाद शानदार वापसी की और भारत को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बाद पिछले साल टी20 विश्व कप चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। बुमराह इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच मैचों में 32 विकेट लेकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। 26 साल के ग्रीन को जेसन बेहरेनडॉर्फ इसी तरह की सर्जरी से गुजरने वाले अन्य गेंदबाजों से भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

ग्रीन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के 'अनप्लेएबल पॉडकास्ट' को बताया, '(ऑपरेशन का) मुख्य कारण हड्डी के कुछ अतिरिक्त भाग को अलग करना था। जाहिर है कि मेरे 'एल4' में थोड़ी परेशानी थी और रीढ़ के उस हिस्से पर अतिरिक्त हड्डी विकसित हो गई थी। उन्होंने कहा, 'मझे इस हड्डी के कारण झुकने में भी परेशानी हो रही थी। इस अतिरिक्त हड्डी का दूसरी हड्डियों पर दबाव पड़ा जिससे वहां भी समस्या हो गई। यह पीठ की चोट के मामले में बेहद दुर्लभ है।

ग्रीन के इस सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है। वह ग्लूस्टरशायर के लिए पांच काउंटी क्रिकेट मैचों में तीन शतकों के दम पर टेस्ट टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पीठ की चोट का एक सकारात्मक पहलू यह है कि मुझे बल्लेबाज बनने के लिए केवल चार मौके मिले हैं।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरा खेल उस समय (टीम में बतौर बल्लेबाज शामिल होगा) और अच्छा रहता है। मैं हमेशा गेंदबाजी करता रहूंगा, लेकिन ऐसी स्थिति में आपको अपने खेल के सिर्फ एक पहलू पर पूरा ध्यान लगाना होता है। उन्होंने कहा, 'जब आप गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर रहे होते हैं, तो आपको खुद को फिट और खेलने के लिए तैयार रखने के लिए गेंदबाजी के लिहाज से बहुत कुछ करना पड़ता है। इससे बल्लेबाजी थोड़ी प्रभावित होती है। ऐसे में सिर्फ बल्लेबाजी करना निश्चित रूप से अच्छा है।

## जोस बटलर टी-20 में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने, पॉल स्टर्लिंग को छोड़ा पीछे



**ब्रिस्टल (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर ने आयरलैंड के अनुभवी पॉल स्टर्लिंग को पीछे छोड़ते हुए टी20आई क्रिकेट इतिहास में चौथे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। बटलर ने रविवार को ब्रिस्टल में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने दूसरे टी20आई मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। ??मैच के दौरान बटलर ने 36 गेंदों में 47 रन बनाए जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। उनके रन 130.56 के स्ट्राइक रेट से आए।

अब बटलर ने 136 मैचों में 125 पारियों में 146.76 की औसत से 3,678 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 27 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101* है। वह इस प्रारूप में अपने देश के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने स्टर्लिंग को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 150 मैचों और 147 पारियों में 26.88 की औसत, 134.70 की स्ट्राइक रेट, एक शतक और 24 अर्द्धशतक के साथ 3,656 रन बनाए हैं।

टी20आई में शीर्ष रन बनाने वाले भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 159 मैचों और 151 पारियों में 32.05 की औसत, 140.89 की स्ट्राइक रेट से 5 शतक और 32 अर्धशतक के साथ 4,231 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* है। इस साल 7 टी20आई में बटलर ने 7 पारियों में 41.28 की औसत से 289 रन बनाए हैं, जिसमें 143 से अधिक की स्ट्राइक रेट है। उन्होंने दो अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ आया है।

### टी20आई इतिहास में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

4231 – रोहित शर्मा (151 इनिंग्स)
4223–बाबर आजम (121 इनिंग्स)
4188 – विराट कोहली (117 इनिंग्स)
3678–जोस बटलर (125 इनिंग्स)
3656 – पॉल स्टर्लिंग (147 इनिंग्स)

### इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज मैच

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। कप्तान शाई होप (38 गेंदों में 49 रन, दो चौकों और चार छक्के) और जॉनसन चार्ल्स (39 गेंदों में 47 रन, 3 चौकों और 3 छक्के) ने शानदार प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज को 20 ओवरों में 196/6 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। ल्यूक वुड (चार ओवरों में 2/25) अपनी वापसी पर इंग्लैंड के लिए सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जबकि जैकब बेथेल, आदिल राशिद और ब्रायडन कार्स ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य प्राप्ति के दौरान बेन डकेट (18 गेंदों में 30 रन, 4 चौके) और बटलर (36 गेंदों में 47 रन, चार चौकों और दो छक्के) ने इंग्लैंड को स्थिरता प्रदान की और दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। इसके बाद कप्तान हैरी ब्रूक (20 गेंदों में 34 रन, दो चौके और दो छक्के), जैकब बेथेल (10 गेंदों में 26 रन, एक चौका और तीन छक्के) और टॉम बैंटन (11 गेंदों में 30* रन, तीन चौके और दो छक्के) ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे इंग्लैंड ने चार विकेट और 9 गेंदें शेष रहते जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। वुड को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

## इंडिया–वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका मैचों के लिए अपडेटिड स्थानों की घोषणा की



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सत्र और दक्षिण अफ्रीका ए टीम टूर के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ परीक्षण श्रृंखला के लिए एक स्थल में बदलाव भी शामिल है। बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर कहा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025 के लिए अंतर्राष्ट्रीय घर के टूर और दक्षिण अफ्रीका ए टूर ऑफ इंडिया के लिए अपडेटिड कार्यक्रम की घोषणा की है। टीम इंडिया (सीनियर टीम) का सामना वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच, वन–डे इंटरनेशनल (एकदिवसीय) और टी20 इंटरनेशनल टी–20 में घर पर होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला 2 अक्टूबर, 2025 को अहमदाबाद में शुरू होगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट, जो मूल रूप से कोलकाता में होना था अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसके विपरीत 14 नवंबर, 2025 से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला का पहला टेस्ट अब नई दिल्ली के बजाय कोलकाता के ईडन गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में आउटफील्ड और पिचों को फिर से बनाने के कारण टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच एकदिवसीय श्रृंखला को चेन्नई से स्थानांतरित कर दिया गया है।

## मैगनस कार्लसन नें रिकॉर्ड 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब , गुकेश रहे तीसरे स्थान पर



**स्टावेंगर , नॉर्वे (एजेंसी)।** साल के सबसे मजबूत सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज का अंत बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ जहां खिताब के दोनों प्रमुख दावेदार विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन और डी विश्व चैम्पियन डी गुकेश को हार का सामना करना पड़ा और ऐसे में कार्लसन विजेता बनने में कामयाब रहे ।

अर्जुन नें रोका कार्लसन का रथ - भारत के नंबर एक और दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी सफ़ेद मोहरो से मैगनस का सामना कर रहे थे , पिछली बार वह कार्लसन से पांचवें राउंड में पराजित हो गए थे इस बार सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए पहले तो उन्होने कार्लसन से क्लासिकल में ड्रॉ पर रोका और फिर उन्हे टाईब्रेक आर्मगोडेन में मात देते हुए जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया । इस हार के बाद भी कार्लसन को क्लासिकल का एक अंक मिला और वह 16 अंको पर पहुँच गए । ऐसे में गुकेश के पास मौका था की वह कारुआना को हराए और विजेता बन जाये ।

करूआना के खिलाफ गुकेश नें काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में थोड़ा हटकर रास्ता बनाने की कोशिश की और राजा को वजीर के हिस्से में किलेबंदी करके ले गए जबकि करूआना नें राजा के हिस्से में किलेबंदी करते हुए अपने राजा को रखा और गुकेश पर हमला करना शुरू कर दिया । उन्होने अपना हाथी देकर गुकेश का एक ऊंट और घोडा ले लिया , इन सबके बावजूद गुकेश नें अपना एक प्यादा तेजी से वजीर बनाने के लिए आगे बढ़ा दिया और खेल की 48वीं चाल में जब गुकेश के पास सिर्फ 7 सेकंड बाकी थे वह बड़ी गलती कर बैठे अपना हाथी मुफ्त में दे बैठे और इस तरह वह ख़िताबी दौड़ से बाहर होकर 14.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे ।

## हैरी ब्रूक ने 11 दिनों के अंदर जीती दूसरी श्रृंखला, वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में हराया

**ब्रिस्टल (इंग्लैंड) (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को 9 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी सूपड़ा साफ किया था जिससे नए कप्तान हैरी ब्रूक को 11 दिनों के अंदर दूसरी श्रृंखला में जीत दर्ज की। जोस बटलर के बाद टीम की कमान संभालने वाले ब्रूक की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 6 विकेट पर 196 रन बनाए। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर मैच और श्रृंखला जीत ली। इंग्लैंड ने 9 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की लेकिन उसके लिए वेस्टइंडीज के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। जरूरी रनरेट एक समय 11 रन प्रति ओवर से अधिक हो गया था। टीम हालांकि शीर्ष क्रम में छह में से पांच बल्लेबाजों के शानदार प्रयास से जीत दर्ज करने में सफल रही।

## पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराया




**म्यूनिख (एजेंसी)।** पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच के वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें और उनकी आंखें नम हो गई।

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाये मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी।

यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने बृहस्पतिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था। मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर रहे दिल्लीवालों से यूजर चार्ज क्यों वसूल रही एमसीडी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के व्यापारियों और निवासियों के विरोध के बाद एमसीडी ने यूजर चार्ज न वसूलने की घोषणा तो कर दी,लेकिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऑनलाइन संपत्तिकर जमा करने वाले भवन मालिकों से यूजर चार्ज मांगा जा रहा है। नगर निगम के ऑनलाइन पोर्टल पर यूजर चार्ज की रकम दिखाए जाने से लोग परेशान हैं। वह संपत्तिकर जमा नहीं कर पा रहे हैं। मियांवाली कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम कालरा ने बताया कि उन्होंने बीते शनिवार को अपना संपत्तिकर ऑनलाइन जमा करने का प्रयास किया, तो 2500 रुपये यूजर चार्ज जोड़ दिया गया। उन्होंने बिना यूजर चार्ज अपना संपत्तिकर 5,212 रुपये जमा कराना चाहा,तो रकम जमा नहीं हुई। उनका कहना है कि एमसीडी ने घोषणा की थी कि बिना यूजर चार्ज के संपत्तिकर जमा करने का विकल्प पोर्टल पर दिया जाएगा,लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। उनकी कॉलोनी के कई अन्य लोग संपत्तिकर जमा नहीं करा पा रहे हैं। नगर निगम ने अप्रैल में संपत्ति कर के साथ यूजर चार्ज लगाया था। एक जून से संपत्ति कर माफी योजना शुरू हो चुकी है। यूजर चार्ज को वैकल्पिक कर दिया गया है। मौजूदा स्थिति में दिल्ली में नागरिकों से कूड़ा उठाने के लिए इस शुल्क को अनिवार्य तौर पर नहीं लिया जा रहा है।

### दिल्ली में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरी दो मंजिला इमारत, 8 साल के मासूम की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नांगलोई इलाके 5इमारत ढह गई है। इस हादसे में 8 साल के बच्चे की मौत हो गई है जब दो लोग घायल है। दिल्ली की फायर सर्विस ने इस बारे में जानकारी दी। हादसा सोमवार सुबह का बताया जा रहा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचना मिली और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया ताकि तलाशी अभियान चलाया जा सके। अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के नांगलोई इलाके में दो मंजिला इमारत गिर गई। 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। आगे की जांच अभी भी जारी है। जिस 8 साल के बच्चे की इस हादसे में मौत हुई, उसकी पहचान वंश के तौर पर हुई है। वहीं सबीर नाम का 45 साल का शख्स घायल बताया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घोंडा इलाके में एक ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई, जिसके बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा ने तुरंत कार्रवाई की।छस्नस् अधिकारियों ने पुष्टि की कि आग पर काबू पाने के लिए चार दमकल गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। घटना की सूचना दोपहर में मिली, जिसके बाद आपातकालीन टीमें आग बुझाने में जुट गईं।

### 10-15 साल पुराने वाहनों को इस माह से नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद और नोएडा के साढ़े पांच लाख से ज्यादा पुराने वाहनों को नवंबर महीने से डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दोनों जिलों के पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर सिस्टम लगाया जा रहा है। इससे आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों की पहचान की जाएगी। पेट्रोल के 15 साल और डीजल के 10 साल पुराने वाहनों को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की कड़ी नजर है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों की तादाद लगातार बढ़ रही है। इन वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए एनजीटी के निर्देश पर पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) सिस्टम लगने शुरू हो गए हैं। पहले इस योजना को जून तक पूरा करने को कहा गया था, लेकिन फिलहाल शासन स्तर से बजट मिलने में देरी की वजह से अब एएनपीआर सिस्टम को अक्तूबर महीने तक तैयार करने को कहा गया है। एनसीआर के आठ जिलों में सबसे पहले गाजियाबाद और नोएडा में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तैयार करने की मंजूकी मिली है। इस योजना के तहत गाजियाबाद के 111 और नोएडा के 101 पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगेंगे। कुल 212 पंपों पर 10 और 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों की नंबर प्लेट को कैमरे रीड करेंगे और पंप पर लगे अनाउंसमेंट सिस्टम से वाहन का नंबर बोला जाएगा। सिस्टम से बताया जाएगा कि यह वाहन अपनी मियाद पूरी कर चुका है।

# ताई को बर्फ देने गई थी फिर; बेटी से दरिंदगी पर मां बेसुध




**नईदिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की वारदात से सबको झकझोर दिया है। पड़ोस में अपनी ताई के घर बर्फ देने गई मासूम अपने घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने बताया कि बच्ची की बीते सप्ताह से तबियत ठीक नहीं चल रही थी। शनिवार को उसके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार हुआ था। ऐसे में उसने अच्छा भोजन खाने की इच्छा जताई थी। घर में ईद पर भोजन बनाने की तैयारी चल रही थी,लेकिन खुशियां कुछ देर बाद मातम में बदल गया। उधर,मृतका की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने वारदात के बाद से खाने का निवाला तक मुंह में नहीं डाला है। उनका कहना है कि जब तक बेटी के साथ घिनौनी हरकत करने वाले लोगों को सजा नहीं मिल जाती तब तक मैं सुकून से कैसे खा पी सकती हूं। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात करीब 8¬41 बजे बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस टीम जब घटना स्थल पर पहुंची तब तक परिजन बच्ची को अस्पताल ले जा चुके थे। क्राइम और एफएसएल की टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। टीमें सीसीटीवी की फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान में जुटी हैं। स्थानीय लोगों ने रविवार दोपहर नाला रोड पुलिया के पास एकत्र होकर प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोपी सख्त सजा दिलाने की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जल्द आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इसके बाद पीड़ित के घर के आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे। देर रात लोगों ने न्याय की मांग को लेकर मार्च निकाला। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आप नेताओं द्वारा दिए गए बयान को लेकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि लगभग 12 साल पहले निर्भया हत्याकांड पर आप ने राजनीति की थी और आज तक इनके नेता मासूम बच्चियों के साथ होने वाले अपराध पर राजनीतिक बयानबाजी करते हैं।

# जो हम से बन पड़ा ए वतन हमने किया, सच सारी दुनिया ने जान लिया: शशि थरूर



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अमेरिका दौरा समाप्त किया। उन्होंने इस लंबे दौरे को एक कविता के जरिए समाप्त किया है। उन्होंने लिखा है कि अब दुनिया ने सच जान लिया है। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर का आगाज किया था, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लांडाउ समेत कई राजनयिक एवं राजनीतिक नेताओं से मुलाकात कर पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को रेखांकित किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की संपर्क पहल के तहत अमेरिका पहुंचा था। इस मौके पर थरूर ने पोस्ट किया, सौ बार जन्म लेंगे तो सौ बार करेंगे, जी भर के अपने वतन से प्यार करेंगे, जो हम से बन पड़ा, अ वतन हमने किया है जो सच था, सारी दुनिया ने अब जान लिया है। उन्होंने आगे लिखा, समस्त सदस्यों की तरफ से मातृभूमि का और देश विदेश में हिंदुस्तान प्रेमियों का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने कान खोल कर सुना और दिल खोल कर स्वीकार किया के हम अहिंसा प्रेमी हैं मगर तब तक, जब तक कोई ... जय हिंद! यह प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक था जिन्हें 33 वैश्विक राजधानियों में भेजा गया था, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता के बारे में अवगत कराया जा सके। प्रतिनिधिमंडल तीन जून को अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन पहुंचा और तीन दिनों के दौरान 'कैपिटल हिल' में अमेरिकी सांसदों, विदेश नीति विशेषज्ञों, विचारक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मीडिया एवं प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात की।

# लाखों साल पहले भी एनसीआर में थी इंसानों की बस्ती, मिल गया है बड़ा सबूत




**नईदिल्ली, एजेंसी।**
अरावली पर्वतमाला जिसे पर्यावरणीय संतुलन और जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अब मानव इतिहास के एक नए अध्याय को भी उजागर कर रही है। दिल्ली से कुछ ही किलोमीटर दूर दमदमा क्षेत्र में पुरापाषाण काल की दुर्लभ कलाकृतियां मिली है। जून में जारी हुई ग्रीनवॉल प्रोजेक्ट के तहत किए गए एक विस्तृत सर्वेक्षण में ऐसे पुरातात्विक साक्ष्य मिले हैं, जो बताते हैं कि एनसीआर में लाखों साल पहले भी इंसानों का बसेरा था। हरियाणा वन विभाग और गुरुजल फाउंडेशन के द्वारा ग्रीनवॉल प्रोजेक्ट को लागू करने से पहले अरावली के 420 एकड़ इलाके में पुरातत्व विरासत अनुसंधान और प्रशिक्षण अकादमी द्वारा सर्वे किया गया था। सर्वे के दौरान विशेषज्ञों को प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक इस क्षेत्र में मानव गतिविधियां लगातार जारी रहने के साक्ष्य मिले हैं। ये निष्कर्ष न केवल अरावली के महत्व को बढ़ाते हैं बल्कि भारत के मानव इतिहास को समझने के लिए नई राहें भी खोलते हैं।

सर्वे रिपोर्ट के अनुसार ग्रीनवॉल प्रोजेक्ट के तहत दमदमा-खेड़ला क्षेत्र में अरावली की 420 एकड़ भूमि पर किए गए अध्ययन के दौरान महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोजें की गई हैं। इनमें सबसे प्रमुख दमदमा क्षेत्र से मिली पुरापाषाण कालीन कलाकृतियां हैं। इन कलाकृतियों में हाथ की कुल्हाड़ी, क्लीवर और खुरचने वाले औजार शामिल हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि ये औजार लगभग छह से आठ लाख साल पुराने हो सकते हैं, जो इस बात का संकेत है कि मानव सभ्यता का विकास इस क्षेत्र में काफी पहले से हो रहा था। ये कलाकृतियां अधिकतर क्वार्जिटिक बलुआ पत्थर पर तैयार की गई हैं, जो उस समय के मानव की पत्थर के औजार बनाने की तकनीक और कौशल को दर्शाती हैं। इन औजारों की खोज से यह स्पष्ट होता है कि उस सुदूर अतीत में अरावली का यह हिस्सा आदिमानव के लिए एक महत्वपूर्ण निवास स्थान रहा होगा, जहां वे शिकार, भोजन संग्रह और अन्य दैनिक गतिविधियों के लिए इन औजारों का उपयोग करते थे।

विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दमदमा क्षेत्र के आसपास की अरावली पर्वतमाला निस्संदेह प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक मानव गतिविधि का क्षेत्र रही है। यह क्षेत्र शुरुआती सांस्कृतिक अवशेषों से लेकर आज तक के मानव सांस्कृतिक परिवर्तन को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए, इन दुर्लभ पुरातात्विक अवशेषों का संरक्षण जरूरी है। अरावली पर्वतमाला विश्व की सबसे प्राचीन वलित पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जिसका भूवैज्ञानिक इतिहास लगभग दो से तीन अरब वर्ष पुराना है। इसका निर्माण उपमहाद्वीपीय प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण हुआ था।

यह तब की बात है जब हिमालय का कोई अस्तित्व नहीं था। अपने निर्माण के समय, अरावली की ऊंचाई हिमालय से भी अधिक थी। अरावली पर्वतमाला दिल्ली से गुजरात तक लगभग 692 किलोमीटर की लंबाई में फैली हुई है। राजस्थान को उत्तर से दक्षिण दो भागों में बांटती है। अरावली का सर्वोच्च शिखर माउंट आबू में स्थित गुरु शिखर (1722 मीटर) है। भूवैज्ञानिक रूप से, यह मुख्य रूप से रूपांतरित चट्टानों जैसे ग्रेनाइट, नीस और शिस्ट से बनी है, जिनमें तांबा आदि खनिज भी हैं।

# प्रलय की मछलियां दे रही हैं दस्तक? गहरे समुद्र से तटों पर बहकर आई दुर्लभ ओरफिश



**केपटाउन , एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के तटों पर इस सप्ताह बेहद दुर्लभ तीन ईथर ओरफिश बहकर आई हैं जिन्हें कुछ लोग प्रलय की मछलियां भी कहते हैं। इस घटना ने जहां वैज्ञानिकों में कौतूहल पैदा किया है वहीं जापानी लोककथाओं के अनुसार यह भूकंप या सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की आहट मानी जाती है। बीते सोमवार को तस्मानिया के पश्चिमी तट पर एक ओरफिश मिली। इसके बाद न्यूजीलैंड के दक्षिण द्वीप पर डुनेडिन और क्राइस्टचर्च के पास दो सिर रहित ओरफिश भी पाई गईं। यह अकेला मामला नहीं है। मई में भारत के तमिलनाडु के समुद्री तट के पास भी मछुआरों ने एक ओरफिश पकड़ी थी।

जापानी लोग ओरफिश को डूम्ड फिश या भूकंप की मछली भी कहते हैं। उनकी मान्यताओं के अनुसार इन मछलियों का सतह पर मिलना किसी बड़े भूकंप या सुनामी के आने का संकेत होता है। इस बात को बल तब मिला था जब साल 2011 में जापान में आए विनाशकारी भूकंप और सुनामी से पहले कई ओरफिश समुद्री तटों पर देखी गई थीं।

हालांकि वैज्ञानिक इन जापानी किंवदंतियों को सिरे से खारिज करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ओरफिश का सतह पर आना समुद्री पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों जैसे गहरे समुद्र में तापमान में बदलाव या समुद्री धाराओं में परिवर्तन से जुड़ा हो सकता है।

न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में स्थित वाइकाटो विश्वविद्यालय के एक मछली पारिस्थितिकीविद प्रोफेसर निक लिंग ने बताया कि ओरफिश का मिलना बेहद दुर्लभ घटना है। यह मछली खुले और गहरे समुद्र में पाई जाती है जिसके कारण इनके बारे में रिसर्च कर पाना लगभग असंभव है। प्रोफेसर निक ने बताया कि यह मछली समुद्र में लंबवत लटकी रहती है और अपने मांसल शरीर व पृष्ठीय पंखों को हिलाकर तैरती है। उन्होंने इस मछली की जीवन शैली को असाधारण बताया क्योंकि यह समुद्र की गहराई में झूलती रहती है और भोजन का इंतजार करती है। इनकी गहराई में रहने की आदत ही इन्हें इंसानी अध्ययन से दूर रखती है जिससे इनके व्यवहार और सतह पर आने के कारणों को लेकर रहस्य बना रहता है।

# भारत से सैन्य तनाव के बीच ब्रिटेन पहुंचा पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल, सिंधु जल विवाद को बताया अस्तित्व पर संकट



**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में देश का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष को लेकर न्यूयॉर्क में राजनयिक बैठकों के बाद ब्रिटेन पहुंचा है। एक खबर में यह दावा किया गया। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, नौ सदस्यीय समूह ने रविवार को संयुक्त राष्ट के प्रतिनिधियों, सदस्य देशों के राजनयिकों और वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों के साथ वार्ता की, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के बाद संघर्ष पर पाकिस्तान का पक्ष पेश किया गया।

पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी जिसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया। इसके बाद इस्लामाबाद ने सैन्य कार्रवाई की जिससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष हुआ। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पूर्व विदेश सचिव जलील अब्बास जिलानी ने यहां कहा, ''हमारा संदेश स्पष्ट था - पाकिस्तान शांति चाहता है। जिलानी ने कहा कि इस्लामाबाद सिंधु जल संधि सहित सभी मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए करना चाहता है।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, सांसद खुर्रम दस्तगीर ने जल विवाद के क्षेत्रीय प्रभाव पर प्रकाश डाला और 1960 की विश्व बैंक की मध्यस्थता वाली संधि को बहाल करने का आह्वान किया, जिसके बारे में भारत ने कहा कि यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं कर देता। उन्होंने कहा, ''हमने अमेरिकी अधिकारियों को समझाया कि भारत द्वारा संधि को निलंबित करने से 24 करोड़ लोगों की आजीविका खतरे में पड़ गई है और क्षेत्र की स्थिरता कमज़ोर हो गई है।

# पाकिस्तान में तीन दिन के चीफ जस्टिस, बकरीद की छुट्टी के कारण कोर्ट के बाहर लेनी पड़ी शपथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह ने कार्यवाहक चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली है। उन्हें तीन दिन के लिए देश का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। यह आमतौर पर औपचारिक और शांत आयोजन होता है, लेकिन दो खास वजहों से चर्चा का केंद्र बन गया है। पाकिस्तान में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में मंसूर अली शाह की नियुक्ति दो वजहों से चर्चा बटोर रही है। पहली वजह है- यह शपथ बकरीद की छुट्टी यानी सार्वजनिक अवकाश के दिन ली गई, जब सामान्यतः सरकारी दफ्तर बंद रहते हैं और कोई भी आधिकारिक समारोह आयोजित नहीं किया जाता। दूसरी बड़ी बात - यह शपथ इस्लामाबाद स्थित सुप्रीम कोर्ट मुख्यालय के बजाय लाहौर रजिस्ट्री परिसर के बाहर खुले में कराई गई, जो एक अभूतपूर्व फैसला रहा। पाक सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह शायद पहली बार है जब देश के शीर्ष न्यायिक पद की शपथ राजधानी से बाहर और खुले में कराई गई हो। जस्टिस मंसूर अली शाह को 7 जून से 10 जून तक के लिए कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वर्तमान चीफ जस्टिस जस्टिस याह्या अफरीदी हज पर सऊदी अरब गए हुए हैं।

# हिलीं इमारतें, बजे सायरन, मची भगदड़ - इस देश की राजधानी में दहशत का माहौल



**बोगोटा, एजेंसी।**
कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में अचानक धरती हिलने लगी, जिससे शहर में भगदड़ जैसे हालात बन गए। झटकों की तीव्रता इतनी तेज थी कि लोग घरों और इमारतों से बाहर की ओर भागने लगे। यह भूंकप लोगों के लिए एक डरावना अनुभव बन गया।

भूकंप के झटकों को लेकर जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने जानकारी दी है कि यह रिक्टर स्केल पर 6.5 तीव्रता का था। इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे था, जो इसे और ज्यादा खतरनाक बनाता है। तेज झटकों के चलते बोगोटा के कई इलाकों में लोग घरों और ऑफिस से बाहर निकलकर खुली जगहों पर आ गए। सोशल मीडिया पर शेयर हो रही तस्वीरों और वीडियो में लोग इमारतों से बाहर आते दिख रहे हैं। कई इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली और मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित हुए। हालांकि अब तक किसी तरह की जनहानि या गंभीर क्षति की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने राहत और जांच कार्य शुरू कर दिया है। आपातकालीन टीमों को अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों की गहन निगरानी की जा रही है। कोलंबिया दक्षिण अमेरिकी प्लेट पर स्थित है, जो टेक्टॉनिक गतिविधियों के लिहाज से सक्रिय क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में यहां भूकंप आना आम बात है, लेकिन राजधानी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में इतना तीव्र झटका चिंता का विषय है।

# 12 देशों के नागरिकों पर लगा यात्रा प्रतिबंध लागू हुआ, अमेरिकी दूतावासों को जारी हुए दिशा-निर्देश

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन 12 अफ्रीकी और मध्य पूर्वी देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर जो प्रतिबंध लगाया था, वह सोमवार से लागू हो गया। यह प्रतिबंध ऐसे समय लागू हुआ है, जब पहले से ही अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति का विरोध हो रहा है और इसे लेकर लॉस एंजेलिस में हिंसा भड़की हुई है। जिन 12 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया है, उमें अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, रिपब्लिक ऑफ कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल है। साथ ही बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के उन नागरिकों पर, जो अमेरिका के बाहर हैं और उनके पास वैध वीजा भी नहीं है, उन पर वीजा प्रतिबंध कड़े किए गए हैं। हालांकि जिन लोगों को प्रतिबंध लगाए जाने से पहले ही अमेरिकी वीजा जारी हो चुका है,

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 09-06-2025 21:29 Page 1



# मतदान केंद्रों के गठन-विगठन को लेकर आकलन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 प्रस्तावित है। इसके पूर्व, आयोग के निदेशानुसार निर्वाचन क्षेत्र में प्रि- रिविजीन गतिविधि की जानी है। इसी को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने वीडियो संवाद के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं एईआरओ के साथ बैठक की और जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों के लिए तय मेनुअल 2020 के तहत मतदाताओं के बेहतर पहुँच के लिए मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिन मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या है उसे विखण्डीकरण करने के लिए सभी ईआरओ एवं एईआरओ को आंकलन कर जिला को प्रस्ताव तैयार कर अनुशंसा करने का निर्देश दिया। वहीं, जर्जर मतदान भवनों को नजदीक के सुदृढ़ मतदान भवनों में स्थानांतरित करने के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

साथ ही, शहरी क्षेत्रों में हाई राइस ब्लिडिंग्स, हाउसिंग सोसाइटी एवं नए बने कॉलोनी को लेकर भी नये मतदान केन्द्रों के गठन का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के गठन/विगठन के समय यह ध्यान देंगे कि कोई भी मतदाता का परिवार अलग-अलग मतदान केन्द्रों में न हों, मतदान केन्द्रों के विखण्डीकरण के समय एक परीवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केन्द्र में दर्ज होना चाहिए।

उन्होंने ने सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की नियुक्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यकता अनुसार बीएलओ सुपरवाईजर की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ एवं निर्वाचन से संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण हेतु मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के द्वारा प्रशिक्षण सामग्री तैयार किया जा रहा है। प्राप्त सामग्रियों के अनुसार सभी कर्मियों को प्रशिक्षण देना सभी ईआरओ - एईआरओ सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं का मतदाता सूची में चिन्हित किया जाता रहा है, पूर्व में भी मतदाता सूची में बीएलओ के द्वारा दिव्यांगों को चिन्हित किया गया है, छुटे हुए वैसे दिव्यांग मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में चिन्हित नहीं किया गया है। बीएलओ के माध्यम से प्रपत्र 08 में दिव्यांगता का प्रकार एवं % भरते हुए मतदाता सूची में चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे साथ हीं नये दिव्यांग मतदाता का प्रपत्र 06 भरते समय निश्चित रूप से दिव्यांगता का प्रकार एवं % चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मतदान केन्द्रों में उनके पहुँच के लायक शौचालय एवं रैम्प का निर्माण कराने, उनके सहायता के लिए व्हील चेयर एवं अन्य उपकरण मतदान केन्द्रों पर मतदान के दिन उपलब्ध कराया जाना है। साथ हीं इच्छुक दिव्यांग मतदाता हेतु होम वोटिंग की व्यवस्था किया जाना है एवं मतदान केन्द्रों तक लाने हेतु वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी है। उनकी सुविध हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसीत सक्षम एप के संबंध में उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। इसको लेकर भी तैयारी सुनिश्चित करेंगे।

## आज से बालू घाटों से बालू उठाव पर रोक : उपायुक्त

**बोकारो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा द्वारा सोमवार को जानकारी दी गई कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) द्वारा पारित आदेश तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्गत सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइंस एंड एनफोर्समेंट एंड मॉनिटरिंग गाइडलाइंस फॉर सैंड माइनिंग 2020 के आलोक में बोकारो जिलान्तर्गत सभी नदी बालूघाटों (कैटेगरी-1 सहित) मानसून सत्र 10 मई से 15 अक्टूबर तक में बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

इसके अलावा एनजीटी के निर्देश के आलोक में जिले के सभी सरकारी व पंचयात अधीन संबंधित बालू घाट संचालकों को आदेश दिया गया है कि जिलान्तर्गत नदी घाटों से बालू उठाव पूर्णतः बंद रखेगें, अन्यथा किसी तरह का नदी तल से बालू का उठाव होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, दोनों अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है।

# रोटरी फर्नेस का कैपिटल रिपेयर के बाद सफल संचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोकारो।** आरएमपी विभाग के रोटरी फर्नेस 01 का कैपिटल रिपेयर के बाद अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा की उपस्थिति में सफल संचालन शुरू किया गया। इस मौके पर पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएँ), धनंजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी), पितांबर चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट), शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण), जेवी शेखर, मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स), बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ), गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी), प्रकाश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिक), पीवी राव, मुख्य महाप्रबंधक एन. श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी), मुकेश मिश्रा, महाप्रबंधक (आरईडी), संदीप लाल, महाप्रबंधक (आरईडी), विकास गुप्ता, महाप्रबंधक (सुरक्षा), आरके बेहरा, महाप्रबंधक (जनरल मेंटेनेंस एवं कैपिटल रिपेयर), एसके मंगुअल, महाप्रबंधक (हेवी मेंटेनेंस), राहुल गुप्ता, महाप्रबंधक (आरईडी), मुकेश सिंह, महाप्रबंधक (आरएमपी) के साथ आरएमपी विभाग के वरीय अधिशासी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

आरएमपी विभाग में कार्यरत रोटरी फर्नेस 01, स्टील मेल्टिंग शॉप में इस्पात उत्पादन हेतु फ्लक्स प्रदान करता है। रोटरी फर्नेस को कैपिटल रिपेयर हेतु अस्थायी रूप से बंद किया गया था। कैपिटल रिपेयर के दौरान किल्न शेल का प्रतिस्थापन, गिर्थ गियर की मरम्मत/बदलाव तथा रिफ्रैक्टरी लाइनिंग का पूर्ण प्रतिस्थापन जैसे आवश्यक विभिन्न कार्य संबंधित विभागों के द्वारा 50 दिनों के रिकॉर्ड समयावधि में सम्पूरित करने के बाद आज इसका सफल संचालन किया गया। अधिशासी निदेशक सीआर महापात्रा ने रोटरी फर्नेस के कैपिटल रिपेयर के कार्य से जुड़े संबंधित विभागों को बधाई दी तथा कहा कि यह उपलब्धि बीएसएल की टीम द्वारा किए गए उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, कुशल योजना, और अद्भुत समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# प्रतिदिन सीओ सुनेंगे आम लोगों की समस्या : उपायुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अंचलों में जमीन का म्यूटेशन नहीं होने, जमीन की मापी में परेशानी, जमीन का पारिवारिक बंटवारा एवं अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों की शिकायत एवं समाधान की अपेक्षा में आम लोगों को रोजाना अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता हैं। सही समय पर अंचल अधिकारी से मुलाकात नहीं होने पर आमजनों को परेशानी होती है।

इसी को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया है कि प्रत्येक मंगलवार के अतिरिक्त कार्यालय दिवस पर प्रतिदिन अपराह्न 01:00 से 02:00 बजे तक आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, इसकी जानकारी से संबंधित आम सूचना अंचल अधिकारी अपने कक्ष के सामने, सूचना पट्ट पर तथा परिसर में होर्डिंग द्वारा प्रदर्शित करेंगे एवं व्यापक प्रचार झ प्रसार कराएंगे।

वहीं, भूमि सुधार उप समाहर्ता अपने अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी अंचलों का सत्तत पर्यवेक्षण करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक अंचलाधिकारी द्वारा लोगों की समस्या सुनी जा रही है एवं उनका समाधान किया जा रहा है।

यदि ऐसा मामला प्रकाश में आता है कि आम लोगों की समस्या सुनने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है, तो इसकी समीक्षा कर समेकित प्रतिवेदन अपर समाहर्ता को उपलब्ध कराएंगे।

## चोर गिरफ्तार

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत आसनबनी गांव में देर रात तीन घरों में चोरी करने के बाद एक चोर चौथे घर में पकड़ा गया, जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल रहे। ग्रामीणों ने पकड़े गए अपराधी तनवीर अंसारी उर्फ डब्लू, पिता हकीमुद्दीन अंसारी, ग्राम आसनबनी को गोविंदपुर पुलिस के हवाले कर दिया । इस संबंध में आसनबनी गांव के राजेश मंडल, कृष्णा मंडल, तपन मंडल एवं सुरेंद्र मंडल ने गोविंदपुर पुलिस को आवेदन दिया है पुलिस पकड़े गए अभियुक्त से पूछताछ कर रही है। उसके पास से चोरी का एंड्राइड मोबाइल भी बरामद हुआ है। बताया जाता है कि तनवीर अंसारी व उसके साथियों ने पहले सुरेंद्र मंडल के घर धावा बोला इसके बाद कृष्णा मंडल के घर से नकद 11 हजार, राजेश मंडल के घर से नकद 8.5 हजार एवं एंड्रॉयड फोन चुरा लिए इसके पूर्व भी कृष्णा मंडल के घर से 20500 की चोरी हुई थी। तीन घरों में धावा करने के बाद अपराधियों ने तपन मंडल के घर धावा बोला संयोगवश तपन मंडल लघुशंका के लिए उठा था उसने अपराधियों को देख लिया फिर हल्ला होने पर तपन मंडल का भाई भी जग गया और परिवार के सदस्यों ने तनवीर अंसारी को पकड़ लिया, जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल रहा।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये भगवान बिरसा मुंडा, लोगों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो/धनबाद।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय जैनामोड़ में मनाई गई। देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा एक सामान्य गरीब परिवार में जन्म लेकर अभाव के बीच रहकर किसी का भगवान हो जाना है। कोई सामान्य बात नहीं है। मात्र 25 वर्ष के जीवन काल में तमाम अभाव, मानसिक और शारीरिक यातनाओं के बीच अपने बचपन से लेकर भगवान बनने तक की इस यात्रा को धरती आबा बिरसा मुंडा ने पूरा किया।

भगवान बिरसा मुंडा ने समाज के लिए जीवन जिया। अपनी संस्कृति और अपने देश के लिए अपने प्राणों का परित्याग कर दिया।

अंग्रेजी हुकूमत और विदेशी धर्म के खिलाफ उलगुलान करनेवाले स्वाधीनता की लड़ाई के महानायक, माँ भारती के वीर सपूत, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा शंकर रजक,जय नारायण मरांडी, प्रखंड महामंत्री सुनील मंडल, बैजनाथ नायक, सुमित कुमार, प्रकाश कुमार,वकील कुमार शामिल हुए।




**धनबाद से संवाददाता के अनुसार** सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 125 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया।धनबाद के हृदयस्थल बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं अन्य सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान किया था। उलगुलान की ही ताकत थी कि अंग्रेज उनके आगे झुके और आदिवासियों की जमीन की रक्षा के लिए छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लागू किया गया। वे आम लोगों के बीच इतने लोकप्रिय हुए कि उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया. वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य बना, तो झारखंड स्थापना दिवस के लिए उनके जन्मदिवस 15 नवंबर को चुना गया। भारत सरकार उनकी याद में डाक टिकट भी जारी कर चुकी है। भगवान बिरसा के बताये मार्ग पर चलकर ही झारखण्ड का विकास संभव है। निर्भय सिंह, जीलाखन सिंह, सुमित कुमार ,बिल्लू सिंह सरदार ,बसंत तिवारी ,पिंटू मोदी, राजा तिवारी शकील खान उपस्थित थे।

इसी तरह भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर बिहार कोलयरी कामगार यूनियन बैंक मोड़ स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा लगाया। बीसीकेयू के संयुक्त महामंत्री हरी प्रसाद पप्पू ने कहा बिरसा मुंडा की लड़ाई, संघर्ष आज भी काफी महत्व रखता है।

निश्चित रूप से भाजपा की सरकार नये रूप से सम्राजवादी शक्तियों को ला रही है। यह देश बिसुद्ध रूप से एक प्राथमिक गुलामी की और जा रही है ! बिरसा मुंडा का बलिदान को याद करते हुए एक बार फिर इस लड़ाई को लेकर आगे बढ़ना है तभी भारत वर्ष मे शोषण मुक्त समाज का निर्माण हो सकता है ! मौके पर राणा चट्टराज, भूषण महतो, नन्दलाल महतो, रविन्द्र सिंह, रवि शंकर सिंह, टीपू सुल्तान, गोबिन्द महतो, अखिलेश महतो, अशोक राम,श्याम बाबू कुमार, रविन्द्र सिंह, जय भुईया, आदि शामिल थे।

# विधायक ने किया दैहर में कालीकरण सड़क निर्माण का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**चौपारण (हजारीबाग)।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने सोमवार को दैहर पंचायत अंतर्गत ग्राम हथिन्दर से भदान तक लगभग तीन किलोमीटर लंबी कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित योजना के पूरा होने से स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास की गति को बल मिलेगा।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सड़क सिर्फ हथिन्दर और भदान गांवों को ही नहीं जोड़ेगी, बल्कि आसपास के अन्य गांवों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी, जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने यह विश्वास भी दिलाया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु लगातार जनहितैषी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में भाजपा नेता कैलाश पांडेय, आशीष सिंह, जन्मजेय सिंह, अशोक पासवान, बबन सिंह, अनिल पांडेय, दिलीप पांडेय, नरेश दांगी, अनिल दांगी, अभिमन्यु सिंह समेत कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल पर विधायक का आभार जताया और उम्मीद जताई कि यह सड़क विकास की एक नई शुरूआत साबित होगी।

# सुगम्य निर्वाचन पर जिला निगरानी समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमिटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन (सुगम्य निर्वाचन पर जिला निगरानी समिति) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में सुगमता से जोड़ने, उनके लिए सभी मतदान केंद्रों में रैंप, व्हीलचेयर सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक से अधिक डिस्ट्रिक्ट आइकन का चयन करने, कौन दिव्यांग मतदाता बूथ तक आ सकते हैं या नहीं, की मेपिंग करने, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रत्येक गुरुवार को सदर अस्पताल में कैंप लगाने का निर्देश दिया। साथ ही विशेष कैंप लगाकर मिशन ऑफ चैरिटीज में रहने वालों का आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड बन जाने के बाद उसका सत्यापन कर वोटर कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

## मानसून से पहले चास सिंगारी जोरिया की हुई सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** मानसून में नगर निगम चास क्षेत्र में जल जमाव की समस्या नहीं हो इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर नगर निगम चास द्वारा सोमवार को सिंगारी जोरिया की निगम के सफाई कर्मियों की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

उधर, शहर के विभिन्न नालों की साफ-सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम चास की ओर से कार्य जारी है। बारिश में शहरवासियों को होने वाली समस्याओं के निजात के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों/जोरिया से जमे गाद/गंदगी को निकाला जा रहा है। ताकि विभिन्न वार्डों में जल जमाव ना हो और बारिश के पानी की निकासी सुगमता के साथ हो सके। स्वयं अपर नगर आयुक्त चास पूरे मामले की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। सफाई कार्य को मजदूरों के अलावा जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के माध्यम से पूर्ण करने का काम किया जा रहा है।

# झारखंड में 70 हजार संविधान रक्षक तैयार करेगी कांग्रेस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 2 मोड स्थित ज्योतिबा फुले मैदान में कांग्रेस पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में झारखंड के प्रदेश प्रभारी डॉ के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सहित बोकारो जिले के विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

इस दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर से संविधान को बचाने के लिए गांव-गांव तक संविधान के प्रस्तावना को पहुंचने की बात कही। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है। ऐसे में संविधान को बचाने की जरूरत है। क्योंकि जिस संविधान को बाबा साहब अंबेडकर ने बनाने का काम किया, उसको और उसके द्वारा प्रदान की गई शक्ति वाली संस्थाओं को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि हमें संविधान को बचाने के लिए झारखंड में 70 हजार संविधान रक्षक चाहिए। जिसे हम बनाने का काम कर रहे हैं। हम गांव-गांव तक संविधान बचाने के लिए जाएंगे और इसी कार्यक्रम को लेकर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर भी तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि और हम पार्टी को शहर से लेकर गांव और वार्ड से लेकर पंचायत तक मजबूत करने का काम करेंगे।

# चौरसिया समाज की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला चौरसिया समाज की बैठक संरक्षक सुशील कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष सह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, आनंद चौरसिया, महासचिव प्रमोद चौरसिया, कोषाध्यक्ष, श्रवण चौरसिया ने संगठन को मजबूत करने एवं नई दिशा प्रदान करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। आनंद चौरसिया ने कहा कि आज समयानुसार संगठन को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा यह कार्य सिर्फ जिले तक ही सीमित नहीं होगा, बल्कि हम समाज बंधुओ के उत्थान और समस्याओं के समाधान के लिए ब्लॉक स्तर पर पहुंचेंगे। आगे उन्होंने कहा कि समाज के वैसे मेधावी छात्र छात्राओं के लिए भी समाज हमेशा खड़ा है' जिसे पठन पाठन में आर्थिक मदद की जरूरत है।

समाज वैसे छात्रों को समाज विशेष रूप से सहायता प्रदान करेगा। ताकि वे अपने मेहनत और लगन से समाज का नाम रोशन कर सके। यही नही उन्होंने कहा कि आगामी होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए भी विशेष रूप से चर्चा की गई। जिसमें पूरा चौरसिया समाज संगठित रूप से किसी एक उम्मीदवार को अपना मत प्रदान करेंगे।

वहीं महासचिव प्रमोद चौरसिया एवं सुशील चंद्र ने संयुक्त रूप से समाज के ओर से सामाजिक कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुए समाज के साथ हर समय खड़ा रहने की बात कही।

बैठक में मुख्य रूप से आदर्श चौरसिया युवा महासभा के राष्ट्रीय सचिव सुशील कुमार चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार सह उप संपादक,आर एन चौरसिया,अनूप चौरसिया, गौतम चौरसिया, विष्णु चौरसिया, पंकज चौरसिया, संजीव चौरसिया, सुबोध चौरसिया समेत धनबाद चौरसिया परिवार के विभिन्न क्षेत्र से दर्जनों लोग मौजूद थे।

# प्रतिभाएं शहर से ही नहीं, गांव से भी निकल सकती है : डॉ अनिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोबिंदपुर।** गोविंदपुर एसएनएमएमसीएच, धनबाद के पूर्व अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि प्रतिभाएं नगरों-महानगरों से ही नहीं, गांव से भी निकल सकती हैं इसे गोविंदपुर के अभिनीत एवं अंकिता ने साबित कर दिया डॉ. अनिल सामाजिक संस्था विकास फोरम द्वारा हरदेवराम पुस्तकालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे उन्होंने जैक बोर्ड के इंटर साइंस में स्टेट टॉपर अंकिता दत्ता एवं जेईई एडवांस में ऑल इंडिया रैंक 101 लाकर सेकेंड स्टेट टॉपर अभिनीत पांडेय को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो के साथ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया !

इस मौके पर अभिनीत के माता-पिता प्रीतम कुमार पांडेय एवं पोम्पी पांडेय, दादा विजय पांडेय, अंकिता के माता-पिता प्रलय कुमार दत्ता एवं मालती देवी को भी सम्मानित किया गया अध्यक्षता फोरम अध्यक्ष बासुदेव गोस्वामी, संचालन सचिव एसएन लाल त्यागी एवं धन्यवाद ज्ञापन विवेकानंद पांडेय ने किया विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता जया कुमार ने कहा कि मैं दोनों प्रतिभाओं की मां को नमन करती हूं, जिन्होंने अपनी कोख से अनमोल रत्न को जन्म दिया सेवा भारती के जिला सचिव आलोक प्रकाश, प्रवीर चटर्जी, सुमिता चटर्जी, जय प्रकाश मिश्र, कृष्णा गिरि, रामचंद्र मिश्र, बैजनाथ राम, सुरेश चौधरी, कमलदेव मंडल, जयजीत मुखर्जी, डॉ. घनश्याम मिस्त्री, आरके सिंह, विमल शर्मा, सुरेश शर्मा, शंकर रविदास, केपी सिंह, विनोद आनंद, विनोदानंद सिन्हा, उज्जवल मंडल, जयानंद लाल, आराध्या, संचिता, प्राची आदि ने भी विचार रखे !

## दमकाड़ा बरवा बाउरी टोला में अपूर पाठशाला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के बरवाअड्डा गांव के सामुदायिक भवन में सोमवार को जन जागरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के समिति से अपूर्व पाठशाला का उद्घाटन हुआ। जो समिति द्वारा शुरू की गई। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल ने कहा कि गांव की भाषा बंगला है इसलिए बच्चों को बंगला भाषा में पढ़ाई जरूरी है। मौके पर भादुरानी मंडल, चाइना मंडल, मीना बाउरी ,पुष्पा मंडल, अंजू बाउरी ,मामूनी बाउरी, कल्पना बाउरी, कलावती बाउरी, वंदना मंडल, सुंदरा बाउरी, पवीता बाउरी, सुशीला बाउरी, सुफल बाउरी ,लालू प्रसाद, अंजनी बाउरी, बिजला बाउरी, सुशीला देवी राखी, लक्ष्मी मौजूद रही।

# साहित्य परिषद की मासिक काव्य गोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की मासिक कवि गोष्ठी लोहांचल में प्रो० पी एल वर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी की शुरूआत में माँ भारती के चरणों में पूष्पांजली एवं दीप प्रज्वलित कर विशिष्ट अतिथि जगन्नाथ शाही परिषद् के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार राय एवं महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी 'विकल' ने सामुहिक रुप से की।गोष्ठी के आयोजन में सहयोग के लिए विशिष्ट अतिथि जगन्नाथ शाही ने शशिभूषण विश्वकर्मा को अंग बस्त्र एवं गीता पुस्तक देकर परिषद् की ओर से सम्मानित किया।

श्री शाही ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पन है,परिषद् सतत बोकारो में साहित्य सम्मेलन एवं साहित्यकारों की गोष्ठी करती आ रही है।गोष्ठी का कुशल संचालन हास्य एवं व्यंग्य के शानदार सामंजस्य से लव कुमार ने करते हुए सभी की तारीफ पायी । कार्यक्रम की शुरूआत परिषद् के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने मंगलाचरण से की।कनक लता राय की वर दे वीणावादिनी वर दे,आशा पुष्प की शहीद,डी एन सिंह की सिंदुर का शौर्य,डॉ एन के राय की हे चौहान खोलो चक्षु ज्ञान,श्रीकांत सिंह की ये राजा जी गाकर सबों की वाहवाही लूटी। कस्तुरी सिन्हा की मेरे लाल,ज्योतिर्मय डे की भेड़िया, रेणुका सिन्हा की प्रतिकार प्रकृति का, करुणा कलिका की तुम बोलो या ना बोलो, सुनकर सभी श्रोता गदगद हो गये। अमृता शर्मा की कविता क्या है, दीनानाथ की कश्मीर,प्रभात एम नायर की बोकारो शहर काफी सराहनीय रहा।डॉ रंजना श्रीवास्तव की महिला श्रमिक,व्यंकटेश शर्मा की दोस्ती का आलम,प्रिति प्रियंवदा की अफवाह, आर एन सिंह की शहर बोकारो काफी चर्चा रही।अंकित उपाध्याय आखिरी सीढ़ी,ए के साहा की दल या देश के अलावे परिषद् के प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक,डॉ परमेश्वर लाल वर्णवाल,राम वनन प्रसाद, शीला प्रसाद,शैलेष सिन्हा, विक्रम सिंह ने भी कविता पाठ किया। धन्यवाद् ज्ञापन शशिभूषण विश्वकर्मा ने की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादकः मनोज विशाल
फोन नंबरः 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com

C M Y K